फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 342, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 15

एक नजर

यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन



भोपाल। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। कुरैशी अविवाहित थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

नई दिल्ली। फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया।

अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल ऐसे समय में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे जब संसद में 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था।

विधायकों की अयोग्यता पर 7 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-उद्धव ठाकरे (यूबीटी) की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यूबीटी गुट की ओर से शीघ्र सुनवाई करने की गुहार पर पीठ ने सहमति व्यक्त करते हुए मामले को सात मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, एनआईए की टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को बम धमाके से 10 लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को हुआ धमाका कम तीव्रता का था और उसमें टाइमर लगा हुआ था। जांच के लिए एनआईए की टीम विस्फोट स्थल पर पहुंच गई है। बम और फोरेंसिक टीमें भी जांच में सहायता कर रही हैं।

शिवकुमार ने राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर के साथ घटनास्थल का दौरा किया और बाद में अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने गए। शिवकुमार ने बताया कि धमाका अपराह्न करीब एक बजे हुआ। 28 से 30 वर्ष का एक युवक कैफे में आया और काउंटर पर रवा इडली खरीदने के बाद अपना बैग छोड़कर चला गया। बैग रखने के करीब एक घंटे के बाद धमाका हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कम तीव्रता का बम धमाका था। उसने (व्यक्ति) एक घंटे के बाद धमाका होने के लिए टाइमर लगाया था। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है। एक चश्मदीद एडिसन ने कहा कि मैं अपनी बारी के इंतजार में कैफे के बाहर खड़ा था, तभी हमने एक तेज आवाज सुनी। हम डर गए लेकिन हमें पता नहीं चला कि दरअसल हुआ क्या। उस समय वहां करीब 35-40 लोग थे। वे सभी बाहर भागने लगे।

- बैग में रखे बम में लगा था टाइमर जांच टीमें सुराग ढूंढने में जुटीं

इस साल पड़ेगी अधिक गर्मी

नई दिल्ली। इस वर्ष गर्मी के मौसम की शुरूआत काफी अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा पूरे मौसम के दौरान अल-नीनो परिस्थितियों के बने रहने का अनुमान है। उत्तर-पूर्व प्रायद्वीपीय भारत-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र एवं ओडिशा के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विभाग ने कहा कि देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश के ज्यादातर हिस्सों में मार्च और मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।

बंपर खरीदारी से शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर

1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ हो चुका है।

संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने

ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।

राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी

राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

ईडी ने जब्त की हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इस मामले में एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है।

सूत्रों के अनुसार ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है। टिबरेवाल दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है।

पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से खत्म किया समझौता : पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

- वित्तीय खुफिया ईकाई ने की कार्रवाई, बैंक की बढ़ीं मुश्किलें

मिलक एसडीएम का पेशकार 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : तहसील मुख्यालय में तैनात एसडीएम के पेशकार को एंटी करप्शन (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) की टीम ने रिश्वत लेते दबोच लिया। इस दौरान पेशकार की टीम से काफी देर नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम उसे अपने साथ ले गई।

क्षेत्र के गांव निपनिया निवासी भगवत सरन कृषि भूमि को आबादी में दर्ज कराना चाहता था। उसने इसके लिए एसडीएम न्यायालय में वाद दाखिल किया था। बताया कि काफी दिन बाद जब भगवत सरन ने एसडीएम के पेशकार जुनैद से पूछताछ की तो उसने 30 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा, 20 हजार रुपये देने तय हुए।

किसान ने शुक्रवार को रुपये देने का वादा किया। इस बीच भगवत सरन ने मुरादाबाद स्थित एंटी करप्शन कार्यालय में क्षेत्राधिकारी को मामले की जानकारी दी तो टीम सक्रिय हो गई। मिलक तहसील में शुक्रवार को भगवत सरन ने जैसे ही पेशकार जुनैद को रुपये दिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया और कोतवाली मिलक ले गई जहां कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जुनैद तहसील मिलक के गांव खाता नगरिया का निवासी है।

- एंटी करप्शन की टीम ने मिलक तहसील में आरोपी को रंगे हाथों दबोचा
- कृषि भूमि को आबादी में दर्ज कराने के लिए किसान से मांगे थे रुपये

प्राथमिक शिक्षक की भर्ती में संस्कृत से टीईटी मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को पलटा

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10000 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित पात्रता को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, उक्त पद पर याची की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया गया था कि याची ने संस्कृत भाषा में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

राम मंदिर न्यास की जानकारी देने का आदेश खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से संबंधित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन का जिम्मा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालता है। उच्च न्यायालय ने गत 28 फरवरी को सीबीडीटी की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा

शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।

- भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य

एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।

लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। - **चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- 500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार
- एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।
- 25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।
- 1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।
- 10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे। - **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री छह दुकानों का लोकार्पण करेंगे सुबह 10 बजे।

☞ रजा डिग्री कॉलेज में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन सुबह 10 बजे।

एक नजर

एनएएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

रामपुर, अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख ने एनएसएस के आदर्शों को जीवन मे उतारने पर बल दिया। कहा कि अपैक्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन कई वर्ष से सामाजिक कार्य करने में अग्रणी है। अपैक्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ग्राम धुरयाई में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। जिसमें शिविरार्थियों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख और कॉलेज के प्रबन्धन सदस्य अजय वीर सिंह रहे। निदेशक डॉ. मनदीप सिंह ने शिविरार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए उनको समाज की भलाई के लिए आगे बढ़ते रहने को कहा। इस अवसर पर शिविरार्थियों द्वारा कौशल को विकसित करने से सम्बंधित नाटक का मंचन किया गया। प्रचार्या डॉ. लाजमीत कौर ने शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दीं। समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार ने सभी को धन्यवाद प्रस्तुत किया।

डा. आंबेडकर के बोर्ड के पास दी छात्र को श्रद्धांजलि

तीजे के दौरान श्मशान घाट पर तैनात रहे अधिकारी, मृतक के परिजन बोले-प्रशासन की मिलीभगत से खुलेआम घूम रहे आरोपी

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : सिलईबड़ा गांव में मृतक छात्र का शुक्रवार को तीजा संस्कार के दौरान एसडीएम और सीओ पुलिस बल के साथ श्मशान घाट और डा. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड का घेराव किए रहे। चार घंटे तक चले तीजा संस्कार के दौरान लोगों ने अधिकारियों की नजर के सामने संस्कार कराए। इसके बाद सभी लोग घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को घटना स्थल पर लगे डा. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड के पास जाने से रोक दिया। काफी जद्दोजहद के बाद मृतक के पिता और छोटा भाई बोर्ड के पास पहुंचे और सुमेश की तस्वीर रखकर पूजा की। पुष्प अर्पित कर रोते-बिलखते श्रद्धांजलि दी। बाकी सभी लोगों ने घटनास्थल के बाहर खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण किया और दूर से ही हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि दी।

मृतक को श्रद्धांजलि देते पिता और भाई।

गांव में तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

उल्लेखनीय है कि सिलईबड़ा गांव में आंबेडकर पार्क के बोर्ड को हटाने पहुंचे तहसील प्रशासन की मौजूदगी में 17 वर्षीय सुमेश की गोली लगने से मौत हो गई थी। करीब 17 घंटे चले बवाल के बाद छात्र का अंतिम संस्कार हुआ था। इससे पहले परिजनों ने सात मांगे रखीं। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक मुनिराज जी, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सभी मांगों को मानते हुए दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया और न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने के कारण परिजनों में आक्रोश है।

परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार से पहले अधिकारियों ने मांगों को शीघ्र पूरा करने एवं दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। तीन दिन बीत गए लेकिन आश्वासन देने वाले अधिकारियों ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रशासन द्वारा उन पर दबाव बनाया जा रहा है। ड्रोन कैमरे से उनके घरों की निगरानी की जा रही है। मृतक के परिजनों से लोगों को मिलने नहीं दिया जा रहा है। मृतक के परिवार के लोग को इकट्ठा नहीं होने दिया जा रहा है। ताकि वह आपस मे बातचीत कर अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्णय ले सकें। बस्ती में पहले कभी बिजली के बल्ब नहीं लगाए गए। अब उनकी निगरानी रखने के लिए सड़कों पर बिजली के बल्ब लगाए जा रहे हैं। आरोप लगाया कि शुक्रवार को तीजे के दौरान अधिकारी उनके साथ रहे। मृतक की फोटो पर सिर्फ पिता और भाई के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा परिवार व अन्य लोगों को मृतक के फोटो पर पुष्प भी अर्पित नहीं करने दिए गए। प्रशासन आचार संहिता लगने तक घटना को दबाए रखना चाहता है। बताया कि आरोपी प्रशासन की मिलीभगत से खुलेआम गांव में घूम रहे हैं। प्रशासन की इस गतिविधि से वह सुरक्षित नहीं हैं। मिलक के तत्कालीन एसडीएम अमन देओल व आरोपी पुलिसकर्मियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए। आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल में डालें। शनिवार तक यदि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो पीड़ित परिवार आगे की रणनीति तैयार करेगा।

घटना में घायल हुई महिलाओं का घर पर चल रहा इलाज

सिलईबड़ा गांव में डा. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड को हटाने पहुंचे एसडीएम के आदेश पर महिलाओं और बच्चों पर पुलिस ने लाठी बरसाई थीं। घायल इंद्रा देवी ने बताया कि लाठी से उनके बाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया। इसका इलाज वह घर पर ही कर रही हैं। तीजा संस्कार होने के बाद वह शनिवार को अस्पताल जाकर अपना इलाज कराएंगी। बताया कि उसके साथ वीर सिंह, सर्वती, संजयवती, आशा आदि महिलाएं भी चोटिल हुई हैं। इलाज के अभाव में सभी दर्द से कराह रही हैं।

सिलईबड़ा के दोषियों के खिलाफ जल्द हो कार्रवाई : सचिन

मिलक, अमृत विचार : अखिल भारतीय बाल्मीकि महापंचायत के जिलाध्यक्ष सचिन कुमार के आवास पर शुक्रवार की शाम को बैठक हुई। इसमें सुमेश की हत्या की निंदा की गई। कहा कि आज भी दलित समाज से घृणा की जा रही है।

बैठक में जिला प्रभारी सुकश्य आंबेडकर ने दो मिनट का मौन धारण किया तथा मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन अगर संयम से मामले को सुलझाता तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती। लेकिन एसडीएम अमन देओल ने अपनी हठधर्मिता से गोली चलवाकर घटना को अंजाम दिया। दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान गुलशन, धर्मपाल, सईद खां, आकाश, संजय, मुकेश, शानू, विमला, ममता, राखी, सुनीता, साहिल, राहुल आदि मौजूद रहे।

मृतक के परिजनों से बात करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री नवेद मियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शुक्रवार को सिलई बड़ा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक दसवीं के छात्र 17 वर्षीय सुमेश के माता-पिता और भाईयों से हमदर्दी का इजहार किया और इंसाफ का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां, राजा खां और फरीद खां भी मौजूद रहे।

सिलईबड़ा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराएं

रामपुर, अमृत विचार : संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सिलईबड़ा प्रकरण की मंडलायुक्त से निष्पक्ष कराए जाने की मांग की है। कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति के प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने शुक्रवार की रात सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा के माध्यम से मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव में परिजनों की मांग के अनुसार छात्र की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। प्रकरण की जांच उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में सत्यपाल सिंह सागर, बंशी लाल, रामौतार, राजेश खन्ना, राजा राम अम्बेडकर, एसके गौतम आदि शामिल रहे।

गांव सिलईबड़ा की घटना पर जताया विरोध

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : मिलक में हुई घटना को लेकर कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तहसील में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मृतक छात्र के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और दोषियों को बर्खास्त कर जेल भेजने की मांग की।

शुक्रवार को कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीब सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता तहसील भवन पहुंचे। उन्होंने गांव सिलईबड़ा में हुई घटना पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित अपना ज्ञापन तहसीलदार निश्चय कुमार को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकारी भूमि पर बाबा साहब के बोर्ड को हटवाने पहुंचे प्रशासन ने दलित छात्रा सुमेश कुमार के गोली मारकर हत्या कर दी। दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन ने जानबूझकर दलित समाज के लोगों पर लाठीचार्ज और फायरिंग की। इसमें 10वीं के छात्र सुमेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दोषी पुलिस वालों को बर्खास्त कर जेल भेजा जाए। मृतक की मूर्ति उसी पार्क में लगवाई जाए। मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपये की सहायता दिलाई जाये। ज्ञापन देने वालों में राम औतार, अनमोल सागर, राहुल दिवाकर, रवि बाल्मीकि, सुशील कुमार, निखिल सागर, राकेश कुमार, राजा सिंह, सुशील कुमार, राकेश कुमार, राहुल समार, अनमोल कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर केमरी रोड पर हरिनगर में राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश बाल्मीकि की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें चेताया गया कि प्रशासन मामले की गहनता से जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाए। परिवार को सहायता के तौर पर एक करोड़ रुपए मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इस मौके पर राहुल, नरेश बाल्मीकि, ज्योति अग्रवाल, प्रमोद बाल्मीकि, दिनेश कुमार, रागिनी बाल्मीकि, मोनिका देवी, प्रीत बाल्मीकि, काजल, सोनम, संगीता आदि मौजूद रहीं।

तहसीलदार को ज्ञापन देते कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **कांग्रेस अनुसूचित मोर्चे ने सौंपा ज्ञापन, राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ ने की बैठक**

शोक सभा करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता और ग्रामीण। ● अमृत विचार

जताया शोक, सुमेश को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, शाहबाद

▸▸ **भीम आर्मी ने की एक करोड़ रुपये की सहायता देने की मांग**

अमृत विचार : तहसील मिलक के ग्राम सिलईबड़ा गांव में डा. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगाने को लेकर हुए बवाल में दलित किशोर की गोली लगने से हुई मौत पर ग्रामीणों ने शोक सभा की। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुनील सागर के नेतृत्व में मधुकर गांव के बौद्ध बिहार में हुई शोकसभा में मृतक सोमेश को श्रद्धांजलि दी गई।

सुमेश को शहीद का दर्जा देने और परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुमेश का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। सिलईबड़ा में हाथरस कांड दोहराने का प्रयास किया गया। इसे भीम आर्मी ने होने नहीं दिया। इस मौके पर मंडल महामंत्री ब्रजेश, दिनेश पाल, अजय आजाद, अरविंद कुमार, महेश कुमार, बाबूराम, हरज्ञान सिंह, एमपी सिंह, फूल सिंह आदि रहे।

छात्र के परिवार को दिया जाए एक करोड़ रुपये का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय आंबेडकर सभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार की दोपहर सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मृतक छात्र के परिजनों को मुआवजा दिलाने और प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच कराने की मांग की।

शुक्रवार की दोपहर भारतीय आंबेडकर सभा के जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि परीक्षा देकर लौट रहे दलित समाज के होनहार छात्र सुमेश की गोली लगने से घटनास्थल पर मौत हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत चिंताजनक है। हत्या एवं एससी-एसटी एक्ट लगाकर निष्पक्ष रूप से जांच कराई जाए। मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये, सरकार नौकरी व घायलों को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाए। ज्ञापन देने वालों में अविनाश तपन, धर्म कुमार बाल्मीकि, संदीप कुमार, नीरज कुमार और आशीष आदि शामिल रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मृतक सुमेश की मां को सांत्वना देतीं प्रबुद्ध महिला संगठन की पदाधिकारी।

सांत्वना देने वाले लोगों का लगा रहा तांता

मिलक, अमृत विचार : शुक्रवार को प्रबुद्ध महिला संगठन की टीम मृतक के घर पहुंची और घटना पर रोष जताया। प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रभा गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार दलितों के साथ पशुओं जैसा व्यवहार कर रही है। दोषी एसडीएम को बर्खास्त न करके योगी सरकार तानाशाही पर उतारू है। दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई संगठन प्रत्येक जिले में धरना-प्रदर्शन करेगा। बरेली की जिलाध्यक्ष दीपा आर्य, गीता सिंधु आदि मौजूद रहीं। कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला मुरादाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड थान सिंह के नेतृत्व में मृतक छात्र सुमेश के गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के प्रदेश सचिव अधिवक्ता कामरेड विक्रम सिंह, जिला प्रभारी कामरेड शब्बू खां और हरिराम बाबा शामिल थे। उन्होंने परिजनों द्वारा की गईं मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई।

खुशी सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने उत्तराखंड सिंचाई विभाग को भेजा प्रस्ताव

फसलों की सिंचाई को मिलेगा 300 क्यूसेक पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गर्मी के मौसम में किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए 300 क्यूसेक पानी मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने उत्तराखंड सिंचाई विभाग से 300 क्यूसेक पानी मांगा है। अधिकारियों का कहना है कि हरिपुरा जलाशय के जरिए जनपद की नहरों को पानी की आपूर्ति होती है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार मौजूदा समय में उत्तराखंड में बोर 783 फीट और हरिपुरा जलाशय में 78.2 फीट जलस्तर है। इसमें से 60 प्रतिशत पानी रामपुर जनपद को दिया जाता है। 40 प्रतिशत पानी उत्तराखंड का सिंचाई विभाग अपने लिए रखता है। रामपुर के लिए पानी बोर और हरिपुरा से छोड़ा जाता है। यह लालपुर के बैराज से होता हुआ नहरों के जरिए जिले में प्रवेश करता है। नहरों के जरिए सिंचित क्षेत्रों में चला जाता है। यूपी में खेती के लिए जमीन ज्यादा होने के कारण यहां पानी की भी ज्यादा जरूरत होती है। जनपद में 65000 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र है। इसमें किसान फसल की पैदावार करके अपनी आजीविका चलाते हैं। धान की रोपाई के लिए किसान चिंतित है। पानी न होने के कारण किसान परेशान हैं। नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। इससे नहरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई विभाग ने उत्तराखंड के उधमसिंह नगर क्षेत्र के गूलरभोज स्थित हरिपुरा और बोर जलाशय से पानी मांगा है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर सिंचाई विभाग को पत्र भेजा गया है।

लालपुर के निकट नहर में बहता पानी। ● अमृत विचार

जिले में हैं छोटी-बड़ी 97 नहरें

जनपद में 97 नहरों के जरिए पानी की आपूर्ति खेतों तक जाती है। हरिपुरा और बोर जलाशय से नदियों का बहाव तेज होता है। इस तरह पानी का बहाव नहरों से होता हुआ सिंचित क्षेत्र तक जाता है। कोसी में साढ़े 100 क्यूसेक, भाखड़ा 50, डकरा नहर में 150 क्यूसेक की मांग की गई है।

> उत्तराखंड के सिंचाई विभाग से 300 क्यूसेक पानी मांगा गया है। ऊधमसिंह नगर के हरिपुरा जलाशय के जरिए पानी की आपूर्ति जनपद को जाती है। पिछले साल भी पानी के लिए लिखा गया था। इसके बाद पानी मिला था। पानी मिलने से किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।
> **-सियाराम, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग**

मिलक, स्वार व बिलासपुर में बनेंगे चार जन आरोग्य मंदिर

रामपुर, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले की तीन तहसीलों में जन आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इसके लिए विभाग द्वारा जमीन को चिन्हित किया जाएगा। इनके बनने से संख्या 216 हो जाएगी। वर्तमान में 212 संचालित हैं।

जिले में बने वेलनेस सेंटरों को जन आरोग्य मंदिरों का नाम दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के मकसद से जगह-जगह पर वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। जिनको बाद में जन आरोग्य मंदिर नाम दे दिया गया। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने बताया कि जनपद में चार और जन आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है। जमीन तलाश के बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। यह मिलक, स्वार और बिलासपुर में जन आरोग्य मंदिर बनने हैं। इसके लिए जमीन को चिन्हित किया जाना है। जल्द ही जमीन मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

छात्राओं को सभी विषयों का मूल ज्ञान होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अतुल शर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी विषयों मूल ज्ञान होना आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। इसी आधार पर पाठ्यक्रम की तैयारी चेक करते रहना चाहिए।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से हिंदी विषय की सामान्य ज्ञान प्रतियिगिता का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनीता देवी और डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उनके अन्दर सदभावना, विकसित होती है। साहित्य सम्बन्धी प्रतियोगिताएं मानसिक उन्नति में भी सहायक हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जया, डॉ. गोविन्द, डॉ. मनोरमा एवं डॉ. प्रीति ने कक्ष निरीक्षक और डॉ. सबीहा परवीन तथा डॉ. अंकिता ने कॉपी चेक की। डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. अनीता कन्नोजिया एवं डॉ. निशात बानो ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ **हिंदी विषय की सामान्य ज्ञान प्रतियिगिता का हुआ आयोजन**

परास्नातक में पहले स्थान पर रही काजल

परास्नातक में पहले स्थान पर काजल और दूसरे पर फरहाना बी रहीं। तीसरे स्थान पर आरिफा एवं उर्मिला रही। स्नातक में प्रथम स्थान पर कीर्ति शर्मा, दूसरे स्थान पर प्रीति सैनी और तीसरे स्थान पर ज्योति रानी रही। सांत्वना पुरस्कार प्रिया भारती को मिला।

एक नजर

अब्दुल्ला के दो पैनकार्ड मामले में आयकर अधिकारी ने दर्ज कराए बयान

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को काशीपुर से आए आयकर अधिकारी ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में विधायक आकाश सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अब गवाही की प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को अब्दुल्ला आजम खां के पैन कार्ड वाले मामले में आयकर अधिकारी विजय कुमार काशीपुर से आए। उनकी गवाही पूरी हो गई। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी।

डूंगरपुर के एक मामले में हुई सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इसमें अभियोजन पक्ष की ओर से बहस पूरी हो गई। बचाव पक्ष की बहस के लिए पांच मार्च की तारीख निर्धारित की गई है। डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने 2019 में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त कराने का आरोप लगाया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली समेत कई आरोपी हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। अब पांच मार्च को सुनवाई होगी।

हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

रामपुर, अमृत विचार : कई माह से अधिवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश में केंद्रीय संघर्ष समिति के तत्वावधान में हाईकोर्ट की बेंच की स्थापना को लेकर प्रत्येक शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहते हैं। बार एसोसिएशन के महासचिव शिव नरेश तोमर ने बताया कि हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

शराब के नशे में दो सिपाहियों ने की महिला सिपाही से छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शराब के नशे में दो सिपाहियों ने महिला सिपाही से छेड़खानी की। विरोध पर उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाली महिला सिपाही महिला अस्पताल में तैनात है। उसके मकान में चार माह से पुलिस लाइन में तैनात गरर्वित चौधरी और ललित यादव किराए पर रहे हैं। 28 फरवरी की रात दोनों सिपाहियों ने शराब पीकर शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर महिला सिपाही आ गई। उसने शोर मचाने का विरोध किया तो आरोपियों ने छेड़खानी करते हुए डंडे से महिला सिपाही की पिटाई कर दी। महिला को जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने महिला सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों सिपाहियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

> महिला सिपाही से मारपीट और छेड़खानी के मामले में दोनों सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है।
> – जितेंद्र कुमार, सीओ सिटी

आए दिन शराब के नशे में दागदार हो रही खाकी

जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाने वाली खाकी आए दिन किसी ने किसी मामले को लेकर चर्चाओं में रहती है। कई दिन से शराब पीकर उत्पात मचाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। करीब एक माह पहले शराब के नशे में एक सिपाही नाली में गिर गया था। लोगों ने उसका वीडियो वायरल कर दिया था। बाद में उसे निलंबित कर दिया था। कुछ दिन पहले राधा रोड पर एक सिपाही ने शराब के नशे में बाइक को सड़क के बीच खड़ी करके गाली बक रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद उसे भी एसपी ने निलंबित कर दिया था। कुछ माह पहले एक सिपाही ने शराब के नशे में पत्नी पर तमंचा तान दिया था। उस पर भी मुकदमा लिखा गया था। अब शराब के नशे में दो सिपाहियों ने अपने ही विभाग की महिला सिपाही से छेड़खानी करते हुए उसको पीट दिया। जनता की सुरक्षा करने वाली खाकी खुद ही शराब के नशे में उत्पात मचा रही है। दो दिन पहले ही मिलक में हुए बवाल में एक चौकी इंचार्ज और तीन सिपाहियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन से कांग्रेसियों में शोक, कुछ दिन पहले ही आजम खां के परिवार से मिले थे

अजीज कुरैशी का रामपुर से था करीबी रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल रहे डॉ. अजीज कुरैशी का शुक्रवार को निधन हो गया। इससे कांग्रेसियों में शोक छा गया। अजीज कुरैशी कुछ माह पहले ही सपा नेता आजम खां के परिवार से मिलने उनके घर आए थे। यहां उनके खिलाफ एक मुकदमा भी दर्ज हुआ था। पूर्व राज्यपाल का रामपुर से करीबी रिश्ता था। उनके कई रिश्तेदार रामपुर में हैं।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नोमान खान ने बताया कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल रहे कांग्रेस नेता डॉ. अजीज कुरैशी का शुक्रवार को इंतकाल हो गया है। उनके निधन से कांग्रेसियों में शोक छा गया। उनका रामपुर से गहरा रिश्ता था। वह समय समय पर रामपुर आते रहते थे। बजोड़ी टोला में उनकी ननिहाल थी। रामपुर के छात्रों की अच्छी शिक्षा के लिए उन्होंने मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा भी दिया था। 83 वर्ष के डॉ. कुरैशी मप्र से लोकसभा सांसद भी रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने मप्र उर्दू अकादमी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। इंदिरा गांधी के जमाने से कांग्रेस से जुड़े और उनके करीबी रहे। डॉ. कुरैशी पार्टी के विभिन्न पदों पर भी रहे। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे डॉ. कुरैशी को इलाज के लिए दिल्ली भी ले जाया गया था। कुछ दिन पहले वह वापस भोपाल आ गए थे। यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने उत्तर प्रदेश और मिजोरम में भी अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ इस राज्यपाल के पद पर सेवाएं दीं।

अजीज कुरैशी के साथ कांग्रेस के शहराध्यक्ष नोमान खां। ● फाइल फोटो

देश के बड़े नेता थे अजीज कुरैशी : मुईन

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव एवं मुरादाबाद जनपद के प्रभारी मुईन पठान ने कहा कि पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी कई बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजीज कुरैशी के निधन से देश व कांग्रेस को भारी क्षति पहुंची है। वह इंदिरा गांधी के समय से ही कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार किए जाते थे। ननिहाल की वजह से उनका रामपुर से विशेष लगाव था। बजौड़ी टोला निवासी डॉ. जफर अली खान उनके ममेरे भाई थे। उनके हस्ताक्षर के बाद ही मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान के रूप में वजूद में आया। इनके निधन से कांग्रेस और राष्ट्र को एक अच्छे नेता की कमी हमेशा महसूस होती रहेगी।

अजीज कुरैशी के साथ बैठे कांग्रेसी नेता मुईन पठान। ● फाइल फोटो

जिले में रिश्वतखोरों को रंगे हाथ पकड़ती रही है एंटी करप्शन टीम

114 दिन पहले गंज थाने में तैनात दरोगा भी रिश्वत लेते हुआ था गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ आरोपी दरोगा एक युवक से धारा हटाने के नाम पर मांग रहा था रिश्वत

अमृत विचार : काम के नाम पर रिश्वत लेने के मामले नहीं हो रहे हैं। जिले में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। 114 दिन पहले भी गंज थाने में तैनात एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट ने दरोगा को जेल भेज दिया था। अब मिलक में एसडीएम के पेशकार को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जिले में एंटी करप्शन टीम कई रिश्वतखोरों को रंगे हाथ पकड़ चुकी है।

उल्लेखनीय है कि सात नवंबर 2023 को गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर पीपलवाला में अकरम खां ने एंटी करप्शन टीम की मुरादाबाद इकाई से दरोगा द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इसके बाद एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक के नेतृत्व में टीम रामपुर आई थी। गंज थाने की चौकी पाखड़ पहुंचकर घेराबंदी कर दी थी। टीम ने शिकायतकर्ता अकरम को चौकी भेजा और चौकी इंचार्ज को 10,000 रुपये की रिश्वत दी। जैसे ही दरोगा ने रिश्वत ली वैसे ही टीम ने उसे पकड़ लिया था। जिसके बाद टीम दरोगा सुधीर कुमार सिविल लाइंस थाने ले गई थी।

अकरम की शिकायत पर पुलिस ने दरोगा के खिलाफ 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया था। अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब मिलक में एसडीएम का पेशकार 20,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया है।

अभिहित अधिकारी भी पकड़े जा चुके हैं

जिले में लोगों से काम कराने के नाम पर धड़ल्ले से वसूली का धंधा चल रहा है। नहीं देने पर अधिकारियों के बाबू काम नहीं करने की धमकी देते हैं। इसके चलते लोग परेशान होते है। जिले में कुछ समय पहले अभिहित अधिकारी ने लाइसेंस का नवीनीकरण करने के नाम रुपये मांगे थे। नहीं देने पर उसे परेशान किया जा रहा था। तब पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। इसके बाद उसे टीम ने पकड़ लिया था। इसके अलावा स्वार थाने में तैनात एक दरोगा भी पकड़ा जा चुका है। कुछ साल पहले बेसिक अधिकारी के कार्यालय में एक बाबू पकड़ा गया था। इसके अलावा बीईओ भी पकड़े गए थे।

पहले तहसीलदार का पेशकार था जुनैद

मिलक तहसील में एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेते पकड़ा गया जुनैद पहले तहसीलदार का पेशकार था। करीब एक वर्ष पूर्व जुनैद को एसडीएम का पेशकार बनाया गया था। बताया जाता है कि 29 फरवरी को पेशकार ने पीड़ित को धमकी दी थी। जुनैद ने गुरुवार को भगवत सरन को फोन किया था कि यदि वह अपना काम करना चाहता है तो शुक्रवार को हर हाल में 20,000 रुपये दे दे अन्यथा उसका काम नहीं हो पायेगा।

तहसील परिसर में मची अफरा-तफरी

एंटी करप्शन टीम ने जैसे ही एसडीएम के पेशकार को पकड़ा तो तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अपने कार्यलयों में बैठे कर्मचारियों की सांसें थम गईं। तहसील का माहौल एकदम शांत हो गया। फोन द्वारा कर्मचारी एक दूसरे से मामले की जानकारी लेते रहे।

नाबालिग को भगाने में पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट

सैदनगर, अमृत विचार : अजीम नगर थाना क्षेत्र में घर पर अकेली नाबालिग को पड़ोसी बहला-फुसलाकर कर ले गए। पुलिस में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अपने घर से गायब हो गई। आसपास तलाश करने पर किशोरी का सुराग नहीं लगा। परिजनों ने रिश्तेदारियों आदि में भी किशोरी के बारे में जानकारी की लेकिन लेकिन कहीं कोई पता नहीं लगा। इस दौरान पड़ोस के ही एक व्यक्ति ने परिजनों को बताया किशोरी को गांव के ही चार लोग अपने साथ कार में बैठाकर ले गए हैं। इसके बाद थाने पहुंचे परिजनों ने दिलपुरा निवासी शिक्षामित्र ओमप्रकाश, आशु, हरि सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सीएचसी में घायलों का हाल जानते सीओ और कोतवाल। ● अमृत विचार

पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला समेत तीन जख्मी

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शाहबाद-बिलारी मार्ग पर तेज गति से आ रही पिकअप ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। ई-रिक्शा चालक और महिला की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सैफनी थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी अमर सिंह की पत्नी सरोज अपने बेटे सोनू के साथ शाहबाद में सुनार की दुकान पर जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार हुई थीं। ई-रिक्शा गांव का ही रामनिवास चला रहा था। शाहबाद-बिलारी मार्ग पर धुरियाई मोड़ के निकट तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में सरोज और राम निवास गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि सोनू भी चोटिल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम सुनील कुमार, सीओ अतुल पाण्डेय, कोतवाल ओंमकार सिंह एवं कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार ने भी घायलों का हाल-चाल जाना।

हाईवे पर अनियंत्रित होकर कार पलटी, चालक घायल

संवाददाता, शहजादनगर

अमृत विचार : बरेली हाईवे इन दिनों सड़क हादसों को लेकर चर्चा में है। हाईवे पर रोज कोई न कोई हादसे का शिकार हो ही जाता है। शुक्रवार को भी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार पलटने से चालक घायल हो गया।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर जीरो प्वांइट के पास शुक्रवार सुबह पांच बजे का है। झांसी के प्रेम नगर निवासी अखिलेश अपनी कार में हींग के पैकेट रखकर बरेली से दिल्ली जा रहा था। शहजादनगर जीरो प्वाइंट के समीप सामने से आ रही रोडवेज की बस से बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा। परिणामस्वरूप कार पलटते हुए बरेली की ओर घूम गई। क्षतिग्रस्त कार में दबकर चालक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के पायलट प्रदीप कुमार व ईएमटी राजा कुमार ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को जानकारी दी।

हादसे के बाद हाईवे पर पलटी हुई कार।

हादसा

▸▸ शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर जीरो प्वांइट के पास शुक्रवार सुबह पांच बजे हुई घटना

महिला से मारपीट और लूटपाट में चार पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट के बाद लूटपाट करने के मामले में बिलासपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के सवेरा अपार्टमेंट निवासी सुमन का कहना है कि वह 20 जुलाई 2023 को घर में खाना बना रही थी। तभी पड़ोसन एकता और उसके पति राजेंद्र घर में घुस गए। उन्होंने गाली देते हुए उसे और उसकी तीन साल की बेटी को पीटकर घायल कर दिया। राजेंद्र एवं अन्य दो व्यक्तियों ने उसके घर की तलाशी लेना शुरू कर दी। आरोपी घर में रखे 10,000 रुपये लूटकर ले गए। आरोपियों के जाने के बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एकता, राजेंद्र व दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का कराएं निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का कलेक्ट्रेट स्थित न्याय वाटिका में आयोजन होगा। लोक अदालत में दोनों पक्षों के सुलह समझौते के आधार पर न्याय दिया जाता है। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत के फैसलों पर अपील भी नहीं होती है। इसके कारण छोटे-छोटे मुकदमे खत्म हो जाते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में 60,000 मुकदमों के निस्तारण का लक्ष्य है।

शुक्रवार की शाम जिला जज के कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराएं। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, वसूली वाद आदि सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों को निपटाएं। इसके अलावा स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले भी शामिल करें। इसके अलावा आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

जिला विधिक प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव रश्मि रानी ने बताया कि पांच, छह और सात मार्च को विशेष लोक अदालत में लघु वाद के मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम

▸▸ नौ मार्च को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

▸▸ 60 हजार मुकदमों के निस्तारण का है लक्ष्य

बंदियों के बनाए उत्पादों के स्टॉल भी लगेंगे

जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार में बंदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बंदियों ने जेल में रहकर एलईडी बल्ब, कारचोब, जरी-जरदोजी और जैविक खाद तैयार की है। इन सभी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे, ताकि लोग उनकी खरीदारी कर सकें।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं

रामपुर, अमृत विचार : जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला जजी के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव रश्मि रानी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाए। प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए अधिक से अधिक वाद नियत करें ताकि पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते के अधार पर निस्तारण कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तैयारी एएसपी ने हाईवे से भमरौआ मंदिर का किया निरीक्षण

महाशिव रात्रि पर्व को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आठ मार्च को होने वाले महाशिव रात्रि पर्व को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्वत ने कोसी पुल से भमरौआ मंदिर तक स्थिति का जायजा लिया। ताकि उस दिन किसी भी भक्त के साथ कोई घटना घटित न हो सके।

उल्लेखनीय है कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस पर्व को शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि बहुत से भक्त किसी काम के पूरा होने पर शिवरात्रि वाले दिन हरिद्वार व ब्रजघाट से जल लाकर भगवान भोले शंकर को चढ़ाते हैं। हर साल जिले में महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार शिवरात्रि आठ मार्च को है। इसे देखते हुए मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। जलाभिषेक के लिए मंदिरों में तैयारियां की जा रही है। भक्तों की लाइन के लिए बैरिकेडिंग और पुलिस की व्यवस्था भी रहेगी। इसी के चलते शुक्रवार को एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने टीआई के साथ कोसी पुल के पास स्थिति का जायजा लिया। उसके बाद मंदिर में जाकर लोगों से बातचीत की।

भमरौआ मंदिर में शिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेते एएसपी। ● अमृत विचार

किसी दिन भी हो सकता रूट डायवर्जन

कांवड़ लेकर आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए आसपास मुख्य चौराहों पर पुलिस को तैनात किया जाएगा। कोसी पुल के पास टेंट लगाकर अस्थायी चौकी बनाई जाएगी। इसके अलावा किसी भी समय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रूट डायवर्ट किया जा सकता है। एआरएम दीपचंद्र जैन ने बताया कि अभी तक रूट डायवर्ट होने की कोई जानकारी नहीं है।

मंदिर में आने वाले भक्तों का रखा जाएगा ध्यान

महाशिवरात्रि के मौके पर भारी संख्या में भक्त कांवड़ लेकर आते हैं। भमरौआ मंदिर के सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को होगा। इसे लेकर मंदिर में तैयारियां चल रही हैं। समिति के पदाधिकारियों से भी जानकारी ली जा रही है। महाशिवरात्रि के त्योहार पर मंदिर को फूल और लाइटों से सजाया जाएगा।

> एएसपी के साथ आठ मार्च को होने वाली शिवरात्रि को लेकर कोसी पुल के पास और मंदिर का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के आदेश का पालन किया जाएगा।
> – विजेंद्र कुमार, टीआई

स्कूल के ताले तोड़कर हजारों रुपये की चोरी

शहजादनगर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से हजारों रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ककरौआ गांव निवासी योगेश शर्मा का गांव के बाहरी छोर पर कोमल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की देर शाम वह स्कूल के ऑफिस और मेन गेट पर ताला लगाकर गए थे। गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि चोरों ने स्कूल के ताले तोड़कर कीमती सामान व जरूरी कागजात, स्कूल में खड़ी कार का बोनेट तोड़कर सामान व बैट्री चुरा लिया। सुबह होने पर स्कूल संचालक को स्कूल का ताला टूटा मिला। इसके बाद स्कूल संचालक ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में मजदूर घायल

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : दावत खाकर मजदूर की बाइक को सामने से आ रही किसी दूसरी बाइक ने गुरुवार की देर रात टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

भोट थाने के मनुनगर गांव निवासी घायल मजदूर का नाम बलवीर सिंह (38) पुत्र प्यारे लाल है। अस्पताल के वार्ड में मिले परिजनों ने बताया कि चकिया गांव में बलवीर के चचेरे भाई की लगुन की दावत थी। वहां खाना खाकर वह गिरधरपुर निवासी अपनी बहन के घर जा रहा था। रास्ते में नगरिया को जाने वाले धर्मपुर-रहसैना मार्ग पर अज्ञात बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

दुर्घटना

▸▸ दावत खाने के बाद बहन के घर जा रहा था बलवीर सिंह

▸▸ घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से हुआ फरार

सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी, रेफर

शाहबाद, अमृत विचार : सैफनी थाना क्षेत्र के गांव मधुपुरी निवासी गजराम किसी काम से सैफनी आ रहे थे। इस दौरान सामने से तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने फोन से एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एक नजर

भाजपा ने बढ़ाया किसानों का मान : देशराज

केमरी, अमृत विचार : गांव-गांव चल रही भाजपा की किसान परिक्रमा यात्रा गुरुवार को कस्बा केमरी पहुंची। मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाया है। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। किसान सम्मान निधि देकर भाजपा ने किसानों का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान राजकुमार शर्मा, राजकुमार रोहिला, बबलू अली, हरदयाल, विशाल, जाकिर हुसैन, नन्हे, सफी अहमद, जिला मंत्री भाजपा हेमा राणा मौजूद रहे।

बच्चों के पाचन रोगों पर डॉक्टरों ने किया विचार

बिलासपुर, अमृत विचार : हाईवे स्थित एक होटल में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन-नीमा की ओर से गोष्ठी हुई। इसमें बच्चों के बाल्यकाल में होने वाले पाचन सम्बंधी विकारों पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता पीएचसी के सेवानिवृत्त प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. केबी सिंह ने प्री-बायोटिक एवं प्रो-बायोटिक्स की दूध में उपलब्धता के संबंध में व्याख्यान दिया। अन्य चिकित्सकों ने भी विचार रखे। नेस्ले प्रतिनिधि विनय वत्स ने आभार जताया। नीमा की केन्द्रीय परिषद के सदस्य डॉ. वीके शर्मा, शाखा अध्यक्ष डॉ. पीके जैन, डॉ. योगेश कुमार, डॉ.राजीव अरोरा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह पन्नू, डॉ. शुभांशु जनार्दन, डॉ. शुभम शुक्ला, डॉ. प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

राजस्व टीम ने वसूले 28 लाख, जमीन कुर्क की

बिलासपुर, अमृत विचार : तहसीलदार निश्चय कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदारों द्वारा चलाए गए वसूली अभियान में करीब 28 लाख रुपये की बकाया वसूली की गई। वहीं, गंगापुर कलां गांव के 14 लाख के बैंक बकाएदार की जमीन को राजस्व प्रशासन ने कुर्क कर लिया। नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव व सचिन कुमार ने बताया कि अभियान गंगापुर कलां, कुआंखेड़ा, मुल्लाखेड़ा, पजाबा आदि गांवों, केमरी कस्बे तथा नगर के मोहल्ला विशारदनगर व टांडा हुरमतनगर में चलाया गया। इस दौरान बैंक, स्टांप, परिवहन व न्यायालय देयों की वसूली की गई। टीम में बाबर खां, आनंद प्रकाश, कौशल कुमार, बलवंत सिंह आदि संग्रह अमीन भी शामिल रहे।

18 मुकदमों का आरोपी तमंचे के साथ पकड़ा

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने 18 मामलों के आरोपी युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली की एक युवक तमंचे के साथ शाहबाद रोड पर रवाना गांव के मोड़ के पास खड़ा है। पुलिस ने तुरंत उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का तमंचा मिला। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया नन्हे उर्फ नईम नगर के कस्सावान मोहल्ले का निवासी है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में पशु क्रूरता, गैंगस्टर एक्ट सहित 18 मामले दर्ज हैं।

तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर किया चालान

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने अलग-अलग स्थनों से सट्टा पर्ची व चाकू के साथ वारंटी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस को सूचना मिली कि बिजली घर के निकट एक युवक घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और नगर के मोहल्ला अगलगा निवासी जावेद को चाकू के साथ दबोच लिया। उधर सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए नरपतनगर निवासी इरफान खां उर्फ पिंटू को 450 रुपये एवं सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने गांव मीरापुर निवासी वारंटी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है।

केबिल बॉक्स फटा, छह घंटे ठप रही बिजली

रात आठ बजे बॉक्स में आई थी खराबी, उपभोक्ता रहे परेशान, रात दो बजे सुचारू हुई आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : थाना गंज बिजलीघर की 33केवीए लाइन का केबिल बॉक्स फटने से छह घंटे तक आपूर्ति ठप रही। लाइन में आई खराबी को सही करने के लिए कर्मचारी जुटे रहे। रात दो बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि दिन में पहले लाइन में खराबी आ गई थी। इसे जोड़ते समय कमी रह गई थी। इसी वजह से केबिल बॉक्स फट गया था। रात में ही खराबी को सही कराकर आपूर्ति सुचारू करा दी गई।

अस्तबल बिजलीघर से शुतरखाना से बिलासपुर गेट तक कई मोहल्लों की आपूर्ति जा रही है। गुरुवार की रात आठ बजे 33केवीए लाइन को केबिल बॉक्स फट गया। इससे क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। काफी देर तक बिजली नहीं आने से लोगों के घरों में अंधेरा छा गया। इन्वर्टर भी ठप हो गए। उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत निगम के अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। इसी बीच निगम के अधिकारी व बिजलीघर का स्टाफ बिलासपुर गेट के चौराहे पर पहुंच गया। लाइन में आई खराबी को सही करने के लिए कर्मचारियों को पांच घंटे लग गए। रात दो बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। नगर पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लाइन में काम कर रहे कर्मचारियों से जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि फटे केबिल बॉक्स को सही किया जा रहा है। बाधित आपूर्ति को जल्द ही सुचारू कर दिया जाएगा। जेई नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि लाइन में आई खराबी को सही करा दिया गया है।

केबिल बॉक्स में आई खराबी को सही करता कर्मचारी।

इन क्षेत्रों के उपभोक्ता रहे परेशान

केबिल बॉक्स फटने से मोहल्ला घेर कलंदर खां, शुतरखाना, पुराना गंज, छीपियान, तलैया, कहारों वाली गली, बंगला आजाद खां, अस्तबल रोड, बाल्मीकि बस्ती, बाजौड़ा टोला समेत कई क्षेत्रों के हजारों उपभोक्ता परेशान रहे।

परीक्षा की तैयारी में कटौती बन रही बाधा

बोर्ड की परीक्षा की तैयारियों के बीच बिजली कटौती विद्यार्थियों के सामने परेशानी खड़ी कर रही है। सुबह छह से नौ बजे तक कई मोहल्लों की बिजली गुल रहती है। रात में भी तीन घंटे कटौती हो रही है। इससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी-भरकम बिल चुकाने के बाद भी लोगों को पूरी बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती को लेकर घेर कलंदर खां निवासी शाहवेज उर्फ शैजी, मोनू, फहीम हसन और दिलदार, फराज अहमद, शाकिर अली ने ऊर्जा मंत्री को ट्वीट किया है। उनका कहना है बिजलीघर के अधिकारियों की मनमानी के चलते अंधाधुंध कटौती की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में परेशानी हो रही है।

> अस्तबल बिजलीघर की 33केवीए लाइन के केबिल बॉक्स में खराबी आ गई थी। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए बाधित सप्लाई को सुचारू करा दिया गया है। **-प्रद्योमन्न सिंह, एसडीओ द्वितीय, अस्तबल बिजलीघर।**

ज्वाला क्लब ने आजाद क्लब को 67 रन से हराया

रामपुर, अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुक्रवार को ज्वाला क्लब और आजाद क्लब के बीच खेला गया। इसमें आजाद क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्वाला क्लब ने 188 रन बनाए। ज्वाला क्लब की ओर से पुष्पेंद्र ने 40 रन और गौरव सक्सेना ने 40 रन का योगदान दिया। आजाद क्लब की ओर से बाबू ने एक विकेट लिया। 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आजाद क्लब की पूरी टीम 121 रन पर आउट हो गई। आजाद क्लब की ओर से राहुल ने 32 और डॉक्टर फेज ने 26 रन बनाए। ज्वाला क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए पुष्पेंद्र ने चार विकेट लिए। मुकाबला ज्वाला क्लब ने 67 रन से जीत लिया। अंपायरिंग संजय और हर्ष सक्सेना ने की। स्कोरिंग गौरव यादव और कंमेट्री पवन यादव ने की। इस दौरान अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनु सक्सेना अनमोल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

भंडारा ले जाने से पूर्व जय बम भोले का जयघोष करते शिव भक्त। ● अमृत विचार

शिव भक्तों के लिए भंडारा रवाना

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों के लिए खाद्यान्न भरे वाहनों को भाजपा के मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भारी संख्या में शिव भक्त शामिल रहे।

गौरतलब है कि हर साल श्रावण मास में लाखों की संख्या में कांवड़िए सुदूर स्थानों से आकर कांवड़ में गंगा जल लेकर पदयात्रा करके अपने गांव लौटते हैं। कावड़ियों के भोजन आदि की व्यवस्था के लिए भोलेनाथ के भक्त जगह-जगह भंडारों की व्यवस्था करते हैं। प्रति वर्ष की भांति उपनगर मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा के सेवादारों ने नदी पर लगने वाले भंडारे को इस बार भी हर्षोल्लास के साथ रवाना किया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने भंडारे का सामान लेकर जाने वाले वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान दीपक सैनी, दिलीप मौर्य, राजू मौर्य, जितेंद्र मौर्य, बंटी मौर्य आदेश मौर्य, झुन्नी सिंह, ओम प्रकाश मौर्य, सचिन, लालता पाल, राकेश मौर्य, दिलीप कुमार मौर्य, चन्द्रपाल मौर्य, ललता दिवाकर, रिंकू पाल, पातीराम, विशेष मौर्य, प्रेम मौर्य आदि ने सेवादार के रूप में भंडारे के लिए प्रस्थान किया।

दो बकाएदारों से 3.36 लाख रुपये वसूले

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : राजस्व प्रशासन ने लाखों रुपये के बड़े बकाएदारों के घर पर वसूली के लिए छापामार कार्रवाई की। बकाएदारों के घर नहीं मिलने पर नायब तहसीलदार ने लेखपालों को जमीन की नापतौल कर कुर्क करने के निर्देश दिए। लेखपालों ने जमीन पर चारों तरफ लाल झंडे लगा कुर्क करने साथ ही परिजनों को जमीन में खड़ी फसल खुर्द-बुर्द करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देकर प्रधानों को रिसीवर नियुक्त किया है। दो बकाएदारों से 3.36 लाख रुपये की वसूली की है।

तहसील के गांव सरकड़ी निवासी बकाएदार अब्दुल हसन ने बैंक का 15,25,640 रुपये एवं गांव टाहकला निवासी निशान सिंह को लोन जमा नहीं करने पर बैंक ने आरसी जारी कर प्रशासन को भेज दी थी। एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार आकाश संत व नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने राजस्व टीम व पुलिस को साथ लेकर बड़े बकाएदारों के घर छापेमारी की। बकाएदारों के घर नहीं मिलने पर नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम ने दोनों बकायेदारों की भूमि की नापतौल कर खेत के चारों तरफ लाल झंडे लगा कुर्क करने के साथ ही खेत में खड़ी फसल खुर्द-बुर्द करने पर उनके परिजनों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए प्रधानों को रिसीवर नियुक्त किया है।

इसके बाद टीम ने गांव ढोंकपुरी निवासी बैंक के बकायेदार नवाबजान से तीन लाख एवं गांव बुढ़नपुर निवासी विद्युत देय के बकायेदार सतनाम सिंह से 36 हजार रुपये की वसूली की। नायब तहसीलदार ने बताया कि दो बकाएदार की जमीन कुर्क की गई है। इस दौरान संग्रह अमीन अब्दुल सबूर, रियाज अहमद, हरपाल सिंह, निरंकार सिंह, लेखपाल विपिन कुमार मौजूद रहे।

स्वार में बकायेदार की भूमि कुर्क करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

▸▸ **राजस्व विभाग की टीम ने दो बकाएदारों की जमीन की कुर्क**

प्रदर्शन के लिए लखनऊ कूच की बनाई रणनीति

बिलासपुर, अमृत विचार : भाकियू अराजनैतिक की शुक्रवार की दोपहर हुई बैठक में पांच मार्च को लखनऊ कूच करने की रणनीति बनाई गई।

एक कार्यकर्ता के निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करने हुए जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि पांच मार्च को बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर लखनऊ के शक्ति भवन में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा इसका नेतृत्व करेंगे। इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरे जिले से बड़ी संख्या में किसान लखनऊ जाने के लिए तैयार रहें। बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ के प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वीरेन्द्र गंगवार, नरेन्द्र गंगवार, महेश बाबू, राजेश प्रजापति, शंकर लाल, मुन्नी देवी, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

हादसों से सबक नहीं ले रहे जिम्मेदार बेधड़क दौड़ रहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

संवाददाता, पटवाई

▸▸ **कामर्शियल पंजीकरण के बगैर चलती हैं अधिकतर ट्रैक्टर ट्रॉली**

अमृत विचार : गुरुवार को ईंट लदी ट्राली पलटने से दबकर हुई मजदूर नेतराम की मौत के बाद भी प्रशासन नहीं चेत रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बेधड़क ईंट ढोई जा रही हैं। यह ट्रैक्टर-ट्रालियां कामर्शियल पंजीकरण के बिना ही ईंटें लादकर सड़कों पर दौड़ाई जाती हैं।

क्षेत्र में ईंट भट्ठा संचालक और सरिया, सीमेंट, बजरी-बजरफुट के दुकानदार ट्रैक्टर-ट्रालियों का व्यावसायिक इस्तेमाल करते हैं। ट्रक से भी ज्यादा ईंट ट्रॉली में भरकर क्षेत्र में पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। गुरुवार को सोहना गांव स्थित इलियास ईंट भट्टे पर काम कर रहे गांव मतवाली निवासी मजदूर नेतराम की ईंट भट्टे पर लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्राली में क्षमता से ज्यादा ईंट लदी होने के कारण चढ़ाई पर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। परिणामस्वरूप ट्रॉली पलट गई और उसके नीचे दबकर मजदूर की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था।

थाना परिसर में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दी नामजद तहरीर

पटवाई, अमृत विचार : नेतराम का अंतिम संस्कार करने के बाद उसके पिता राधेश्याम ने शुक्रवार को थाना पटवाई में तहरीर दी है। इसमें लिखा है कि उनका बेटा इल्यास के इलाही ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले उनके बेटे से भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने वाले गुड्डू खान निवासी गांव सोहना की कहासुनी और गाली-गलौच हो गई थी। पिता का आरोप है इसी रंजिश के चलते चालक गुड्डू खान ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को उछाल दिया। इसमें ट्राली पर बैठा उनका बेटा नीचे गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसके इलाज के लिए रामपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान घायल ने दो घंटे बाद ही दम तोड़ दिया। पिता का कहना है कि घटनाक्रम के तमाम लोग साक्षी हैं।

वार्डों का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : सिटी मजिस्ट्रेट ने औचक निरीक्षण कर नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण लिया। इस दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने शुक्रवार की दोहपर सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। अलग-अलग कक्ष में जाकर गृह और जल कर सहित अन्य अभिलेख देखे। इसके बाद उन्होंने नगर के अलग-अलग वार्ड में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ पुनीत कुमार, लिपिक नवेद मियां, वीर सिंह, मुजीब मियां, रेहान अली, ग्रीश कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी ईओ ने जांच कमेटी बनाने को लिखा

संवाददाता, शाहबाद

कार्रवाई

▸▸ **डूडा ने जारी किए रिकवरी के नोटिस, मचा हड़कंप**

▸▸ **नगर पालिका कर्मचारियों को जांच कमेटी से दूर रखने की दी सलाह**

अमृत विचार : नगर पंचायत में आवंटित प्रधानमंत्री आवास का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर निकल आया है। आवासों की फाइल फिर खुलने से करोड़ों रुपयों का दुरुपयोग करने वालों में अफरा-तफरी मच गई है। सभासद के पुत्र की शिकायत पर अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। जांच के लिए ईओ ने शिकायतकर्ता से तथ्य मांगे हैं। जांच कमेटी बनाने के लिए डूडा और तहसील प्रशासन को लिखने की बात कही है। नगर पंचायत कर्मचारियों को जांच से दूर रखने को भी कहा गया है।

शाहबाद नगर पंचायत में लाभार्थी चयन में हुआ गड़बड़झाला किसी से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर घूस लेने के नाम पर एक सभासद जेल भी गया है। शिकायत के बाद जांच में तमाम अपात्र मिले थे। उन्हें डूडा ने रिकवरी के नोटिस जारी किए, लेकिन कार्रवाई इससे आगे नहीं बढ़ी। दो दिन पूर्व सभासद के पुत्र रवि गोला ने इस मुद्दे को उठाकर फिर से मामला गर्म कर दिया। एसडीएम ने ईओ को जांच के लिए लिखा। शुक्रवार को ईओ पुनीत कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में चारों ओर से जो फीडबैक मिला है, वह काफी चौंकाने वाला है। लिहाजा, इसकी उच्च स्तरीय जांच जरूरी है। उन्होंने बताया कि डूडा विभाग और तहसील की संयुक्त टीम से जांच कराना उचित रहेगा। इसी आधार पर वह काम कर रहे हैं।

जांच कर्ताओं के इर्द-गिर्द नजर आ रहे बिचौलिए

करीब 2200 आवासों की सूची की जांच लेखपालों के पास लंबित है। करीब सात माह से लेखपाल फाइल दबाए हुए थे। शिकायतें होने पर बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। सभी अपनी सेटिंग बैठाने के फेर में जांच कर्ताओं के ईद-गिर्द नजर आ रहे हैं। एक नेताजी भी 300 अपात्र लोगों की सूची लेकर उन्हें पात्र कराने के चक्कर में हैं। हालांकि उनकी दाल गल नहीं पा रही है।

शाहबाद-चंदौसी मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर जाते लोग। ● अमृत विचार

सड़कों पर सवारियां ढो रहे ट्रैक्टर, अधिकारी बेखबर

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : कासगंज में तालाब में पलटे ट्रैक्टर-ट्राली में दबकर बच्चों व महिलाओं समेत 23 लोगों की जान चली गई। शाहबाद में इस घटना से कोई सबक नहीं लिया जा रहा है।

शाहबाद में अधिकारियों की उदासीनता के चलते ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियां ढोई जा रही हैं। सड़क पर सवारी लेकर फर्राटा भर रहे लोडर, पिकअप एवं जुगाड़ वाहन इसकी गवाही दे रहे हैं। नगर से लेकर देहात तक यह मनमानी बड़े पैमाने पर चल रही हैं। लापरवाही के चलते आए दिन कासगंज जैसे हादसे होते रहते हैं। शाहबाद-चंदौसी मार्ग पर बेल वाली जियारत के निकट एक ट्रैक्टर-ट्राली में 20 से ज्यादा लोग बैठकर जाते नजर आए। नगर का मुख्य चौराहा होने के बावजूद इन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं था।

तैयारी कई वर्ष से ई-रिक्शा स्टैंड की हालत थी काफी खराब, पालिका प्रशासन ने कराया रंग-रोगन

ई-रिक्शा स्टैंड की बदलने लगी सूरत, होंगे जगमग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर में ई-रिक्शा स्टैंड की हालत सुधारने में पालिका प्रशासन जुट गया है। इनकी मरम्मत कराकर टीन शेड बदलवाकर नए लगवाए जा रहे हैं। रंग-रोगन और एलईडी बल्ब भी लगाए जा रहे हैं। यह दूर से ही शहरवासियों को आकर्षित करेंगे। मौजूदा समय में शहर में भुर्जी का भाड़ स्थित नालापार, एलआईयू कार्यालय से पहले और शहर कोतवाली स्थित बी अम्मा काम्प्लेक्स के सामने सहित तीन स्टैंड हैं।

पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा अफरोज के कार्यकाल में 2005 में शहर के प्रमुख क्षेत्रों में रिक्शा स्टैंड बनवाए गए थे। इनको बनवाने का उद्देश्य यह था कि बरसात में आते-जाते लोग रुक सकें। 1995-2005 तक रेशमा बीं नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं। इस दौरान उन्होंने समय-समय पर इनकी मरम्मत भी कराई थी। उसके बाद देखरेख के अभाव यह खस्ताहाल हो गए। पुराने टीन शेड से बरसात में पानी टपकता था। इनकी हालत सुधारने को पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। नगर पालिका प्रशासन ने स्टैंड की हालत सुधारने की कवायद शुरू कर दी है। पुरानी टीन शैड की चादरों को बदलवाया जा रहा है। इसके बाद इन पर रंग रोगन कराया जा रहा है। पालिका के जिम्मेदारों के अनुसार स्टैंड की दशा में सुधार किया जा रहा है, जिससे बारिश में आते-जाते लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसमें पंखे व एलईडी बल्ब भी लगवाए जा रहे हैं।

ई-रिक्शा स्टैंड पर कराया गया रंग-रोगन।

> शहर के तीन ई-रिक्शा स्टैंड की हालत ढाई लाख रुपये की लागत से सुधारी जा रही है। ताकि बरसात में लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शहर में नगर पालिका की ओर से जनहित के कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। **-सना खानम, नगर पालिकाध्यक्ष**

शहर में पहले थे पांच स्टैंड

कई वर्ष पहले शहर में पांच स्टैंड थे। इनमें पहला बाजार नसरूल्लाह खां स्थित चौकी चौक के पास और दूसरा पीला तालाब रोड पर था। मौजूदा समय में चौकी के बराबर सुलभ शौचालय है। पीला तालाब पर पालिका की मार्केट बनी है। इसके चलते शहर में अब नालापार, एलआईयू दफ्तर और कोतवाली के पास समेत सिर्फ तीन स्टैंड हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिखे जा रहे स्लोगन

इन रिक्शा स्टैंड पर पालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के स्लोगन लिखे जा रहे हैं। इन स्लोगन का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। लोग सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, सड़कों, चौक-चौराहों, घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें।

हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार ने चलाई योजनाएं

शाहबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख पति काशीराम दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां सदैव जनता को समर्पित रहीं। हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं चलाई गईं। गरीबों का विशेष ध्यान रखा गया। इसी की देन है कि मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। भारतीय जनता पार्टी मोदी के नेतृत्व में बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

शुक्रवार को पैतृक गांव घारमपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष मोदी की लोकप्रियता से बौखलाया हुआ है। इसीलिए जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। बैठक में संजीव पाण्डेय, संजीव ठाकुर महेबा, संजीव चौधरी लोधीपुर, संतोष दिवाकर आदि रहे।

सिख संगत ने किया अमृत कंचन

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : मानपुर गुरुद्वारा चरण कमल में तीन दिवसीय समागम का समापन हुआ। पंजाब से आए बाबा अवतार सिंह की देखरेख में भारी संख्या में सिख संगत ने अमृत कंचन किया। समागम में भारी संख्या में सिख संगत सहित सभी समुदायों के लोगों की भीड़ उमड़ी।

ग्राम पंचायत के गांव मानपुर उत्तरी स्थित गुरुद्वारा छेवीं पातशाही चरण कमल में तीन दिवसीय समागम का समापन हो गया। इसमें पंजाब से अपने दलबल के साथ आए बाबा अवतार सिंह का सिख संगत ने स्वागत किया। दीवान सजाया गया और अखंड पाठ हुआ। शुक्रवार को अखंड पाठ की समाप्ति हुई। कीर्तन दरबार लगाया गया। इस दौरान घोड़ा दौड़ का भी आयोजन हुआ। रेस में जीतने वाले घोड़ा संचालकों को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। तीन दिन तक लगातार गुरु का अटूट लंगर चलता रहा। इस दौरान बाबा अवतार सिंह की देखरेख में भारी संख्या में सिख संगत ने अमृत कंचन किया। समागम में गुरुद्वारे के ग्रंथि बाबा अवतार सिंह, अध्यक्ष सतनाम सिंह कहलो, प्रधान गुरमुख सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सरदार भूपेंद्र सिंह, सोनू रंधावा, करमजीत सिंह, मक्खन सिंह, जीत सिंह, शेर सिंह समेत सिख संगत मौजूद रही।

गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर मौजूद सिख संगत। ● अमृत विचार

आयोजन

▸▸ **मानपुर गुरुद्वारे में हुआ समागम कीर्तन दरबार लगाया**

▸▸ **अखंड पाठ हुआ, घोड़ा दौड़ भी कराई गई**

एक नजर

विधायक के सलाहकार बने दीपक नागर

स्वार, अमृत विचार : स्वार टांडा अपना दल एस के विधायक ने अपना सलाहकार दीपक नागर और पंकज सैनी को नगर का प्रतिनिधि मनोनीत किया है। शुक्रवार को स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर के मोहल्ला रसूलपुर निवासी मंडी समिति के पूर्व सभापति दीपक कुमार नागर को सलाहकार एवं मोहल्ला चक स्वार निवासी पंकज सैनी को नगर प्रतिनिधि मनोनीत किया है। नवनियुक्त सलाहकार ने कहा कि जनहित कार्य किये जायेंगे। जिससे जनता को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान इस्लाम अंसारी, नाहिद खां, राकेश कश्यप, जमील अंसारी, सुमित गोलू आदि मौजूद रहे।

चार किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने गश्त के दौरान इश्तियाक अली निवासी गांव रवाना पट्टी को 4 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर चालान कर दिया है।

सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध गंभीर घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : छत की सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। मोहल्ला बाजार कलां के नगर पालिका वार्ड-11 के रहने वाले 65 वर्षीय अब्दुल सत्तार के पुत्र शाकिब ने बताया कि उनके पिता घर की छत पर धूप में बैठे थे। नीचे उतरते सबसे अचानक सीढ़ी से उनका पैर फिसल गया और नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

खुली बैठक में हुआ राशन की दुकान का आवंटन

सैदनगर, अमृत विचार : खेड़ा टांडा में राशन की दुकान का प्रस्ताव राधा अंश समूह के नाम हो गया। स्वार क्षेत्र के खेड़ा टांडा गांव में एडीओ पंचायत सुरेश कुमार और बादाम सिंह के नेतृत्व में हुई खुली बैठक के दौरान ग्राम प्रधान समर्थित राधा अंश समूह के नाम राशन की दुकान का आवंटन हो गया। विपक्ष समर्थित राज समूह को अभिलेख गलत होने के कारण चुनाव से हटना पड़ा। इस मौके पर पंचायत अधिकारी कुनाल सिंह, प्रधान मोहम्मद राशिद, हाजी हनीफ, हाजी एजाज, डॉ. हरि सिंह, मोहम्मद इरफान, भगवत शरन, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

खेत में पहुंचकर गेहूं खरीदेंगे मोबाइल केंद्र

100 क्विंटल तक गेहूं विक्रय करने वाले किसानों का नहीं होगा सत्यापन, जिले में सर्वाधिक पीसीएफ के लगे हैं 54 क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोबाइल क्रय केंद्र किसानों के खेत-खलिहान से जाकर गेहूं की खरीदारी करेंगे। जिले में 158 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। लेकिन, पहले दिन किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचे। 100 क्विंटल गेहूं विक्रय करने वाले किसानों का सत्यापन नहीं होगा। इससे अधिक गेहूं बेचने वालों का राजस्व विभाग की टीम सत्यापन करेगी। जिले में सबसे अधिक पीसीएफ के गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं। जिले को गेहूं खरीद का लक्ष्य अभी नहीं मिला है।

प्रदेश में इससे पहले एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू होती थी। लेकिन अबकि बार एक महीने पहले ही खरीद शुरू कर दी गई है। सरकार ने पहले 15 मार्च से खरीद की समय सारिणी जारी की थी। इसके बाद एक मार्च से गेहूं खरीद का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा। सचिव खाद्य एवं पीडी ने सरकार के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया। इसके चलते खरीद एक मार्च से शुरू हो गई है। किसान मोहम्मद अहमद बताते हैं कि अभी गेहूं की फसल को पकने में करीब तीन सप्ताह का समय लग सकता है। जिले में एक मार्च से 15 जून तक गेहूं खरीद होगी। आठ एजेंसियों के 158 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की जाएगी। गेहूं खरीद अधिक से अधिक हो सके इसलिए अधिकारी और कर्मचारी खेत-खलिहान और किसानों के घरों तक पहुंचेगे और गेहूं खरीदकर सेंटर पर पहुंचाया जाएगा। फिलहाल जिले के 2100 किसानों ने गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीकरण करा लिया है। जो किसान 100 क्विंटल तक गेहूं क्रय केंद्रों पर विक्रय करेंगे उनका सत्यापन नहीं होगा। इससे अधिक गेहूं की तौल कराने वाले किसानों का राजस्व विभाग की टीम सत्यापन करेगी।

▸▸ जिले में 158 क्रय केंद्र गेहूं खरीद के लिए सजे, पहले दिन नहीं आया कोई किसान

> जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य नहीं मिला है। जबकि आठ क्रय एजेंसियों के 158 केंद्र स्थापित हो गए हैं। किसान अपना पंजीकरण कराकर कभी भी गेहूं क्रय केंद्रों पर ला सकते हैं। मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जाएगी। ताकि, बिचौलियों और दलालों पर अंकुश लग सके।
>
> – कौशल देव, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

इन एजेंसियों के माध्यम से होगी गेहूं की खरीद

एजेंसी	केंद्र
एफसीआई	09
मंडी	03
एनसीसीपी	05
नैफेड	25
पीसीयू	27
यूपीएसएस	15
पीसीएफ	54
खाद्य विभाग	20
कुल	158

टांडा में सूना पड़ा गेहूं क्रय केन्द्र। ● अमृत विचार

टांडा में सूने पड़े गेहूं क्रय केंद्र, पहले दिन नहीं हुई खरीदारी

टांडा, अमृत विचार : शासन की हिदायत पर शुक्रवार से गेहूं खरीद को केंद्र सज गए हैं। मंडी समिति परिसर में आठ क्रय केंद्र खोले गए हैं। पहले दिन सभी खरीद केंद्र सूने रहे। कोई खरीदारी नहीं हुई। शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश में एक मार्च से गेहूं की खरीद का काम शुरू हो चुका है। इसके तहत मंडी समिति में आठ गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। खरीदारी 15 जून तक चलेगी। पहले दिन कोई खरीदारी नहीं हुई। सभी क्रय केंद्र सूने पड़े रहे। केंद्र प्रभारी खाद्य एवं रसद सीमा गुप्ता ने बताया कि मंडी समिति परिसर में आठ गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किये गए हैं। सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पहले दिन खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। कोई भी किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा।

ईदगाह का निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

चेयरमैन के प्रतिनिधि ने किया ईदगाह का निरीक्षण

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : नगर पंचायत अध्यक्ष सुम्बुल वसीम के पति एवं प्रतिनिधि सपा नेता वसीम खां ने शुक्रवार को शहर इमाम के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था के साथ ही कई बिंदुओं पर जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि ईदगाह हो या कोई भी धर्मस्थल वहां किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। ईदगाह कमेटी को भरोसा दिया कि ईद की नमाज से पहले ईदगाह में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर धर्म स्थलों का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। इस मौके पर सभासद सय्यद बब्लू मियां, निजाबत अली, सरफराज अली, अनफाल अली आदि रहे।

लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर करें कार्रवाई : सीडीओ

रामपुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर सभी जरूरी संसाधनों की उपलब्धता एवं केंद्रों का निर्बाध रूप से संचालन तय कराने के लिए सीडीपीओ और सुपरवाइजर नियमित रूप से केंद्रों का निरीक्षण करते रहें। हॉट कुक्ड योजना को भी प्रभावी ढंग से लागू कराएं। लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

विकास भवन के सभागार में हुई समीक्षा बैठक में सीडीओ ने कहा कि जिले के ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां गंभीर अति कुपोषित बच्चों की संख्या शून्य है, उन केंद्रों से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा समय-समय पर गंभीरता पूर्वक सर्वे कार्य किया जाएगा। डाटा फीड करने में लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

उर्दू की परीक्षा में 12वीं के 34 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को पहली पाली में इंटरमीडिएट की उर्दू की परीक्षा हुई। इसमें 34 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा शुरु होने से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई।

शुक्रवार को पहली पाली में इंटरमीडिएट की उर्दू की परीक्षा में संस्थागत के पंजीकृत 574 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 540 परीक्षाथी परीक्षा देने पहुंचे। इसके अलावा व्यक्तिगत के पंजीकृत 29 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 26 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। तीन परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इस दौरान डीआईओएस मुन्ने अली ने टीम के साथ स्कूलों में छापामारी की। केंद्र व्यवस्थापक भी सक्रिय रहे। परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। सीसीटीवी कैमरों की देखरेख में परीक्षा हो रही है।

14 कर्मचारियों ने दिलाई एक छात्र को परीक्षा

ढकिया, अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा की दूसरी पाली में शुक्रवार को खान सिंह जनता इंटर कालेज ढकिया में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए मानव विज्ञान विषय का मात्र एक छात्र पंजीकृत था। वह इकलौता छात्र अपने निर्धारित समय पर परीक्षा देने पहुंचा, लेकिन ढकिया खान सिंह जनता इंटर कालेज में इकलौते छात्र को परीक्षा दिलाने के लिए केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल के तीन सदस्य, दो कक्ष निरीक्षक, दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, एक लिपिक, सुरक्षा की दृष्टि से तीन पुलिस कर्मी सहित 14 कर्मचारी परीक्षा केंद्र पर तैनात रहे।

सार संक्षेप

पुलिस लाइन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन में काम करने वाली चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी की बीमारी के चलते मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। गंज थाना क्षेत्र के पक्का बाग निवासी शोभा देवी(50) पुलिस लाइन में चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी थी।वह प्रतिदिन पुलिस लाइन में कार्य के लिए जाती थी। गुरुवार को वह काम पर गई थी। जिसके बाद उनकी तबियत खराब हो गई। परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

परिचालक से मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मिलक, अमृत विचार : रोडवेज द्वारा बरेली से मिलक आ रहे चार यात्रियों ने परिचालक के साथ मारपीट कर दी। परिचालक ने मिलक कोतवाली में तहरीर देकर चारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गुरुवार की रात चार युवक बरेली से मिलक आने के लिए कानपुर की आजाद नगर डिपो की बस पर सवार हुए। जब रोडवेज मिलक के अम्बेडकर पार्क के सामने रुकी तो चारों युवकों ने मिलक में उतरने से इंकार कर दिया। तथा मिलक से बाइपास पर उतरने को कहा। जब रोडवेज रौरा कला बाइपास पहुंची तो परिचालक ने उतरने को कहा। लेकिन चारों युवक पांच किलोमीटर आगे उतरने की जिद पर अड़ गए। परिचालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। परिचालक दीपक शुक्ला निवासी थाना नवाबगंज कानपुर की शिकायत पर पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में ले लिया। क्षेत्र के लाडपुर गांव निवासी सोनू, मुकेश, नीरज और रोहित के खिलाफ मारपीट व सरकारी कार्य मे बाधा डालने की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया।

कुरआन और हदीस के मुताबिक गुजारें जिंदगी

रामपुर, अमृत विचार : थूनापुर स्थित सुन्नी दारूल उलूम अल्ताफिया बरकातिया मदरसे में आयोजित जलसे को खिताब करते हजरत मुफ्ती फराग आलम ने कहा कि हम अल्लाह का कलाम पढ़कर समझने की कोशिश करें। कुरआन हदीस के मुताबिक जिंदगी गुजारें। इससे दुनिया और आखिरत दोनों अच्छी हो जाएंगी। शुक्रवार को मदरसा सुन्नी दारूल उलूम में जलसे का आगाज हजरत कारी महमूद आलम कादरी ने तिलावत कुरआन मजीद से किया। इसके बाद अलीम रजा रामपुरी ने नातिया कलाम पेश किए। हजरत मौलाना आरिफ जमाली रामपुरी ने कुरआन की अजमत बयां की। इसके बाद मदरसा की सालाना रिपोर्ट मुफ्ती कासिम रजा कादरी ने पेश की। इसमें 10 हाफिजों की गुलपोशी कर दस्तारबंदी की गई। हाफिजों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जलसे का संचालन मौलाना शुऐब रजा रामपुरी ने किया। इस अवसर पर मौलाना रिजवान, मौलान सरदार अली, मौलाना आरिफ बरकाती, मौलाना मुर्तजा रिजवी आदि मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति

टांडा, अमृत विचार : शुक्रवार को नगर मंडल में लोकसभा चुनाव के लिए बनाई गई विधानसभा संचालन समिति की बैठक हुई। भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में चुनाव में संचालन समिति के दायित्वों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 34 विधानसभा क्षेत्र की लोकसभा संचालन समिति की शुक्रवार की दोपहर बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, सूर्यप्रकाश पाल, सह संयोजक मोहनलाल सैनी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि जनसंपर्क में निकल कर लाभार्थियों एवं सामाजिक श्रेणी के व्यक्तियों तथा मठ-मंदिरों के पुजारी सहित दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ताओं से मिलना है। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव के संयोजक सुरेश चंद्र गंगवार, विधानसभा के प्रभारी सुरेश बाबू गुप्ता, विधानसभा संयोजक दिलीप अरोड़ा, लोकसभा चुनाव में जिले की सह प्रभारी मंजू दिलेर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री, राजकुमार चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष योगेश सैनी आदि मौजूद रहे।

मानसिक रूप से कमजोर युवक की ट्रेन से कटकर मौत

मिलक, अमृत विचार : नगर में मानसिक रूप से कमजोर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। क्षेत्र के जालिफ नगला गांव निवासी 26 वर्षीय गुलवेज की संदिग्ध अवस्था में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर मृतक के परिजन घटना स्थल पहुंचे। सूचना पर हलका दरोगा रामपाल सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में पड़े गुलवेज के शव को पटरियों से हटाया। दरोगा रामपाल सिंह के अनुसार परिजनों ने बताया है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। उसका कुछ समय पहले एक्सीडेंट हो गया था। इसमें उसके दिमाग में चोट लग गई थी। शुक्रवार की देरशाम वह रेल की पटरियों पर पहुंचा गया और ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। गुलवेज की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

टीबी रोगियों को पोषण आहार देते सीएमओ डा. एसपी सिंह और डा. अब्दुल हफीज खां।

क्षय रोगियों को वितरित किया गया पोषण आहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 टीबी रोगियों को पोषण आहार का वितरण किया गया। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कराना है। इसमें समाजिक, निगरानी समितियों के साथ क्षय रोग विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अब्दुल हफीज खां के सहयोग से किया गया। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी के साथ बलगम आना टीबी के लक्षण हैं। इस अवसर पर एसीएमओ डा. संतोष कुमार, डीपीएम अंकित शर्मा, पीपीएम कोर्डिनेटर अखलाक, डीपीसी कामरान आदि शामिल रहे।

खेलकूद में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक खेलकूद समारोह में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि राजकीय स्नातक महाविद्यालय भोजपुर के प्राचार्य डा. मोहम्मद असलम एवं रजा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डा. दीपा अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं का अनुशासन एवं खेलों में सहभागिता के लिए मार्गदर्शन किया।

महाविद्यालय के खेल मैदान पर दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिवस 800 मीटर दौड़ छात्र-छात्रा वर्ग, गोला प्रक्षेपण छात्र वर्ग, 400 मीटर छात्र वर्ग एवं छात्रा वर्ग, गोला प्रक्षेपण छात्रा, 1500 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद का आयोजन किया गया। 800 मीटर दौड़ में निशा प्रथम, गरिमा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर खुशनुमा ने प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में सुशील प्रथम, सुमेरी द्वितीय एवं शाहनवाज ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। गोला प्रक्षेपण छात्र वर्ग में मोहम्मद शमी प्रथम दीपक कुमार द्वितीय एवं मनोज कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सुशील प्रथम, मनोज कुमार द्वितीय एवं सउथ गुल तृतीय स्थान पर रहे। गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिता में रजनी प्रथम, गरिमा रावत द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। भाला फेंक छात्र एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान आफताब नवाज, द्वितीय स्थान सिम्पसन तथा तृतीय स्थान विकास सिंह ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में गरिमा रावत ने प्रथम, द्वितीय स्थान रजनी एवं तृतीय स्थान बहमीना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. एसएस यादव, डा. अरुण कुमार, डा. प्रदीप कुमार, डा. सीमा तेवतिया, डा. जहांगीर अहमद, डा. राजू, डा. मदान ढींगड़ा समेत तमाम प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में गोला फेंकता छात्र। ● अमृत विचार

▸▸ 800 मी. दौड़ में निशा प्रथम, गरिमा द्वितीय और खुशनुमा को तीसरा स्थान मिला

महिला प्रोफेसर से 2.83 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डा. बेबी तबस्सुम को मुंबई की सीबीआई टीम बताकर साइबर ठगों ने 2.83 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने एसपी से शिकायत की। इसके साइबर सेल ऑफिस में तहरीर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राहे मुर्तजा निवासी डॉ. बेबी तबुस्सम ने बताया कि गुरुवार की शाम चार बजे से 24 घंटे स्काइप पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व बच्चों को हाईजैक करने की धमकी देकर सीबीआई के नाम पर 2.83 लाख रुपये साइबर के सोलियूशन के नाम से स्टेट बैंक पटेल नगर के नाम पर एक मार्च को उनके खाते से ठग लिए। ठगों ने कहा कि आपके खाते से मनी लाड्रिंग और पासपोर्ट के मामले में एफआईआर हुई है। इससे पहले केवाईसी के नाम पर लगातार फोन करके परेशान किया जा रहा था। पीड़ित ने साइबर सैल प्रभारी से पैसे वापस दिलाने की बात कही है।

इन लोगों ने खुद को बताया कि सीबीआई के पदों का अधिकारी : साइबर ठगी के इस मामले में शामिल लोगों में शामिल बालसिंग राजपूत ने खुद को डीसीपी साइबर क्राइम, नितिन पाटिल आईपीएस ने अपराध शाखा आयुक्त, जॉर्ज मैथ्यू आईपीएस ने वित्तीय विभाग प्रमुख और शक्ति कांता दास पूर्व आईएएस ने मंत्रालय सचिव बताया था।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

पत्रांक– 1397/निविदा –मु0वृत्त/23–24 दिनांक 29.02.2024

अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम–8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 02.03.2024 प्रातः 10 बजे से 07.03.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम–5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड दिनांक 07.03.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा आ/नलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू) में	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुरादाबाद	टी0एम0 मार्ग से डिलारी (केनाल पटरी) मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	136.00	8.80	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी
2	मुरादाबाद	मुरादाबाद बाईपास–1 (अन्य जिला मार्ग) की विशेष मरम्मत का कार्य।	140.40	9.02	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी
3	मुरादाबाद	भीमराव अम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी मुरादा बाद के आन्तरिक मार्ग। कि0मी0 –1,2,3, 4,5)	65.31	5.27	2 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी
4	मुरादाबाद	ठाकुरद्वारा–अलीगंज कि 0मी0–1 से 7, 8(600) मार्ग।	145.59	9.28	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी
5	मुरादाबाद	भोजपुर–रोशनपुर टाण्डा मार्ग। कि0मी0–11 से 18, 19(825)	169.05	10.45	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी
6	मुरादाबाद	पुराना एन0एच0–24 के कि0मी0 157 से 159 तक मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	200.24	12.02	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी मार्ग श्रेणी

निविदा के नियम/शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic. in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/ 4एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के निविदादाता अनुरूप को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

UP – 204920 दिनांक 01.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

मो0 नवेद अहमद खां
अधिशासी अधिकारी
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

एस0पी0सिंह
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

उद्घाटन निर्माणाधीन झील का कृषि राज्यमंत्री ने किया भूमि पूजन, झील में भव्यता और सुंदरता ही ऐतिहासिक होगी

बिलासपुर में बन रही प्रदेश की सबसे बड़ी झील

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि नगर में करीब छह करोड़ रुपए की लागत से बन रही झील पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी झील होगी। कृषि राज्यमंत्री ने निर्माणधीन झील का भूमि पूजन किया।

शुक्रवार की दोपहर कृषि राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक बलदेव सिंह औलख अमृत-2.0 योजना के तहत नगर के मुख्य चौराहे के समीप निर्माणाधीन झील के भूमि पूजन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पार्क की सौगात देने के बाद भव्य झील बनवाना उनका सपना था। यह सपना भी साकार होते दिखाई दे रहा है। कहा कि यह झील इतनी बड़ी होगी कि पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक मानी जाएगी। इसके निर्माण से नैनीताल व गूलरभोज जाने वाले सैलानियों के लिए भी एक पिकनिक स्पॉट होगा। इस झील की भव्यता और सुंदरता में कोई कसर नहीं आने दी जाएगी, चाहे बजट बढ़ाने का कार्य ही क्यों न करना पड़े।

कृषि राज्यमंत्री ने जाम की समस्या से निपटने के लिए पार्किंग स्थल जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व उन्होंने कहा कि निर्माण कराए गए आंबेडकर पार्क में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग मॉर्निंग और ईवनिंग वॉक का आनंद ले रहे हैं, इससे उन्हें बहुत खुशी मिलती है। कहा कि जब हम मंत्री बने थे तब क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक थी। बहुत जल्द ही रोडवेज बनकर भी तैयार हो जाएगा। इससे पूर्व राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन झील के कार्य के भूमि पूजन में शामिल होकर नींव में ईंट रखी। झील के प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक शर्मा ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने का अक्टूबर 2024 तक का लक्ष्य है। मगर छह से सात महीने में पूर्ण होने की संभावना है। कार्यक्रम का संचालन नगराध्यक्ष चेतन परूथी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

यह लोग रहे मौजूद

पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, रवि यादव, हरजिंदर सिंह, सुरेन्द्र कुमार कुक्कू, तीरथ सिंह, अनील मदान, परमजीत कौर पोला, मधुबाला गुगलानी, कामिल खां, डा. बलविंदर सिंह, राजू तनेजा, तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह आदि।

भाजपा प्रत्याशियों के नाम की कभी हो सकती घोषणा

रामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसी समय भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकती हैं। सांसद घनश्याम सिंह लोधी भी दिल्ली पहुंच चुके हैं। किसी भी समय टिकट की घोषणा हो सकती है। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। सपा कुछ जिलों में अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है,जबकि रामपुर में आजम खां के दखल के बाद ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। पिछले कई दिनों भाजपा के प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की चर्चा चल रही है। आज प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाने थे। जिसके बाद सांसद दिल्ली के लिए रवाना हो गए। पूरे दिन भाजपाइयों में टिकट की घोषणा को लेकर हलचल मची रही। हालांकि अभी किसी का नाम का ऐलान नही किया गया है।

विधायक के राज्यमंत्री बनाए जाने की सोशल मीडिया पर खबर हो रही वायरल : शुक्रवार सुबह से विधायक आकाश सक्सेना के राज्यमंत्री बनाए जाने की सोशल मीडिया पर जमकर खबरें वायरल हो रही है। हालांकि अभी कुछ पता नही चल सका। लखनऊ में शुक्रवार को मंत्री मंडल विस्तार को लेकर मंथन चल रहा है। जिसमे शहर विधायक आकाश सक्सेना भी लखनऊ गए हुए हैं लेकिन शाम से तेजी के साथ सोशल मीडिया पर खबरें चल रही हैं कि उनको राज्यमंत्री बना दिया गया। हालांकि अभी तक पुष्टि नही हो सकी है।

एक नजर

लाइनपार में नाले में मिला शव, शिनाख्त नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह लाइनपार रामलीला मैदान के पास नाले में युवक का शव पड़ा मिला। खबर लगते ही मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मझोला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। शुक्रवार सुबह रामलीला मैदान के पास रहने वाले लोगों ने नाले में एक शव पड़ा देखा। सूचना पर मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। शव बुरी तरह से सड़ा-गला हुआ था। आसपास लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की। मगर सफलता नहीं मिली। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक युवक की मौत पानी में डूबने से हुई है। शव सात से आठ दिन पुराना है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अब घर बैठे बन जाएगा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अगर आप लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर जा रहे तो यह खबर आपके लिए है। जी हां, अब लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए कही जाने की जरूरत नहीं है। आप अब घर या कही भी बैठकर अपना लर्निंग लाइसेंस बना सकते हैं। इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करके टेस्ट देना है। जिसके तुरंत बाद आपका लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनकर तैयार हो जाएगा।

ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया में पहले लर्निंग लाइसेंस बनता है। उसके एक महीने बाद परमानेंट लाइसेंस आपके घर पहुंच जाता है। लर्निंग लाइसेंस के लिए 300 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के लिए 1100 रुपये का शुल्क जमा करना होता है। इससे पहले लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बाद संभागीय परिवहन विभाग के ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर जाता पड़ता था। जहां टेस्ट देने के बाद लर्निंग लाइसेंस बनता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को सुविधा दी हैं। जिसमें कोई भी अपने घर या कही से ही लर्निंग लाइसेंस बनवा सकता है। उसके लिए आपकों सिर्फ परिवहन विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर जाकर लर्निंग लाइसेंस का ऑप्शन चुनना हैं। जिसके बाद आधार नंबर डाले। फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ऑनलाइन परीक्षा पास करनी होगी। जिसके पास करते ही लर्निंग लाइसेंस बन जाएगा। आरआई हरिओम ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए कही जाने की जरूरत नहीं है। लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया ऑनलाइन है। परीक्षा पास करते ही लर्निंग लाइसेंस बन जाएगा। लोगों की सहूलियत के लिए विभाग ने यह नियम लागू किया है।

करूला नाले पर किए गए अतिक्रमण को टीम बनाकर हटवाने का नगर आयुक्त ने दिया निर्देश

सीवर संबंधी समस्याओं को तत्काल दूर कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शुक्रवार को महानगर के कई वार्डों में निरीक्षण कर गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। सड़क व नाले पर किए गए अतिक्रमण को टीम बनाकर तत्काल हटवाने का निर्देश दिया। जल निगम नगरीय के अधिकारियों को सीवरेज संबंधी समस्या का जल्द समाधान करने के लिए कहा। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

क्षेत्रीय पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने नगर आयुक्त को वार्ड नंबर 54 में मंडी चौक शहीद स्मारक के निकट रास्तों को चूहों द्वारा खोखला करने की जानकारी दी। वहां पड़ी सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना कई बार जल निगम के अधिकारियों को देने के बाद भी इसका समाधान करने के बारे में बताया। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को तत्काल इस पर ध्यान देकर सीवर संबंधित समस्या दूर कराने का निर्देश दिया। कहा कि कार्य न होने पर कार्रवाई करेंगे।

सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, साथ में नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी।

नगर आयुक्त ने जलभराव की समस्या के कारण करूला नाले का औचक निरीक्षण किया। पाया कि नाले पर लोगों ने अतिक्रमण किया है और अवैध कॉलोनी विकसित होने से नाले की चौड़ाई कम हो गई। जिसके कारण जलभराव होने से नागरिकों को समस्या होती है।

बरसात में नारकीय स्थिति आती है। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत को नोडल अधिकारी बनाते हुए उनके नेतृत्व में टीम बनाकर जिसमें कानूनगो, लेखपाल, एमडीए के कर्मचारी व प्रवर्तन दल के साथ मिलकर अवैध रूप से विकसित कॉलोनी की पैमाइश कराकर चिह्नित कर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। कहा कि नोटिस जारी कर अतिक्रमण को हटाएं। जो भी बाधा डाले उस पर भी कार्रवाई करें।

नगर आयुक्त ने निगम के संपत्ति विभाग की समीक्षा भी की। अधिकारियों से कहा कि नजूल व नगर निगम की संपत्तियों को संपत्ति रजिस्टर में अवश्य दर्ज करें। इसकी भौतिक समीक्षा कर देखें कि कहीं कोई अवैध कब्जा या अतिक्रमण तो नहीं किया गया है। ऐसा होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को खुले में मीट बेचने वाले दुकानों का सत्यापन करने और माल कहां से आता है इसकी रिपोर्ट बनाकर देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे, संबंधित सफाई व खाद्य निरीक्षक, सहायक अभियंता व अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने जुआ खेलते तीन को गिरफ्तार किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने गुरुवार की देर शाम जुआ खेलते तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें जयंतीपुर का प्रशांत सिंह चौहान, सूर्यनगर का जयवीर और ब्रजेश कुमार है। पुलिस ने इन तीनों को जेल भेज दिया है।

दरोगा विनय कुमार ने बताया कि वह रात में गश्त पर थे। जानकारी मिलने पर वह मैनाठेर की पुलिया के पास पहुंचे थे, जहां नाले के किनारे बैठे लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। इन लोगों को घेर कर पुलिस ने दबोचा है। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध मझोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रशांत सिंह चौहान पुत्र रमेश सिंह चौहान जयंतीपुर में पप्पू ठाकुर की चक्की के पास का रहने वाला है।

जयवीर सिंह पुत्र राजवीर सिंह सूर्यनगर में प्रथमा बैंक चामुंडा मंदिर के पीछे का और ब्रजेश कुमार पुत्र सुखवासी लाइनपार मैनाठेर मार्ग का रहने वाला है। उन्होंने बताया इनके पास से पुलिस टीम को ताश के पत्ते और रुपये भी बरामद हुए हैं।

उर्दू और सिंधी की परीक्षा में 95 गैरहाजिर

एनसीसी की परीक्षा में एक अनुपस्थित, पहली पाली में 75 व दूसरी में 4 केंद्रों पर हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में शुक्रवार को विशेष विषयों की परीक्षा हुई। इसमें इंटर में उर्दू और सिंधी की परीक्षा में 95 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली में हाईस्कूल की एनसीसी परीक्षा में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। उर्दू की परीक्षार्थी इरा ने बताया कि मैंने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। परीक्षा में अच्छे अंक आने की उम्मीद है। छात्रा रोजी ने बताया कि पेपर कठिन नहीं था। इसलिए उत्तर लिखने में आसानी रही।

जनपद में यूपी बोर्ड की पहली पाली की परीक्षा 75 केंद्रों पर हुई। इस दौरान हाईस्कूल की मानव विज्ञान की परीक्षा में कोई परीक्षार्थी उपस्थित नहीं रहा। वहीं इंटरमीडिएट की उर्दू और सिंधी में कुल 824 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पाली की परीक्षा 4 केंद्रों पर हुई। इसमें केवल हाईस्कूल की एनसीसी विषय की परीक्षा हुई। इसमें एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि दोनों ही पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा।

मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ **10 वीं मानव विज्ञान की परीक्षा में एकमात्र परीक्षार्थी पंजीकृत, वह भी अनुपस्थित रहा**

पहली पाली				
परीक्षा	विषय	पंजीकृत	उपस्थित	अनुपस्थित
हाईस्कूल	मानव विज्ञान	1	0	1
इंटरमीडिएट	उर्दू, सिंधी	919	824	95
योग		920	824	96
दूसरी पाली				
परीक्षा	विषय	पंजीकृत	उपस्थित	अनुपस्थित
हाईस्कूल	एनसीसी	66	65	1

झपकी लगने से जलते हीटर पर गिरा जवान

मुरादाबाद, अमृत विचार : 24वीं वाहिनी पीएसी में तैनात मेस मैनेजर को नींद की झपकी आ गई। इससे वह जलते हुए हीटर पर गिर गया। पास रखा कांच का गिलास भी उसके चेहरे में घुस गया। इस हादसे में वह गंभीर तरह से झुलस हो गया।

साथी पीएसी कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल पीएसी कर्मी वेद प्रकाश 24वीं वाहिनी पीएसी में मेस मैनेजर है। वह मूलरूप से कानपुर देहात के अकबरपुर का रहने वाले हैं। दो साल से उनकी यहां पीएसी में तैनाती है। इनका परिवार बरेली में रहता था। वेद प्रकाश ने बताया कि गुरुवार रात वह मेस ड्यूटी पर तैनात थे।

इसी बीच अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे वह जलते हुए हीटर पर गिर गए थे। कुछ दूरी पर रखा कांच का गिलास उनके चेहरे पर घुस गया। झुलसने और कांच धंसने वह घायल हो गए हैं। उनकी नाक में भी चोट है।

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से वेंटीलेटर पर पहुंचा नंदलाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से चोटिल हुए नंदलाल वेंटीलेटर पर पहुंच गए हैं। सोमवार को ऑपरेशन हुआ है। फिलहाल, इस मामले में घायल की पत्नी कविता ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मूंढापांडे थाने में मामला दर्ज कराया है।

कुलीपुर उर्फ नगला की कविता ने बताया कि घटना 25 फरवरी की शाम की है। उनके घर की तरफ आने वाली गली में चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली और इसके पीछे बोरिंग करने वाली मशीन बांधकर आ रहा था। मशीन के पाइप दोनों साइड से काफी बाहर निकले थे। फिर भी चालक ट्रैक्टर की गति को काफी तेज किए था। घर के दरवाजे पर खड़े उनके पति नंदलाल मशीन के पाइप की चपेट में आ गए। इंजन का पहिया उनके पेट से होकर गुजर गया था। सिर भी काफी चोटिल हो गया था। उन्हें साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह वेंटीलेटर पर हैं। नंदलाल के बड़े भाई सोमपाल ने बताया कि उनके भाई के अब तक के इलाज में डेढ़-दो लाख रुपये नकद खर्च हो गए हैं। दवा-जांच आदि के अन्य खर्चे पूरे करने के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड का प्रयोग किया है। उसके तीन बच्चों में 14 साल की बेटी ही बड़ी है, जबकि दो बेटों में बड़ा अभिषेक 12 साल का और सबसे छोटा बेटा अभी तीन साल की ही है। सोमपाल ने बताया कि नंदलाल से पहले भी उनके दो छोटे भाई असमय मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं।

शिकायत

▸▸ **25 फरवरी को हुई थी दुर्घटना घायल की पत्नी ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट**

इसलिए अब वह नंदलाल को खोना नहीं चाहते हैं, उनके इलाज में रुपये की कमी नहीं आने देंगे। उधर, मूंढापांडे थाना पुलिस ने कविता की तहरीर पर ट्रैक्टर पंजीकरण संख्या (यूपी-21-पी-2075) के आधार पर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। मूंढापांडे थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

लापरवाही : सिविल लाइन क्षेत्र में कुछ इस तरह वाहन पर ओवरलोड सामान लेकर जाता चालक। इससे रास्ते में दूसरों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी है। ● अमृत विचार

जीएसटी चोरी पकड़ने में मुरादाबाद जोन अव्वल

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुरादाबाद जोन में प्रवर्तन टीमों ने जीएसटी चोरी करके माल ले जा रहे वाहनों की धरपकड़ करने में अपनी सक्रियता बढ़ाकर प्रदेश में खुद को अव्वल साबित किया है। राज्य कर विभाग की ओर से प्रदेश स्तर पर जारी हुई फरवरी की रिपोर्ट से मुरादाबाद जोन में प्रवर्तन इकाइयों द्वारा वाहनों की जांच करने में अव्वल आने की उपलब्धि सामने आई है। मुरादाबाद जोन के वाणिज्य कर एडिशल कमिश्नर आरए सेठ ने बताया कि फरवरी के दौरान जनपद में प्रवर्तन टीमों ने साढ़े तीन हजार वाहनों की धरपकड़ करके उनकी जांच की। यह संख्या प्रदेश में सबसे अधिक है। जांच के आधार पर साढ़े तीन करोड़ के जीएसटी की रिकवरी की गई। पिछले साल की तुलना में 50 करोड़ रुपये का अधिक रेवेन्यू विभाग के खजाने में पहुंचा।

निरीक्षण में वाहनों की फिटनेस जांची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। सलामी के पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाइल जीप, लैपर्ड को जांचा।

प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह ने बताया कि परेड की सलामी के पश्चात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। इसके बाद पुलिस लाइन ग्राउंड पर उन्होंने पुलिसकर्मियों का फिटनेस की जांच की। फिर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने पीआरवी वाहनों, थाना मोबाइल, जीप, लेपर्ड आदि वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्ड सलामी के इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण किया गया। संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

पुलिस लाइन में वाहनों व उपकरणों का निरीक्षण करते एसपी देहात संदीप कुमार मीणा।

फिर उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन का भ्रमण करते हुए मेस, जिम्नेजियम, बैरक इत्यादि की साफ-सफाई देखी। आदेश कक्ष में विभिन्न गार्द कमांडरों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। निर्माणाधीन भवनों, चल रहे कार्यों व कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

जिला अस्पताल में लागू हुआ यूनिफार्म कोड

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला अस्पताल में चिकित्सकों व स्टाफ के लिए शुक्रवार से यूनिफार्म कोड लागू कर दिया गया। स्वास्थ्य महानिदेशालय की सख्ती पर सभी कर्मियों के लिए ड्रेस में आने की बंदिश पहली मार्च से लागू कर दी गई।

महानिदेशालय में अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज देखे जाने पर स्टाफ के बिना यूनिफार्म के दिखाई देने को लेकर अधिकारियों की तरफ से आपत्ति जाहिर की गई थी। अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार से चिकित्सकों व स्टाफ के लिए ऐप्रन पहनकर ड्यूटी पर आना अनिवार्य किया गया है। वहीं चीफ फार्मासिस्ट हेमंत चौधरी ने बताया कि सभी कर्मियों को अनिवार्य रूप से रोजाना अपनी यूनिफार्म में ही आना होगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन लगभग सभी कर्मचारियों ने यूनिफार्म में ड्यूटी की।

आयोजन बाल विकास विभाग की ओर से बच्चों व किशोरियों में एनीमिया की जांच को लगा शिविर

रक्त की कमी दूर करने को भोजन में आयरन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सुपोषित और एनीमिया मुक्त जिला अभियान के तहत बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को बच्चों व किशोरियों की एनीमिया जांच और कुपोषण निवारण के लिए नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिविर लगा। इसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने किया।

शिविर में ईजेड मशीन के माध्यम से बिना रक्त निकाले कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की जांच कर एनीमिया का पता लगाने के साथ ही पोषण युक्त भोजन व पदार्थों के बारे में स्टॉल पर जानकारी दी गई।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में लगे स्टॉल पर उत्पाद देखतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव व अन्य अधिकारी।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं में खून की कमी से होने वाली बीमारियों से शरीर को नुकसान होता है। इसे दूर करने के लिए प्रोटीन युक्त भोजन करने के साथ ही नियमित रूप से आयरन की टैबलेट खाने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी सुमित कुमार यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा एनीमिया की रोकथाम के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें निशुल्क आयरन टैबलेट देने के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई जा रही है। जिससे महिलाओं में एनीमिया बीमारी न हो। उन्होंने कार्यक्रम में बिना रक्त निकाले खून की जांच करने व उसके समाधान निकालने को एक सार्थक कदम बताया। बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग के द्वारा योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग के 5 स्कूलों में बालिकाओं में ईजेड मशीन से हीमोग्लोबिन की जांच कराई जाएगी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के अलावा बाल विकास विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग व कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

मुरादाबाद, अमृत विचार: इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की ओर से डिप्टी जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर में नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता से संबंधित सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें सेवारत एनजीओ सेवा द सर्विंग का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में लड़कियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक मंच दिया गया। कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन, मासिक धर्म स्वच्छता, आत्मरक्षा तकनीक, हेल्पलाइन नंबर साझा करना किया। इसमें रितु नारंग, अपूर्वा शर्मा, ज्योति ,एसआई रेशमा, डॉ प्रगति गुप्ता, मेघा सुनेजा ने सभी का ज्ञानवर्धन किया। इस दौरान क्लब प्रेसिडेंट मानुषी, प्रधानाचार्य सुनील कुमार समेत क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन टीना शर्मा ने किया।

सेल्समैन से मारपीट कर 18,000 लूटे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बंगला गांव की देशी शराब दुकान के सेल्समैन को रात में घर जाते समय तीन युवकों ने रास्ते में रोक कर मारा-पीटा और जेब में रखे 18000 रुपये लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित रात 10.45 बजे पुलिस चौकी बंगला गांव पहुंचा, जहां कोई पुलिसकर्मी नहीं मिला। फिर शुक्रवार सुबह नागफनी थाने पहुंचा और आपबीती बताकर प्रार्थना पत्र दिया।

पीड़ित सूर्यकांत गुप्ता ने बताया कि वह एकता विहार कॉलोनी का रहने वाला है। 15 दिन पहले ही उसने राकेश आहूजा की देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन की नौकरी शुरू की है। हर रोज की तरह वह दुकान को बंद कर बाइक से घर जाने लगा, तभी वहां नशे की हालत में खड़ा युवक जबरन बाइक पर बैठ गया। इसी दौरान उसने फोन कर दो अन्य लोगों को गुरहट्टी में बालाजी मंदिर के पास बुला लिया। जब वह बाइक से बालाजी मंदिर के पास पहुंचा तो युवक ने उसे वहीं रोक लिया और उसके बाइक की चाबी निकाल ली। उस समय रात के 10.30 बज रहे थे। चाबी मांगने पर वह सेल्समैन से गाली-गलौज करने लगा, तभी लविश के दोनों साथी भी आ गए। इन लोगों ने उसे पीटा और जेब में रखे 18,000 रुपये भी लूट लिए। इन लोगों के चंगुल से छूटने के बाद वह बंगला गांव पुलिस चौकी पर गया, जहां कोई पुलिसकर्मी नहीं मिला। पीड़ित ने शुक्रवार सुबह थाने जाकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। सेल्समैन ने बताया कि जो रुपये आरोपियों ने उससे छीने हैं, वह दुकान के थे। वह कमीशन पर काम करता है। उसे प्रति क्वार्टर देशी शराब बिक्री पर 35 पैसे कमीशन मिलता है।

दुस्साहस

▸▸ **गुरुवार रात 10:30 बजे गुरहट्टी में बालाजी मंदिर के पास सेल्समैन से की लूटपाट**

▸▸ **नागफनी थाना क्षेत्र का मामला बंगला गांव पुलिस चौकी पर नहीं मिला कोई पुलिसकर्मी**

अब थानाध्यक्ष की सुनिए...

थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि बंगला गांव की पुलिस चौकी प्रभारी अंकुर मलिक अवकाश पर हैं। वहां केवल दो कांस्टेबल तैनात हैं, उनकी भी परीक्षा में ड्यूटी लगी है। चौकी क्षेत्र में दो स्कूल हैं, जिनमें परीक्षाएं हो रही हैं। इसलिए रात में चौकी पर गए पीड़ित को पुलिसकर्मी नहीं मिल पाए होंगे। सेल्समैन के मामले में अभी कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इस मामले में जानकारी कर रहे हैं।

एक नजर

अधिवक्ताओं ने शोकसभा में रखा मौन

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के सदस्य प्रदीप कुमार राणा एवं उनके भाई सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य तरुण कुमार राणा के पिता लाखन सिंह मुंशी का गुरुवार को निधन हो गया था। इसको लेकर तहसील बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को मंडी परिसर स्थित तहसील परिसर में शोकसभा की। संगठन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा कि सभी अधिवक्ता इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ हैं। शोकसभा में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी, महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, फतेह सिंह, नरेशपाल सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, गजेन्द्र सिंह, वीर सिंह, आफताब आलम, डॉ. इसरार खां, नंदराम सिंह सागर, संजीव कुमार, संजय सिंह चौहान, संदीप कुमार, संजय कुमार, वीर सिंह त्यागी, समरपाल, नितिन कुमार, बृजकिशोर, देवेन्द्र कुमार, रमेश चंद्र, जयप्रकाश सैनी, मनोज सक्सेना, श्योराज राणा, अजीत राणा रहे।

हरिद्वार रवाना होते शिवभक्त।

गंगाजल लाने हरिद्वार रवाना हुए शिवभक्त

गजरौला, अमृत विचार : शुक्रवार देर शाम शिव भक्त हरिद्वार से जल भरने के लिए रवाना हुए। शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुए। वहां से लौटकर शिवभक्त महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। महाशिवरात्रि नजदीक आते ही शिवभक्तों का हरिद्वार के लिए जाना शुरू हो गया है। पहला जत्था शुक्रवार शाम शहर के इंदिरा चौक से रवाना हुआ। इससे पहले परिवार वालों ने मंदिर में उनके लिए पूजा की। आठ मार्च को महाशिवरात्रि के चलते शिव भक्तों ने हरिद्वार से जल भरकर लाने के लिए रवाना होने लगे हैं। चार मार्च से कावंड़ियों के वापस लौटने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा।

सड़क पार कर रही वृद्धा को बस ने मारी टक्कर, मौत

आगापुर गांव में हुआ हादसा, बेटी के घर जा रही थी वृद्धा, हादसे के बाद लगा जाम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के गजरौला मार्ग पर रोडवेज बस ने सड़क पार कर रही वृद्धा को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से वृद्धा की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने वृद्धा के शव को सीएचसी भेज दिया। जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

मोहल्ला कोट दरबार निवासी 60 वर्षीय मुन्नी बेगम पत्नी अब्दुल बसी शुक्रवार को बस से अपनी छोटी बेटी के घर गांव आगापुर गई थी। जैसे ही वह आगापुर में बस से उतरकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान गजरौला की दिशा से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे 60 वर्षीय वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वृद्धा के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवा दिया और रोडवेज बस एवं चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं, सूचना पर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतका अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गई है। कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया मृतक के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

इसी रोडवेज बस ने वृद्धा को मारी थी टक्कर। ● अमृत विचार

हादसे के बाद मौके पर पिकअप वाहन व पड़ी बाइक। ● अमृत विचार

पिकअप ने ई-रिक्शा व बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में दूध के वाहन ने ई-रिक्शा एवं बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक एवं वाहन को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर सड़क किनारे सुमित पुत्र श्रीपाल निवासी अलीपुर खादर ई-रिक्शा खड़ी कर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी गजरौला की ओर से आ रहे दूध के वाहन ने टक्कर मारकर सुमित को घायल कर दिया और उसके बाद बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार देवर दुष्यंत व उसकी भाभी कविता घायल हो गईं। राहगीरों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां बाइक सवार कविता एवं ई रिक्शा चालक सुमित की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चार मार्च को कविता की पुत्री की शादी है। वह खरीदारी करने के लिए अपने देवर के साथ कालाखेड़ा जा रही थी। हादसे की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दूध के वाहन को कब्जे में लिया एवं ड्राइवर को कोतवाली ले आए। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। दूध के वाहन व चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

फोटोग्राफर से हुई लूट का खुलासा, एक आरोपी पकड़ा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : फोटोग्राफर से कैमरे और नकदी की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लूटा गया कैमरा बरामद हुआ है।

पांच फरवरी की रात प्रेमपाल दुकान से कैमरा लेकर बाइक से घर को जा रहा था। वह जैसे ही शहर के लिंक मार्ग पर पहुंचा। तभी चामुंडा मंदिर के पास बाग से पांच नकाबपोश बदमाश बाइक से आए और अपनी बाइक आगे लगाकर उसकी बाइक रोक ली और चाकू दिखाकर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल एवं 900 रुपये की नकदी व बाइक की चाबी लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित फोटोग्राफर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले में लूट की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुए एक आरोपी सतीश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से कैमरा भी बरामद किया है। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि लूट में शामिल आरोपी अवधेश, ओमदत्त, धर्मेंद्र एवं गांव हतयाखेड़ा निवासी हरिओम को थाना सिंभावली पुलिस ने एक अन्य लूट के मामले में जेल भेज दिया है। जबकि लूट की घटना में शामिल पांचवें आरोपी सतीश को हसनपुर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

बताया कि आरोपी सतीश शुक्रवार को नगर में लूट का कैमरा बेचने आया था। मुखबिर की सूचना पर उसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी सतीश को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

▸▸ **25 दिनों के प्रयास के बाद पुलिस को मिली सफलता, पुलिस ने आरोपी से कैमरा बरामद किया**

लोगों को योजनाओं की जानकारी दें कार्यकर्ता

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को धनौरा मंडल में कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने स्वागत किया। जिसके बाद जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से संपर्क किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि अभियान को कार्यकर्ता पूरी सक्रियता निभाते हुए घर-घर जनसंपर्क कर लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क करना है। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में कहा कि हम जितने लाभार्थियों से मिलेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी और पिछले चुनाव से ज्यादा इस बार मत पाने में सफल होंगे। देश में भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है। सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सभासद प्रशांक त्यागी, बृजेश अग्रवाल, विवेक सिंह, परम सिंह, विपिन त्यागी, चरन सिंह, प्रशांत कुमार, विमल कुमार, नीरज शर्मा, रामकिशोर सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लाभार्थी संपर्क अभियान के पत्रक दिखाते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

डिडौली, अमृत विचार : एक सप्ताह पहले नेशनल हाईवे पर स्थित जिवाई चौकी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान निजी अस्पातल में मौत हो गई।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर में पीतम सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा महेश चौधरपुर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। एक सप्ताह पहले वह फैक्ट्री से डयूटी खत्म होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र में जिवाई चौकी के सामने हाईवे पर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महेश घायल हो गया था। परिजनों ने घायल महेश को मुरादाबाद में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था। गुरुवार को महेश ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रैली निकालते झम्मनलाल पीजी कॉलेज के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों को सफाई के लिए किया जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज हसनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने ग्राम रामपुर भूड़ में सात दिवसीय शिविर का आरंभ किया। इस अवसर पर झम्मनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने रैली को शुभकामनाओं सहित झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा और विवेक शर्मा रहे। रैली ग्राम रामपुर भूड़ पहुंची जहां सर्वप्रथम बच्चों ने शिविर स्थल को साफ किया।

तत्पश्चात मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन समाजशास्त्र के प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने किया। सभी स्वयंसेवियों ने पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना की और राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। स्वयंसेवियों ने गांव में भ्रमण किया। जहां उन्होंने गांव में गंदगी और सड़क सुरक्षा की कमी देखी गई। शिविर में आकर स्वयंसेवियों ने सात दिन की रूपरेखा तैयार की गई तत्पश्चात एक टोली द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई।

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

पालिका अध्यक्ष ने भंडारा स्थलों की साफ सफाई देखी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर लगने वाले भंडारा स्थलों का पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सभासदों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका कर्मियों को निर्देश दिए।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने सभासदों के साथ भंडारा स्थलों की सफाई का निरीक्षण किया और स्टाफ को निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सफाई में कमी नहीं रहेगी। पालिका द्वारा साफ सफाई, जल और प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सभासद शाहनवाज अंसारी, हम्जा अली, राहुल सैनी, नितिन सैनी, शुभम अग्रवाल, यशपाल चौहान, शुभम आर्य, मोहसिन, राजपाल सैनी, जावेद जरताब, दिलशाद हसन आदि सभासद मौजूद रहे।

दो पक्षों में मारपीट और पथराव, आठ घायल

अमरोहा, अमृत विचार : गांव रफातपुरा में कहासुनी को लेकर दो परिवार भिड़ गए। मारपीट के बाद दोनों पक्षों में पथराव हुआ। जिससे आठ लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव रफातपुरा में अर्जुन सिंह और धनिराम सिंह के घर आसपास हैं। गुरुवार को दोनों परिवारों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद मारपीट हुई और पथराव भी किया गया। इसमें धनिराम समेत उनकी पत्नी सोमवती व बेटी याचिका व निशा घायल हो गए। दूसरे पक्ष से उदल सिंह, मीना, अर्जुन व अजय घायल हुए। ग्रामीणों ने बमुश्किल विवाद शांत कराया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में एक पक्ष के शुभम, निशांत व नत्थू समेत दूसरे पक्ष के अर्जुन, उदल व अजय पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

महिला को बाथरूम में बंद कर नौकर ने चुराए एक लाख रुपये

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : महिला को बाथरूम में बंद कर नौकर ने घर में रखे एक लाख रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी जरीना खान गुरुवार को घर में अकेली थी। सुबह वह नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। आरोप है कि इसी दौरान घर में काम करने वाले नौकर ने बाथरूम का कुंडा बाहर से बंद कर दिया और अलमारी में एक लाख रुपये चोरी कर लिए। रुपये चुराने के बाद नौकर फरार हो गया। बाद में बाथरूम में बंद जरीना ने शोर मचाया तो मोहल्ले वालों ने घर में जाकर बाथरूम का दरवाजा खोल जरीना को बाहर निकाला। अलमारी खुली देख जरीना को घटना की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जरीना की तहरीर पर बिहार के मधुबनी निवासी नौकर अजीत कामत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नोटों का हार चोरी किया

डिडौली, अमृत विचार : सिनौरा रोड पर मोहम्मद अली की जनरल स्टोर की दुकान है। शुक्रवार दोपहर को मोहम्मद अली पत्नी असगरी को दुकान पर बैठाकर नमाज पढ़ने चले गए। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए एवं कोल्ड ड्रिंक लाने को कहा। जैसे ही असगरी फ्रिज से कोल्ड ड्रिंक निकालने गई, बाइक सवार दोनों युवकों ने काउंटर पर रखा नोटों का हार लिया और फरार हो गए। नमाज पढ़कर आने पर असगरी ने पति को हार की चोरी के बारे में बताया एवं बाइक सवारों की खोज की। हार लेकर भागे बाइक सवार युवक सीसीटीवी में कैद हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नमो एप से पांच लाख लोगों को जोड़कर पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल देश में प्रथम

गजरौला, अमृत विचार : भाजपा के अभियान में पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के पांच लाख लोगों को नमो एप से सदस्यता ग्रहण कराकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्व सांसद द्वारा अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी और टीम की मदद से नमो एप पर अमरोहा लोकसभा के लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। पूर्व सांसद ने बताया कि उनके द्वारा पांच लाख लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई है। जिसके चलते देश में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

आस्था महाशिवरात्रि पर लगता है विशाल मेला, कांवड़िये करते हैं जलाभिषेक

कांवड़ियों के लिए आस्था का केंद्र है चाकेश्वर मंदिर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : झारखंड चाकेश्वर महादेव मंदिर सैकड़ों सालों से कांवड़ियों की आस्था का केंद्र है। मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर से दो किलोमीटर दूर जंगल में स्थित झारखंड चाकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही मन बरबस भक्तिमय हो जाता है। यहां एक ओर भगवान शिव की विशाल मूर्ति श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करती है। वहीं दूसरी ओर वर्षों पुराने मंदिर की छटा। यहां हर साल महाशिवरात्रि पर मेला लगता है। बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। सलेमपुर गोसाई निवासी हितेश कुमार व देवराज सिंह पिछले 10 सालों से सोमवार को झारखंड चाकेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने बताया कि पुराने लोगों से सुनते हैं, जहां अब भव्य मंदिर है, यहां पर कभी जंगल था। चाकीखेड़ा का रकबा सलेमपुर गोसाई की रियासत के अधीन था। रियासत के कर्मचारी झाड़ियों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एक कर्मचारी का फावड़ा शिवलिंग से टकराया। खोदाई करने पर भी जमीन से निकले शिवलिंग का दूसरा छोर हाथ नहीं आया। तब रियासत के राजा ने इस मंदिर का निर्माण कराया था। झारखंड चाकेश्वर महादेव मंदिर करीब सैकड़ों वर्ष पुराना है। मंदिर की काफी मान्यता है। जनपद के अलावा अन्य जनपदों के कांवड़िए भी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

लवकुश गिरि, पुजारी।

झारखंड चाकेश्वर महादेव मंदिर। ● अमृत विचार

▸▸ **तत्कालीन गोसाई की रियायत ने कराया था निर्माण**

हितेश कुमार।

देवराज सिंह।

चार दिन बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

अमरोहा, अमृत विचार : महिला की लाश की चार दिन बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के हाथ अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के धनौरा बाइपास मार्ग स्थित गांव खेतापुर के जंगल में मंगलवार सुबह महिला की 20 टुकड़ों में लाश मिली थी। थाना अध्यक्ष पंकज तोमर ने मौके से टुकड़ों को कब्जे में ले लिया था। हत्यारे ने महिला के दोनों हाथ शरीर से अलग कर दिए थे। पैर, सिर और अन्य शरीर थैलों से बरामद हुए। महिला की निर्मम हत्या देखकर लोगों के होश उड़ गए पुलिस भी अचंभित रह गई। शव मिलने के बाद चार दिन बाद भी शुक्रवार तक महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के डीएनए का नमूना लेने के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

एक नजर

शिविर में 38 बच्चों का किया गया नेत्र परीक्षण

बबराला अमृत विचार : भानु मेमोरियल आई चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रामेश्वर दयाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगे निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 38 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर का आरंभ नेत्र चिकित्सक डॉ. राहुल यादव ने किया। डॉ. राहुल यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि आंखों की सुरक्षा के लिए तेज धूप में घर से बाहर न निकलें। अधिक समय तक मोबाइल का उपयोग न करें और न ही टीवी देखें। उन्होंने आंखों के साथ दांतों की उचित देखभाल करने की सलाह दी। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा, आचार्य राजवीर, आचार्या पूनम, अभय वार्ष्णेय टेस्टी, विवेक एडवोकेट, ज्ञान सम्राट, जगदीप वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

दुकान कब्जाने का आरोप

संभल,अमृत विचार : मुरादाबाद निवासी अनिल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय में खाद बीज की दुकान पर भवन स्वामी ने अपने ताले लगाकर बोर्ड पर पुताई करा दी। 27 फरवरी को दुकान पर देखा तो दूसरे ताले लगे हुए थे। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

किसानों ने की अंडरपास निर्माण की मांग

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 39वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर व भटोला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग उठाई। कहा कि सरकार और यूपीडा द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान राहिद, मुकेश, अखिलेश, महेश, पातीराम, रामकिशन, जयपाल, गनपत, दोजी सिंह, अशोक कुमार आदि रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल ग्रामीण को सीएचसी पहुंचाया। गांव हिरौनी निवासी रामपाल (55) शुक्रवार को पैदल पांच किलोमीटर दूर स्थित रिश्तेदारी में गांव सैडोरा जा रहा था। गांव हिरौनी से आगे पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे रामपाल घायल हो गया।

कच्ची दीवार के मलबे में दबकर छात्र की मौत

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में घर की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर छात्र की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव वघोई में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे सुखराम के घर की कच्ची दीवार के पास बच्चे खेल रहे थे। तभी दीवार भरभरा कर गिर गई। मलबे में सुखराम का बेटा धर्मेंद्र (12) दब गया। अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने आनन फानन में मलबा हटाकर धर्मेंद्र को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने असदपुर गंगाघाट पर धर्मेंद्र का शव दफना दिया। हालांकि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर नहीं दी है। धर्मेंद्र गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के तीजे के दौरान उठी मांग, विधायक जियाउर्रहमान ने कहा, सपा अध्यक्ष से मिलकर पेश करेंगे दावेदारी

पौत्र जियाउर्रहमान संभालेंगे डॉ. बर्क की राजनीतिक विरासत, किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: 50 साल की राजनीतिक बादशाहत में चार बार विधायक और पांच बार सांसद चुने गए डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद अब उनके पोते कुंदरकी से सपा विधायक जियाउर्रहमान दादा की राजनीतिक विरासत संभालेंगे। डॉ. बर्क के तीजे के कार्यक्रम में आवाज उठी तो जियाउर्रहमान ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर दावेदारी पेश करेंगे।

संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को इस बार लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से उम्मीदवार घोषित किया था। बीमारी के चलते लोकसभा चुनाव से पहले ही डॉ. बर्क का निधन हो गया। तभी से संभल लोकसभा सीट से सपा के उम्मीदवार को लेकर चर्चा तेज हो गई। शुक्रवार को मोहल्ला दीपा सराय में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के तीजे की फातिहा में कई उलमा सहित लोगों ने कहा कि अब डॉ. बर्क संभल की जनता की रहनुमाई करने के लिए इस दुनिया में नहीं हैं।

इस पर जियाउर्रहमान बर्क को उनकी राजनीतिक विरासत संभालते हुए संभल लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरना चाहिए। इस मांग को लेकर जियाउर्रहमान से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह समर्थकों की भावनाओं का सम्मान करते हैं। दादा के बताए रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए वह लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर दावेदारी करेंगे।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के तीजे की फातिहा पढ़ाते मौलाना, साथ में विधायक जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

मेरे पास दादा की विरासत, उसे आगे बढ़ाऊंगा

संभल, अमृत विचार : जियाउर्रहमान बर्क ने दादा की राजनीतिक विरासत को संभालने का ऐलान करते हुए कहा कि हमारी कोई फैक्ट्री, कारखाना या कोल्ड स्टोरेज नहीं है। हमारे पास बस दादा की विरासत है जो उन्होंने मुझे सुपुर्द की है। मैं पूरी ईमानदारी और कोशिश से उसे कायम रखकर आगे बढ़ाने का काम करूंगा।पत्रकारों से बातचीत में विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि जिंदगी भर दादा डॉ. बर्क ने जिस तरह कौम और आवाम की खिदमत को अंजाम दिया, उसे सभी ने देखा है। बर्क साहब ने कोई दौलत इकट्ठा नहीं की, मेहनत और ईमानदारी के साथ जो उन्होंने राजनीति की। दादा पिछले 10-12 साल से यह चाहते थे कि वह मुझे अपना राजनीतिक वारिस बना सकें। उनकी कोशिश और जद्दोजहद से ही आज विधायक की हैसियत से खड़ा हूं। दादा डॉ. बर्क को संभल लोकसभा सीट से टिकट अखिलेश यादव जी ने दे दिया था। मेरी ही नहीं करोड़ों लोगों की यह ख्वाहिश थी, बर्क साहब को अल्लाह एक बार और खिदमत करने का मौका दे। क्योंकि इस वक्त हालात बहुत नाजुक हैं, खासतौर से हमारी कौम के लिए।

भाजपा के ऑफर से कोई मुस्लिम विधायक नहीं बिका

संभल, अमृत विचार : जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि किसी धर्म के लोग गद्दार हैं। राज्यसभा चुनाव में भाजपा खुला ऑफर दे रही थी। कई-कई करोड़ रुपये का लेकिन कोई मुसलमान विधायक नहीं बिका। यह पांच-दस करोड़ रुपये दे रहे थे। कभी 100 करोड़ और 1000 करोड़ भी देने की कोई पेशकश करेगा तो जियाउर्रहमान उस डॉ. बर्क का पोता है, वह अपने जमीर को नहीं बेचेगा।

भाजपा नेता की गिरफ्तारी पर भड़के लोग, हंगामा

वीडियो बनाने के आरोप में भाई से मारपीट के मामले में थाने पहुंचे थे भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में शराब पीकर लोगों ने वीडियो बनाने का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट की। युवक के भाई भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस उन्हीं के खिलाफ दूसरे पक्ष की तहरीर पर एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया। इसकी जानकारी मिलने पर लोग भड़क गए।

पुलिस ने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष का शांतिभंग में चालान किया तो लोगों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया। इसके बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की तो लोग शांत हो गए।

गांव गुमसानी स्थित टेंपो स्टैंड पर टेंपो चालक शराब पीकर विवाद करते हैं। पास में ही भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष एवं करणी सेना के अध्यक्ष रितिक राजपूत के भाई चक्रेश का मेडिकल स्टोर है। गुरुवार रात लोग शराब के नशे में पहले पकौड़ी विक्रेता पर वीडियो बनाने का आरोप लगाने लगे। फिर चक्रेश पर वीडियो बनाने का आरोप लगाकर विवाद और मारपीट की। चक्रेश ने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो गांव डयोढी से रितिक राजपूत तहरीर लेकर थाने पहुंचे। वहां पहले से ही दूसरा पक्ष मौजूद था। आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर रितिक राजपूत के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया और थाने में ही बैठा लिया। रात में एक अन्य भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचा तो उसे भी बैठाकर मारपीट की। शुक्रवार सुबह इसकी जानकारी जब भाजपाइयों को हुई तो आक्रोश पनप गया।

भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान के साथ लोग थाने पहुंचे और कार्रवाई को लेकर आपत्ति की। हालांकि इससे पहले ही आक्रोश की जानकारी मिलने पर पुलिस ने रितिक राजपूत का शांतिभंग में चालान कर दिया। इसके बाद सीओ संतोष कुमार और कोतवाल के साथ काफी देर तक वार्ता हुई। कहा कि रितिक राजपूत के खिलाफ किस आधार पर कार्रवाई की गई, जबकि वह मौके पर मौजूद नहीं थे। रितिक राजपूत अव्यवस्थाओं को लेकर एक्स पर ट्विट करते रहते हैं। इसके चलते द्वेषभावना के साथ पुलिस ने कार्रवाई की है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने चक्रेश के साथ गाली गलौज कर मारपीट की है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

काफी देर तक चली वार्ता के बाद पुलिस ने रितिक राजपूत की मां बाला देवी की तहरीर पर दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रितिक राजपूत के खिलाफ दर्ज मुकदमे को समाप्त करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान पूर्व विधायक मेजर जगतपाल सिंह, भाजपा युवा मोर्चा रहटोल मंडल अध्यक्ष यश शर्मा, मंडल महामंत्री कुनाल ठाकुर, मंडल मंत्री विकास ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, राजीव राघव, अजीत भटनागर, सुबोध राघव, सुनील ठाकुर, गौरव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

असमोली थाने में पुलिस अधिकारियों के सामने नाराजगी जताते भाजपा नेता विशाल चौहान व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ थाने पहुंचे लोगों ने पुलिस पर लगाया द्वेष भावना से कार्रवाई करने का आरोप

बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट में मामला दर्ज

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में बिजली बिल का बकाया जमा कराने पहुंची विभाग की टीम के गाली गलौज व मारपीट की गई। इस मामले में अवर अभियंता ने सगे भाइयों व पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला सादक सराय निवासी बाबर के घर गुरुवार को बिजली बकाया जमा कराने के लिए बिजली विभाग की टीम गई थी। आरोप है कि बकाया बिल जमा करने से बाबर ने मना कर दिया। टीजी टू अली सज्जाद व आशीष शर्मा ने बकाया के पेपर पर साइन करने के लिए बाबर से कहा। आरोप है कि साइन करने से मना करते हुए बाबर ने अपने भाई फजल व अन्य साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर ये लोग टीम के साथ मारपीट करने लगे। अली सज्जाद व आशीष शर्मा और संविदा कर्मी मनोज कुमार, दीपक कुमार, सुनील, गफ्फार, सादिक अब्बास ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने बाबर, फजल और तीन से पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बच्चों के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में खेलते समय बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद बड़े आपस में भिड़ गए। लोगों के बीच लाठी डंडे चले। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। गांव अहरौला नवाजी निवासी राम सिंह और धर्मपाल के परिवार के बच्चे खेल रहे थे। तभी बच्चों में गेंद को लेकर विवाद हो गया और मारपीट भी हुई। मामला परिवार के बड़ों तक पहुंचा तो वह भी मैदान में आ गए। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से गजेंद्र, नोवेश, राम बेटी तथा दूसरे पक्ष से सरोज घायल हो गए।

दो बाइकों की भिड़ंत में छात्र समेत तीन लोग हुए घायल

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें झारखंड निवासी छात्र समेत तीन लोग घायल हो गए।

झारखंड राज्य के शहर चतरा निवासी प्रिंस राज यादव (22) पुत्र बाबू लाल यादव नोएडा की ग्लगोटिया यूनिवर्सिटी में बीए आनर्स इंग्लिश का छात्र है। वह बाइक से शुक्रवार को किसी काम के सिलसिले में संभल आया था। प्रिंस राज यादव की बाइक आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बबराला में एक बैंक्वेट हॉल के आगे सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे प्रिंस राज और दूसरी बाइक पर सवार महिला व उसका साथी घायल हो गए। चोटिल महिला व अन्य गंतव्य की ओर चले गए जबकि घायल प्रिंस राज को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया। घायल प्रिंस राज ने नोएडा में पढ़ाई करने वाले रूम पार्टनर सत्यम को दुर्घटना की जानकारी दे दी है।

हादसे में साइकिल सवार बालक जख्मी

संभल, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डेरा सराय निवासी अयान (12) शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे साइकिल पर सवार होकर बाजार से घर जा रहा था। शंकर चौराहे के पास पुराना अस्पताल मार्ग पर सामने से बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे अयान सड़क पर गिरकर घायल हो गया। टक्कर मार कर भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवार को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों ने निजी डॉक्टर के पास ले जाकर अयान का उपचार कराया।

सगाई समारोह में डीजे पर डांस के दौरान मारपीट दो लोग हिरासत में लिए

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में सगाई समारोह के दौरान डीजे पर डांस के दौरान लोगों के बीच जमकर लात घूसे और बेल्टें चलीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

गांव देवपुरा निवासी हरपाल के पुत्र की सगाई जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घोसली से हुई। सगाई की रस्म पूरी होने के दौरान डीजे पर गीत गूंज रहे थे। डीजे पर अचानक दिग्विजय पहुंच गया।

दिग्विजय और अजयपाल के बीच डीजे बजाने एवं नृत्य करने को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे और बेल्टें चलीं।

पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव घंसूरपुर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

रास्ते पर कीचड़ को लेकर भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन

संवाददाता,संभल/असमोली

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत घंसूरपुर में रास्ते पर कीचड़ को लेकर ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने रास्ता सही कराने की मांग की।

घंसूरपुर में खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर जलभराव और कीचड़ है। जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण कीचड़ से होकर ही खेतों पर जाते हैं। कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया, लेकिन रास्ता ठीक नहीं कराया।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान अनुज रावत, कमल सिंह, निशांत कुमार, बलेश, राजपाल, रामवीर, मोहित, रामदास, दीपक, रिंकू, सुनीता, प्रभा, गुड्डी, सत्तार हुसैन आदि रहे।

प्रसव के बाद आशा ने मांगे रुपये, हंगामा

संभल, अमृत विचार: जिला अस्पताल में प्रसव के बाद आशा ने तीमारदारों से डॉक्टर को देने के नाम पर रुपये मांगे तो हंगामा हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शहजादी सराय निवासी हिमांशु ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी रुमा को सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां ऑपरेशन से रुमा ने बच्ची को जन्म दिया। शुक्रवार को रुमा व बच्ची की छुट्टी कराकर जिला अस्पताल से घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। मौके पर पहुंची गांव की ही आशा ने डॉक्टर को देने के लिए छह हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर आशा व हिमांशु के बीच कहासुनी हो गई। मामला तूल पकड़ा तो डॉक्टर ने पेपर व कुछ दवा देकर हिमांशु से रुमा व बच्ची को जिला अस्पताल से घर लेकर जाने को कहा। हिमांशु ने आशा पर जिला अस्पताल में डिलीवरी होने पर मिलने वाले रुपये दिलाने से मना करने का भी आरोप लगाया।

बालाजी ज्ञान ज्योति स्कूल में यशोदा जयंती मनाते विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

मां यशोदा के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में यशोदा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। छात्राओं ने यशोदा के मार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी।

स्कूल में रोली, चंदन, फूल, सुपारी, धूप और चावल से पूजन किया गया। छात्राओं ने मां यशोदा के सुंदर गीत प्रस्तुत किए। शिक्षिका अनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यशोदा पूर्व जन्म में देवराज इंद्र के सहायक वसुश्रेष्ठ द्रोण की पत्नी धरा थीं। शिक्षक शेखर कुमार ने कहा कि हमें मां यशोदा की जयंती पर उनके और श्रीकृष्ण के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। इस दौरान आकांक्षा ठाकुर, रूपाली, नंदिनी, छाया ठाकुर, साक्षी शर्मा, ज्योति, प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा, अदिति वर्मा आदि रहे।

लापरवाही | गेहूं खरीद के जिम्मेदारों की बोर्ड परीक्षा में लगी ड्यूटी, कौन करेगा क्रय प्रक्रिया की निगरानी

मंडी समिति में खोला गया गेहूं क्रय केंद्र, पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के निर्देश पर गेहूं खरीद के लिए जिले में शुक्रवार से क्रय केंद्र खोल दिए गए, लेकिन यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर भी पेंच फंसा हुआ है। गेहूं खरीद के जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी है। ऐसे में सवाल है कि क्रय केंद्रों का नियमित रूप से संचालन और निगरानी कैसे हो पाएगी।

प्रदेश सरकार ने गेहूं का मूल्य 2275 रुपये घोषित कर एक मार्च से ही क्रय केंद्रों को खोलने के निर्देश दिए थे। जिले में 58 क्रय केंद्रों को स्वीकृति मिली थी। शुक्रवार से क्रय केंद्रों का संचालन शुरू हो गया। शुक्रवार सुबह मंडी समिति में बैनर लगाकर क्रय केंद्र का संचालन शुरू किया गया। हालांकि बाद में सन्नाटा रहा। किसान भी गेहूं लेकर मंडी समिति नहीं पहुंचे। जिस चबूतरे पर पूर्व में क्रय केंद्र खोले जाते रहे हैं उस पर सन्नाटा छाया रहा।

आढ़तियों का खाद्यान्न और सामान रखा मिला। चबूतरे के सामने भी सरसो सूखती नजर आई। हालांकि व्यवहारिक बात यह है कि गेहूं खरीद से संबंधित एजेंसियों के एएमओ और एमआई की ड्यूटी यूपी बोर्ड परीक्षा में भी लगी है। जिससे पेंच फंसा हुआ है। इस माहौल में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन को लेकर समस्या भी आ रही है।

वहीं डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह ने बताया कि संभल मंडी समिति में क्रय केंद्र की शुरुआत की गई है। जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी यूपी बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में भी लगी है, जो बेहद जरूरी है। उन्होंने जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त हो जाने की बात कही है।

संभल में लगा सरकारी गेहूं खरीद केंद्र का बोर्ड व फर्श पर सूखती सरसों।

गेहूं खरीद पर 150 रुपये की मूल्य बढ़ोतरी नाकाफी

बहजोई, अमृत विचार : सरकार ने गेहूं खरीद पर 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों का गेहूं 2275 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। लेकिन इससे किसान नेता खुश नहीं है। उन्होंने सरकार के फैसले को नाकाफी बताया है।किसान नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से एमएसपी पर खरीद गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। 150 रुपये बढ़ाने किसानों के साथ छलावा है।

सरकार ने जो गेहूं का मूल्य घोषित किया है, वह किसानों को मान्य नहीं हैं। जिस तरह से फसल में लागत बढ़ रही है। इसके हिसाब से कम से कम गेहूं का मूल्य तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। **-विजेंद्र सिंह यादव,** प्रदेश प्रमुख महासचिव, भाकियू टिकैत

इस गेहूं खरीद सत्र के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2275 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है, जो नाकाफी है। सरकार गेहूं के बाजार भाव को नियंत्रित करने के लिए अंकुश लगाती रहती है। **-शंकर सिंह यादव** वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, भाकियू टिकैत

चुनाव से पहले किसानों को उम्मीद थी। उत्तर प्रदेश सरकार या केंद्र सरकार डेढ़ सौ रुपये की बढ़ोतरी करती तो किसानों को लाभ होता। किसान के सामने मजबूरी बनेगी क्योंकि एमएसपी पर उत्तर प्रदेश में कोई भी खरीद नहीं होती। पीएम फसल बीमा योजना की कवरेज बहुत काम होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। **-संजीव यादव** मंडल अध्यक्ष,भाकियू अराजनीतिक

मंडी समिति क्रय केंद्र में मौजूद डिप्टी आरएमओ विजयेता सिंह। ● अमृत विचार

जिला विपणन अधिकारी ने किया केंद्र का निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: शासन की ओर से एक महीने पहले गेहूं की खरीद को लेकर एक मार्च से ही गेहूं क्रय संचालित करने का आदेश आया तो पहले दिन शुक्रवार तो कोई भी किसान गेहूं बेचने नहीं पहुंचा। इसलिए गेहूं की खरीद नहीं हुई। इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजेयता सिंह ने मंडी समिति में स्थित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

जहां क्रय केंद्र प्रभारी से केंद्र के बारे में जानकारी की। स्टेशनरी, बोरा, किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, तोलने के लिए कांटा आदि रखने के निर्देश दिए। लापरवाही पर रखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

युवक किशोरी को लेकर फरार, कई पर रिपोर्ट

संभल/सिरसी, अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में मौसा के घर रह रहा युवक प्रेम प्रसंग के चलते अपने साथियों की मदद से किशोरी को भगाकर ले गया। पता नहीं चलने पर किशोरी के पिता ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव बारीपुर भमरौआ निवासी विशाल एक गांव निवासी अपने मौसा के घर रह रहा था। उसका इस गांव में रहने वाली किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि पांच दिन पहले विशाल किशोरी को भगाकर ले गया। थोड़ी देर बाद घर पहुंचे परिजनों को किशोरी दिखाई नहीं दी तो आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन किशोरी का गुरुवार शाम तक पता नहीं चल सका। विशाल के साथ किशोरी के जाने की जानकारी मिलने पर परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने देर रात विशाल व उसके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

एक नजर

आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट पांच मार्च को

चन्दौसी, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पांच मार्च को कैंपस प्लेसमेंट होगा। इसमें डैंसो इंडिया लिमिटेड नोएडा के अधिकारी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगे। फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक्स में अप्रेंटिस एक वर्ष के लिए रखे जाएंगे। 2021 से 23 में व्यवसाय से उत्तीर्ण पुरुष प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, आधार कार्ड सहित सभी मूल प्रमाण पत्र को लेकर समय से उपस्थित होंगे।

अभियान के तहत घर-घर जाकर किया संपर्क

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। भाजपा नेता अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने भाजपाइयों के साथ-साथ मोहल्ला तेलियान बूथ संख्या 187 में घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया। केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान संपर्क अभियान प्रमुख तरुण कुमार नीरज, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, ब्रजवाला वार्ष्णेय, अनुज गुप्ता, सभासद मेघा गुप्ता, आशीष सारस्वत, कृष्ण मोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

किशोरी से छेड़खानी में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दूसरे समुदाय के युवक ने छेड़खानी की। शोर शराबा होने पर आरोपी फरार हो गया। आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। किशोर के पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी युवक गुरुवार देर रात उसके घर में घुस गया। पुत्री कमरे में अकेली सो रही थी। तभी युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। बाद में युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। परिजनों के पहुंचने पर किशोरी ने घटना की जानकारी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने इस्लाम खां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बिगड़ा मौसम, हुई बूंदाबांदी

संभल अमृत विचार : संभल में शुक्रवार को भी धूप खिलने के बीच शाम को अचानक मौसम बिगड़ गया। इस बीच हयातनगर, सरायतरीन आदि क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई। वहीं मौसम के मिजाज को लेकर किसानों परेशान रहे।

दहेज हत्या में पति को आठ वर्ष की सजा

11 फरवरी 2016 में गांव जैतोरा सागरपुर में हुई थी घटना, जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। घटना रजपुरा क्षेत्र के गांव जैतोरा सागरपुर में 11 फरवरी 2016 की रात हुई थी।

गांव नगला चित्रभानपुर निवासी किशोरी लाल के अनुसार, उसने 12 फरवरी 2016 को रजपुरा पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया कि उसने अपनी भांजी रीना पुत्र विक्रम की शादी चार साल पहले रामकेश पुत्र रामसेवक निवासी गांव जैतोरा सागरपुर के साथ की थी। हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया

▸▸ भांजी की हत्या के बाद मामा ने दर्ज कराया था मामला

था। रीना के पास एक तीन साल का पुत्र सुमित भी है। शादी के कुछ दिन बाद पति रामकेश, ससुर रामसेवक व धर्मेंद्र दहेज के लिए रीना को प्रताड़ित करने लगे। रीना कहती थी कि मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरे मामा ने मेरी शादी की है। दहेज कौन देगा। इस बात पर रीना को मारते पीटते और खाना नहीं देते थे। घर से निकाल देते थे। दूसरी शादी करने की धमकी देते थे। वह रिश्तेदारों के साथ कई बार भांजी की ससुराल गया था। 10 दिन पहले भांजी रीना उसके घर नगला चित्रभानपुर आ गई थी। 11 फरवरी 2016 को वह भांजी को उसकी ससुराल छोड़ कर गया था। रात करीब डेढ़ बजे फोन पर सूचना मिली कि रीना को इन लोगों ने गला दबा कर मार दिया है। वह भांजी की ससुराल पहुंचा तो रीना आंगन में मरी पड़ी थी। ससुराल वाले घर छोड़ कर फरार हो गए थे।

इसके बाद पीड़ित मामा ने पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। इसमें राकेश व रामसेवक नामजद हुए थे। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। तभी से यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने अभियुक्त रामकेश को धारा 498ए में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में दो वर्ष के कारावास व दो हजार रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 304बी में आठ वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया है। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

हादसे में घायल छात्र ने दिल्ली में दम तोड़ा

चन्दौसी, अमृत विचार: तीन दिन पहले परीक्षा देने जा रहा हाईस्कूल छात्र हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। दिल्ली में उपचार के दौरान गुरुवार रात उसकी मौत हो गई।

27 फरवरी को एफआर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के तीन छात्र परीक्षा देने गांव बनियाखेड़ा स्थित लोकेंद्र शर्मा इंटर कॉलेज जा रहे थे। बाइक सवार छात्र जब चन्दौसी ग्रीन सिटी के सामने पहुंचे तो डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में छात्र शहजान की मौत हो गई थी। जबकि जैद (18) पुत्र सलीम मोहल्ला कुरैशियान गंभीर रूप से घायल हो गया था। तीसरा छात्र आजम परीक्षा देने चला गया था। अब दिल्ली में उपचार के दौरान छात्र जैद ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मचा गया।

बैठक में पुलिस व राजस्व अधिकारियों से वार्ता करते न्यायिक अधिकारी।

लोक अदालत को लेकर न्यायिक व पुलिस अधिकारियों ने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जिला न्यायालय में नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला न्यायालय में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह ने राज्य अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा की।

बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल के निर्देशन में मुकदमों को अगामी लोक अदालत में चिह्नित कर निस्तारित करने पर जोर दिया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर निस्तारण कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद, एसडीएम संभल विनय कुमार मिशरा, एसडीएम चन्दौसी नीतू रानी, एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार संभल अनुज कुमार आदि रहे।

नलकूप को लेकर भाकिसं के पदाधिकारियों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानों की मांगों को लेकर सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया। विभागीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

इस दौरान संठगन के मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष तेजभान सिंह राघव ने बताया कि भाकिसं का सदस्यता अभियान चल रहा है।

जब वह बिलारी के गांव खाता पहुंचे तो किसानों ने अपनी समस्या रखी। कहा कि गांव खाता में सरकारी नलकूप की व्यवस्था ध्वस्त है। जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई करने में असमर्थ हैं। बताया कि बिलारी में नलकूप संख्या 54 है, जिसका डिवीजन जिला संभल की तहसील चन्दौसी के सिंचाई विभाग में है। जबकि किसान कई बार अधिकारियों से कह चुके हैं,

सिंचाई विभाग में धरने पर बैठे भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर जुटे किसान, अधिकारियों के आश्वासन पर धरना खत्म

▸▸ बिलारी क्षेत्र में है नलकूप संख्या 54, चन्दौसी में है डिवीजन

मगर किसानों की मांग पूरी नहीं हो रही है। इसके लिए धरना दिया जा रहा है।

धरनास्थल पर पहुंचे एसडीओ अरुण कुमार व जेई सूर्यकांत ने किसानों ने वार्ता की और शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान जुगनेश राघव, ऋषिपाल सिंह, राजपाल यादव, अमन सक्सेना, विजय कुमार, राजपाल सिंह, कमल प्रजापति, प्रदीप कुमार, आराम सिंह, उदयवीर, राम अवतार, कुंवर पाल आदि मौजूद रहे।

नरौली के कुंवर कंचन महाविद्यालय में रैली निकालतीं रासेयो की स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कस्बा नरौली स्थित कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर मोल्ल्ला मंगलवाला स्थित जाहरवीर मंदिर में लगाया गया। इस दौरान स्वयं सेवक व सेविकाओं ने मंदिर परिसर में सफाई कर श्रमदान किया। बाद में जागरुकता रैली निकाली। नरौली के गली मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को घर व आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के द्वितीय चरण में विचार गोष्ठी हुई। केपी सिंह सोमवंशी ने स्वयंसेवक व सेविकाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी धन सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्य अतिथि सभासद रिंकी इश्त्याक अहमद, अमोल शर्मा, खेमेंद्र सिंह, दानिश फात्मा, आयुषी शर्मा, सतीश, पिंकू सैनी आदि रहे।

समाज की कुरीतियों को खत्म करने का संदेश दें

चन्दौसी, अमृत विचार: एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के शिविर खुर्जा गेट स्थित सरोजनी नायडू कम्पोजिट विद्यालय में लगे। इसमें पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा करने का मौका मिलता है। पढ़ाई के अध्ययन के दौरान सीखी गई चीजें भविष्य में काम आती हैं। इसलिए छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार व देश का नाम रोशन करें। कहा कि छात्राएं सात दिवसीय कैंप में भी गतिविधियों के माध्यम से स्वयं व समाज में जो कुरीतियां हैं, उनको समाप्त करने के लिए समाज में संदेश देने को नागरिकों को जागरुक करें। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, संगीता भार्गएव, मेगा गुप्ता, निदा, ब्रजवाला, प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन आदि मौजूद रहीं।

एसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई के शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक व प्राचार्य।

वातावरण को सुंदर बनाने के लिए काम करें स्वयंसेवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गांव गुमथल में एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगा। इसका आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह ने किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को वातावरण को सुंदर बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपने सकारात्मक लक्षणों के लिए जानी जाती है। गांव में शिविर के दौरान स्वयंसेवक अपना सकारात्मक प्रभाव छोड़कर जाएंगे, जिससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय, मोहित उपाध्याय, अभिनव वार्ष्णेय, अनुराग सोनी आदि मौजूद रहे।

गांव नवादा में आयोजित दंगल में दांव पेच आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

दिलशाद ने सत्येंद्र को दी पटखनी

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार: गांव नवादा में चल रहे राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल में शुक्रवार को अंतर्राज्यीय पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबला रहा। बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर दंगल का आरंभ किया।

पहली कुश्ती में नेपाल के पहलवान अमरनाथ थापा ने गोरखपुर के सोनू को पटखनी दी। नेपाल के साहिल थापा ने कलियर के चांद पहलवान को चित किया। हरिद्वार के साहिल और कलियर के हसीन बौना के बीच कुश्ती बराबर रही। हसीन व कुढ़फतेहगढ़ के साहिल से दूसरी कुश्ती भी बराबर रही। बाबा अजमेरी ने दिल्ली के प्रवीण को हराया। चन्दौसी के पहलवान राजा ने दिल्ली के गोलू को पटखनी दी। चन्दौसी के दिलशाद ने हरियाणा के सत्येंद्र को हराया। हरिद्वार के प्रदीप शास्त्री और राजस्थान के ब्लैक कोबरा के बीच रोमांचक मुकाबला रहा। प्रदीप शास्त्री विजयी रहे। इस दौरान एडवोकेट मोहम्मद उस्मान, इस्लाम खां, इरशाद खां, गौरव रावत, पुत्तन खां, बली मोहम्मद आदि रहे।

तैयारी इस बार चार धाम, कार में शिव व राम, नंदी पर विराजमान शिव की झांकी हो रही तैयार

महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी कांवड़ बनाने में जुटे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: महाशिवरात्रि को लेकर कांवड़ियों ने बड़ी कांवड़ बनानी शुरू कर दी है। छह मार्च को कांवड़िये गंगा जल लेने के लिए राजघाट के लिए रवाना होंगे और सात मार्च को चन्दौसी पहुंचेंगे। आठ मार्च को महादेव का जलाभिषेक होगा। इस बार कांवड़िये चार धाम की 15 फुट ऊंची बड़ी कांवड़, भगवान शिव व श्री राम के साथ नंदी कार चलाते व नंदी पर भोलेनाथ विराजमान वाली बड़ी कांवड़ बना रहे हैं।

चन्दौसी शहर से शिव भक्त कांवड़ में गंगा जल लेकर आते हैं। इस बार भी शिव भक्तों ने कांवड़ बनानी शुरू कर दी है। 15 फुट की चार धाम की कांवड़ तैयार की जा रही है। इसका वजन 70 से 75 किलो बताया जा रहा है। इस कांवड़ को चार शिव भक्त

सीकरी गेट कबीर गली में कांवड़ तैयार करत शिव भक्त। ● अमृत विचार

▸▸ छह मार्च की सुबह राजघाट जल लेने को रवाना होंगे कांवड़िये

उठाएंगे। कार में सवार भगवान शिव, श्री राम व नंदी की कांवड़ तैयार की जा रही है।

इसका वजन 60 से 65 किलो बताया जा रहा है। इस कांवड़ को भी चार शिवभक्त एक साथ उठाएंगे। एक और बड़ी कांवड़ तैयार की जा रही है। जिसमें नंदी के ऊपर भगवान शंकर विराजमान दिखाए गए हैं। तीनों बड़ी कांवड़ों को अंतिम रूप देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शिव भक्तों ने बताया कि वह अपनी टोली के साथ छह मार्च की सुबह राजघाट के लिए रवाना होंगे और सात मार्च को राजघाट से जल लेकर लौटेंगे। इसके अलावा अन्य कई कांवड़ भी तैयार की जा रही है। कांवड़ बनाने के लिए शिव कुमार, देवानंद, गौरव, रोहित, सचिन आदि शिवभक्त जुटे हुए हैं।

सार-संक्षेप

स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

युवा व्यापारियों ने रेलवे स्टेशन की उठाईं समस्याएं

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के अधीक्षक आशीष मिश्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान जीएम उत्तर रेलवे को संबोधित ज्ञापन सौंप कर स्टेशन की समस्याओं के समाधान की मांग भी की। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत भारत स्टेशन योजना को अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। अधिकारी स्टेशन का कायाकल्प निश्चित समय में पूर्ण नहीं करने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि केंद्र सरकार ने टिकट शुल्क में कटौती की है जो अभी तक चन्दौसी में लागू नहीं हुई है। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण अभी तक आरंभ नहीं हुआ है। इस दौरान सभासद तरुण नीरज, सभासद अमन कोरी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, सभासद अन्ना खान, आकाश वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, राजा कुरैशी, तुषार कुमार आदि उपस्थित रहे।

भागवत कथा के समापन पर हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भागवत कथा के समापन पर हवन में दीं आहुतियां

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ वाटिका में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने हवन में वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दीं। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान मनीष भारद्वाज, डॉ. टीएस पाल, सुशील भोलेनाथ, वीना वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय, शकुंतला देवी, महिमा वार्ष्णेय, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, चारु गुप्ता, अशोक वार्ष्णेय, मेघा, हिना, शोभा, गुलशन कुमार, मुनीष बाबू, नम्रता गुप्ता, ऊषा, दुर्गेश्वरी, मोनिका, अदिति, विशाल, मुकेश वार्ष्णेय, बविता, शकुंतला आदि मौजूद रहे।

सुरेश वार्ष्णेय के स्वागत के दौरान मौजूद बोर्ड के सदस्य। ● अमृत विचार

मां नर्मदा की पदयात्रा करने वाले पदयात्री का स्वागत

चन्दौसी, अमृत विचार : ऑल इंडिया हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड संभल के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने पदयात्री सुरेश वार्ष्णेय का स्वागत किया। कहा कि सुरेश वार्ष्णेय ने मां नर्मदा की 4000 किलोमीटर पदयात्रा 99 दिनों में पूर्ण कर अभूतपूर्व कार्य किया है। इस दौरान आमोद वार्ष्णेय, आदित्य दुबे, डॉ. रमेश वार्ष्णेय, पिंकल वार्ष्णेय, तरुण कुमार नीरज, विपिन वार्ष्णेय, जय गोपाल वार्ष्णेय, प्रजीत लालू, प्रमोद वार्ष्णेय, आरडी शर्मा, सुशांत मित्तल, मनोज कुमार, पवन वार्ष्णेय, अर्चना वार्ष्णेय आदि रहे।

पालिका की टीम ने वसूले एक लाख 20 हजार रुपये

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष वसूली अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत नगर पालिका के बकायादारों से वसूली की गई। शुक्रवार को पहले दिन बकायेदारों से एक लाख 20 हजार रुपये वसूले गए। नगर पालिका परिषद का शहर में हाउस टैक्स व वाटर टैक्स का बकाया है। शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक ऋषभ कुमार के निर्देशन में लाठी बाजार, फड़याई बाजार, शिव सहाय मार्केट में विशेष अभियान चलाया गया। इसमें बकायेदारों से टीम ने एक लाख 20 हजार रुपये की वसूली की। बताया गया कि यह अभियान 31 मार्च तक चलाया जाएगा। इस दौरान आशीष कुमार, प्यारे लाल, नेकपाल, राजेश, मुकेश, छत्रपाल आदि टीम सदस्य मौजूद रहे।

यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा

कुढफतेहगढ़, अमृत विचार : गांव रतनपुर में शुक्रवार को बृहमदेव आश्रम पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शुक्रवार को पूर्ण आहुति दी गई। यज्ञाचार्य पंडित सोमदत्त महाराज ने यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान के पति रामप्रकाश यादव, सोहनलाल मिश्रा, रामनिवास मिश्रा, धनवीर सिंह, मुकेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, बाबा ज्ञान दास रिषभ, सोनू, दीपू ,अभिषेक, राजेश मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा।

अधिकारियों ने दिया जनहित में कार्य करने का आश्वासन

संभल अमृत विचार : जिला सीनियर बार एसोसिएशन के बार कक्ष में तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर से अधिवक्ताओं की परिचय वार्ता हुई। इसमें प्रभारी डीजीसी गजेंद्र चौधरी, माधव मिश्रा, आर्येंद्र रस्तोगी, अरविंद सिंह, मोहम्मद अरशद आदि ने विचार रखे। न्यायालय की समस्याओं पर तथ्यों के साथ तर्क रखे। अधिकारियों ने जनहित एवं न्याय हित में कार्य प्रणाली के तहत कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा के निर्देशन में हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष राकेश रस्तोगी ने तथा संचालन सचिव शाहिद हुसैन ने किया।

सिरसी बिजलीघर पर आज होगी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि

संभल अमृत विचार : सिरसी बिजलीघर पर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के चलते शनिवार को दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एक्सईएन नवीन गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि सिरसी बिजलीघर पर पहले से रखे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। उसके स्थान पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाना है। इस कार्य के चलते सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एक्सईएन ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की।

विज्ञान दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी

संभल, अमृत विचार : शेरवुड अकादमी में सांइस-डे पर विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने माता-पिता के सहयोग से बनाए मॉडल पेश किए। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की प्रतिभाओं की प्रशंसा की। मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद युनूस इस्लाम मैनेजिंग डायरेक्टर ने की जबकि संचालन प्रधानाचार्य छवि रस्तोगी ने किया। मुख्य अतिथि मैनेजर अर्शी खानम ने आभार प्रकट किया। इस दौरान सदफ, साकिबा, तूबा, सानिया इरशाद, अरीबा, सानिया, रेहनुमा, बरगिशा रस्तोगी, फरजन्द अली वारसी, नाजुक, नवाब उबई आदि मौजूद रहे।

तमंचा व चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने एक ही मोहल्ला को दो लोगों के अलग अलग जगहों से तमंचा व चाकू बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। मोहल्ला आलम सराय निवासी दानिश शुक्रवार को गांव गोविंदपुर तिराहे के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दानिश को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर शाहवेज को पुलिस ने चंदौसी मुरादाबाद बाईपास तिराहे से हिरासत में ले लिया। पुलिस को शाहवेज के पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर शाहवेज व दानिश का चालान कर दिया।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म-नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

संपादकीय

रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा, कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके, उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए, जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन एॅक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ, दोनों नजर आए हैं, जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं, जो व्यक्तियों, परिवारों, उत्पादकों, स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र, व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल, मार्केटिंग प्रोफेशनल्स, बैंक, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है, न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा, फिर कपड़ा, घर या झुग्गी, दूध, दवा, काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा, बिजली, पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है, प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं, परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं, अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती, भाव और जेब देखकर भी नहीं, बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं, लेकिन लोग भिंडी, शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है, जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है, क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते, बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर, कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग, सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी, सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला, आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी, प्याज, अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर, देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों, पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं, इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है, बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाईश नहीं होती। मसलन, फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है, क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी, ज्यादातर के पास लैपटॉप्स, कार, महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं, यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों, हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा, उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा, यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है, लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है, क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम, लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

प्रसंगवश

बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी, लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली' (लिकन का विषाद) में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं, 'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि, "सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं, किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका, दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं, किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे, क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं।

भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं, बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं, कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैं: निरंतरता, परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती, 'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं, अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी है: संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है, पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है, उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है (सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं, जो उदार चरित्र का है, उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं, जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था, 'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैं: जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है, जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले, वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध, विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए, वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था, 'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं, 'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं, 'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं, उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है, पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए, यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

सोशल फोरम

खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं, उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं, जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

हफीज किदवई
लेखक

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता, जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था, जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है, उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है, लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ, अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।

भाई, हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे, फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद, तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता, मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है, जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं, जहां हमारा आकार तो आ जाता है, मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध

डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा, शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है, उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय, योजना बनाते समय, उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों, शहरों, राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है, पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं, परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है, रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन, देख-रेख, शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

देह और आत्मा

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं, उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनामनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नजर

78 गर्भवती की जांच, छह में हाईरिस्क प्रेगनेंसी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 78 गर्भवतियों की जांच की गई, जिसमें छह हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली निकलीं। शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं की महिला चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। डॉ .साइन प्रवीन, डा .शिल्पी ने गर्भवती महिलाओं की जांच की। महिलाओं को सब यहां पर पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पाई गई महिलाओं को प्रोटीन युक्त भोजन के साथ- साथ आराम करने की सलाह दी गई। सुझाया गया कि कोई भी ऐसा भारी काम न करें जिससे परेशानी उठानी पड़े। सभी हरी सब्जियों और फलों का सेवन करें।

एसोसिएशन की बैठक में शिव भक्त सेवा की चर्चा

कांठ, अमृत विचार : शुक्रवार को कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक संगठन के कार्यालय पर की गई। जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कठिन परिस्थितियों का मुकाबला एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर किया जाएगा। शिवरात्रि पर कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है। शिव भक्तों की सेवा के तरीके संगठन के पदाधिकारियों को समझाया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता संरक्षक संजय यादव ने की। इस अवसर पर महासचिव ओंकार सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र विश्नोई, कोषाध्यक्ष पंकज भदौरिया, व्यवस्था प्रमुख नवदीप शर्मा, संगठन मंत्री शाकिर सैफी व सदस्य सत्यम वर्मा मौजूद रहे।

लवली बिलारी के संयोजक बने, खुशी

बिलारी, अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जिला पंचायत सदस्य विश्वास उर्फ लवली यादव को संभल लोकसभा की बिलारी विधान सभाक्षेत्र के संयोजक बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष है। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला हर्ष नगर निवासी विश्वास उर्फ लवली यादव को पार्टी की ओर से यह जिम्मेदारी दी गयी। इससे उनके शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी है। उन्होंने बताया पार्टी के लिए तन-मन-धन से सहयोग करूंगा।

ट्रैक्टर ने कोचिंग जा रहे छात्र को रौंदा, मौत

पुलिस की कार्रवाई से परिजन और ग्रामीण भड़के, सूरजननगर पुलिस चौकी के सामने लगाया जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा / सुरजननगर

- परिजनों ने उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में कराया था भर्ती
- चार घंटे तक जाम से कई किमी वाहनों की कतार लगी

परिजन और ग्रामीणों को समझाते एसडीएम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कोचिंग सेंटर जा रहे बाइक सवार छात्र को तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया। घटना के बाद चालक तेज गति से ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। इस दौरान भीड़ ने पीछा कर ट्रैक्टर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। घायल छात्र को परिजनों ने उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया लेकिन, गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

परिजन छात्र को उत्तराखंड के काशीपुर ले गए लेकिन, छात्र की रास्ते में मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी तो मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। नारेबाजी के बाद पुलिस टीम में हड़कंप मच गयी। शुक्रवार को चौकी क्षेत्र के गांव बल्लमगढ़ निवासी राहुल कुमार (22) पुत्र नारायण सिंह सुरजन नगर कोचिंग सेंटर पर नौकरी की तैयारी कर रहा था। सवेरे 11 बजे के आसपास वह बाइक से कोचिंग जा रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंद दिया। उपचार के लिए काशीपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूरज नगर चौकी क्षेत्र पर ट्रैक्टर ट्राली व गाड़ियां लगाकर सड़क जाम कर दिया। परिजन और ग्रामीण बिना पोस्टमार्टम शव लेने के लिए अड़ गए। सूचना पर डिप्टी एसपी राजेश तिवारी, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र कुमार चौहान, उप जिलाधिकारी अजय कुमार चौहान पुलिस बल दल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों और परिजनों का कहना था कि पुलिस ने जबरन शव पीएम को भेजा है। सूचना मिलने पर वीर सिंह सैनी भी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान चार घंटे तक जाम से दोनों कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। एसडीएम अजय कुमार मिश्र ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा देकर लोगों को शांन्त कराया। चार घंटे बाद जाम हटा। मृतक की मॉ.सावित्री देवी पिता नारायण सिंह भाई अंकित, बहन आरती व पुष्पा का रो-रो का बुरा हाल था। छात्र की मौत के बाद गांव मे चूल्हा तक नहीं जला।

युवक की आगरा में मौत, साथियों पर आरोप

संवाददाता, कुंदरकी

थाने पर तहरीर देते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नगर के युवक की आगरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। इस मामले में परिजनों का साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। शुक्रवार की सुबह युवक के परिजन भीड़ के साथ एंबुलेंस में शव को लेकर थाने पहुंचे। शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला आगरा क्षेत्र से संबंधित होने का हवाला देकर कोई कार्रवाई नहीं की।

फाइल फोटो तौफीक।

कफील पुत्र शौकीन निवासी मोहल्ला कायस्थान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके भाई तौफीक (33) को 27 फरवरी को घर से चार लोग ग्राम मोहम्मद जमापुर निवासी थाना कुंदरकी आलू भरने के लिए आगरा के एक कोल्ड स्टोर पर ले गए थे। उन्हीं से एक व्यक्ति का गुरुवार रात फोन आया कि उसके भाई तौफीक को चोट लग गई है। वह अस्पताल में है। बाद में बताया गया कि उसकी मौत हो गई है। उन लोगों द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। साथ के लोग ही एंबुलेंस से उसके भाई तौफीक शव आगरा से ले आए और ग्राम बनियाठेर से उसकी बॉडी को एंबुलेंस के जरिए कुंदरकी भेज दिया। वह लोग वहां से फरार हो गए। यह सारी बात उसको एंबुलेंस के ड्राइवर ने बताई। कहा है, मेरा आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने उसके भाई की हत्या की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घटनाक्रम आगरा का है और वहीं की पुलिस इस संबंध में कार्रवाई करेगी। फिलहाल दोनों तरफ से कुछ संभ्रांत लोग समझौता करने में जुटे हैं। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास जारी है। तौफीक छह भाइयों में सबसे बड़ा था।

भाभी से अवैध संबंध के विरोध पर पत्नी को घर से निकाला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भाभी से अवैध संबंध के विरोध पर पत्नी को तलाक देने की धमकी देते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। शुक्रवार को पीड़िता नौ माह के बच्चे को गोद में लेकर कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी।

नगर के वार्ड संख्या 18 की निवासी महिला ने तहरीर में कहा कि उसका पति शादी में मिले कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करता रहता है और साथ मारपीट करता है। अब तक वह लोक लाज की वजह से सब कुछ बर्दाश्त करती चली आ रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि मेरे पति का मेरी जेठानी से चक्कर है, इसका खुलासा उस समय हुआ जब हमने पति को जेठानी के साथ पकड़ लिया। पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। पति ने तलाक देने की धमकी देते हुए कहा कि मैं अपनी भाभी को पत्नी बनाकर रखूंगा। महिला ने पुलिस को तहसील देकर आरोपी पति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की ।

खाकेश्वर मंदिर का हैंडपम्प ठीक किया

ठाकुरद्वारा,अमृत विचार : बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर का हैंडपम्प खराब था। पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे ने पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी को शिकायती पत्र दिया। बताया कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व है। मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु आकर विश्राम करते हैं। श्रद्धालुओं को स्नान आदि की आवश्यकता पड़ती है। यहां पानी को अन्य कोई साधन नहीं है। पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर नगर पालिका की टीम ने हैंडपंप ठीक कर दिया है।

शिविर में परिसर की सफाई करतीं महाविद्यालय की छात्राएं ● अमृत विचार

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर के हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ प्राचार्य डॉ.राकेश रंजन ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को बताया कि हमें अपने खान-पान में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विचार गोष्ठी में कार्यक्रम की आगामी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शंकर सिंह द्वारा किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, रूम पाल सिंह ,नदीम अहमद, यूसुफ अब्दुल्ला, रोहित कुमार, निर्मला यादव, राजवीर सिंह, मनोज यादव, मोहित यादव, आदि का सहयोग रहा। शिविर में छात्रों में गौरी चौधरी, साधना गोस्वामी, यासमीन, अदीबा, नासिर, आयस, अपूर्वा गुप्ता, नेहा रानी, ज्योति ठाकुर, दीपिका भटनागर, अंजलि, वीणा, खुशबू , राजा, विपिन, विकास कुमार, संकेत सक्सेना, कुमकुम रानी आदि उपस्थित रही।

बिलारी में विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया गया

बिलारी, अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के अमरपुर काशी गांव में सेवा भारती के जिलाध्यक्ष पं.विनोद कुमार मिश्र ने गोष्ठी का आयोजन कर विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस की चर्चा की। कहा, देश के नागरिकों का अपना-अपना नैतिक कर्तव्य है। सभी में सुरक्षा की भावना होनी चाहिए। हमें किसी को छोटा या बड़ा अथवा कमजोर नहीं समझना चाहिए। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा सभी को पूरी सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

सभी को आत्म सम्मान के साथ निर्भीक एवं निडर होकर अपना-अपना जीवन यापन कर रहे हैं। हमें देश का बेहतर नागरिक होने का एवं एक दूसरे का आपसी भाईचारा पूर्वक सहयोग करने का पूरी नैतिकता होनी चाहिए। राकेश प्रजापति, ऋषिपाल यादव, ओंकार सिंह, दीपक कुमार विश्नोई, मेघराज सैनी, कुलदीप सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्राम नवादा में हजरत दादा मियां के उर्स के मौके पर आयोजित दंगल में पहलवानों से हाथ मिलवाते विधायक मोहम्मद फहीम इरफान। ● अमृत विचार

उर्स में तरक्की की मांगी दुआएं

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव नवादा में हजरत दादा मियां रहमतुल्लाह अलै के 31 वें सालाना उर्स में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने दरगाह पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी।

दंगल का उद्घाटन पहलवान अमरनाथ और पहलवान सोनू को हाथ मिलवा कर किया। पहली कुश्ती नेपाल के अमरनाथ और गोरखपुर के सोनू के बीच हुई, जिसमें अमरनाथ में कुश्ती जीती। दूसरा मुकाबला कलियर के चांद और नेपाल के साहिल थापा के बीच रहा, जिसमें साहिल थापा जीते। उर्स कमेटी की ओर से विधायक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सज्जादानशीन इस्लाम खान, प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, बाबू खान, इरशाद खान, बबलू खान, रिजवान खान, गुलाम मोहम्मद, जान मोहम्मद, सफात खान, नासिर खान, गौरव रावत, जीशान प्रधान, हनीफ डीलर, उत्तम, एहसान, यादव आदि मौजूद रहे।

गेटमैन का मोबाइल चुराया अज्ञात पर रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने रेलवे के गेटमैन की बाइक मोबाइल चुरा लिया और फरार हो गए। पुलिस ने गेटमैन की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासी अर्जुन कुमार पुत्र नन्हे सिंह रेलवे में गेटमैन हैं। वह बृहस्पतिवार को अपनी बाइक ग्राम रसूलपुर गुर्जर थाना कांठ क्षेत्र में नहर के किनारे खड़ी करके बाथरूम को चले गए। उन्होंने थाना कांठ पुलिस को घटना की जानकारी दी।

दो छात्रों को अज्ञात स्कूटी चालक टक्कर मारकर फरार

छजलैट, अमृत विचार : स्कूल से घर पैदल आ रहे छात्रों को अज्ञात स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्रों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। विजडम स्कूल फत्तेपुर विश्नोई के छात्र मयंक पुत्र संजय एवं अनस पुत्र मुकीम स्कूल से पैदल वापस लौट रहे थे। फत्तेपुर विश्नोई के समीप स्कूटी सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल होकर छात्र गिर पड़े। राहगीरों ने छात्रों के परिजनों को सूचना दी। अनस के मामा यूनुस खान ने पहले समीप ही एक निजी चिकित्सक से प्राथमिक चिकित्सा कराई। दोनों छात्रों की हालत नाजुक देखते हुए परिजन छात्रों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले गए, जहां छात्रों का उपचार चल रहा है। स्कूटी सवार दुर्घटना स्थल से भागने में सफल हो गया।

बैनर न कुर्सी- मेज, खड़े हैं खनन से भरे डंपर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

मंडी समिति में गेहूं खरीद केंद्र भवन के सामने खड़े पुलिस द्वारा पकड़े गए डंपर व ट्रक।

गेहूं खरीद

- आधी अधूरी तैयारी के साथ खरीद शुरू होने का दावा
- खरीद केंद्र पर पसारा सन्नाटा अभी खेतों में खड़ी है फसल

अमृत विचार : सरकारी गेहूं खरीद अभियान में रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में केंद्र भवन के सामने अवैध रूप से खनन के आरोप में पकड़े गए दो दर्जन से अधिक डंपर ट्रक ट्रैक्टर ट्रालियां मंडी समिति में खड़ी कर दी गईं हैं। स्थिति यह है कि वहां पर इतना स्थान भी नहीं बचा की कोई पैदल गेहूं खरीद केंद्र पर पहुंच सके। शासन के आदेश पर किसी तरह गेहूं खरीद केंद्र पर मात्र एक कागज का पंफ्लेट लगाकर गेहूं खरीद संचालन दर्शाया गया है जबकि, वहां पर न मेंज- कुर्सी तक नहीं है। शुक्रवार को स्टाफ तक नजर नहीं आया। इस स्थिति में कैसे की जाएगी गेहूं की खरीद। विभाग के दावे पर सवालिया निशान उठने लगे हैं ।

प्रदेश सरकार ने 1 मार्च से प्रदेश भर में सरकारी गेहूं खरीद केंद्र चालू कर गेहूं खरीद एजेंसियों को आदेश दिए हैं जबकि, अभी तक खरीद केंद्र चालू करने के ने बैनर लगे हैं और न हीं पोस्टर चिपकाए गयें हैं। रतुपूरा रोड स्थित मंडी समिति का नजारा ही कुछ और दिखाई दिया। खरीद केंद्र के स्थान के सामने दो दर्जन से अधिक डंपर खडे.हैं। चर्चा है कि एसी स्थिति में खरीद केंद्र पर स्टाफ का पहुंचना तो दूर किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर गेहूं खरीद केंद्र पर नहीं पहुंच सकते।

एसएमआई जगत नरायण सिंह ने बताया कि शासन द्वारा पहले 15 मार्च से गेहूं खरीद केंद्र चालू करने के निर्देश के आदेश मिले थे लेकिन, प्रदेश सरकार द्वारा 1 मार्च से गेहूं खरीद केंद्र संचालित करने के निर्देश पर उन्होंने कार्य शुरू कर दिया है। केंद्र के सामने ट्रकों को हटाने के लिए उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी से मिलकर सरकारी गेह खरीद केंद्र के सामने खड़े ट्रैकों को हटवाये जाने की मांग की है। ताकि खरीद केंद्र पर मेज कुर्सी वारदाना पहुंच सके।

एसएमआई ने बताया कि मंडी समिति में खाद्य रसद विभाग के दो व भारतीय खाद्य निगम का एक गेहूं खरीद केंद्र खोलने के आदेश मिले हैं। हमारे क्षेत्र में गेहूं की फसल अभी हरि और खड़ी है। होली के बाद ही खरीद केन्द्रों पर किसान गेहूं बेचने के लिए पहुंचेंगे। हालांकि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्र ने बताया कि निर्देशित किया गया है कि तत्काल गेहूं खरीद केंद्र के सामने खड़े ट्रैकों व वाहनों को हटाया जाए ताकि, वहां पर गेहूं केंद्र संचालित किया जा सके ।

सार-संक्षेप

विजेताओं को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह। ● अमृत विचार

नजीबाबाद ने जीता कांठ सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट

कांठ, अमृत विचार : कृष्णावती बैडमिंटन हॉल में आयोजित एक दिवसीय कांठ सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट नजीबाबाद की टीम के खिलाड़ी गुफरान और सफी ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जसपुर की टीम को हराकर अपने नाम कर लिया। नजीबाबाद और जसपुर की टीम फाइनल मैच में पहुंची। फाइनल मैच में नजीबाबाद के खिलाड़ी गुफरान और सफी ने जसपुर के खिलाड़ी अमन और सिराज को 23- 21, 11- 21, 21- 13 से पराजित कर कांठ सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। नजीबाबाद टीम के खिलाड़ी सफी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रेफरी की भूमिका नवदीप शर्मा एवं लकी ने निभाई। समापन में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह उप निरीक्षक सुभाष धनगर ने खिलाड़ियों को शील्ड देकरण सम्मानित किया। प्रबंध समिति द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक और उप निरीक्षक को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

प्रदूषण से बचाने को अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील

कांठ, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शुक्रवार को प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ .ओम प्रकाश गुप्ता ने जैव विविधता के तहत पौधे लगाये। कहा कि प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। कहा, हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद के लिए रोजाना बहुत सी छोटी- छोटी चीजें हैं, जैसे प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निजी परिवहन के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना, पर्यावरण- अनुकूल उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करना। उल्लेखनीय है कि शासन ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने एवं अन्य विकास कार्य करने के लिए चुना है। करीब 15 करोड़ की लागत से यहां विकास कार्य से शुरू हो जाएंगे। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह (वरिष्ठ प्रवक्ता), शीतल कुमार, प्रवक्ता, बीना रानी, आयुषी चन्द्रा, उपेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण करते एसडीएम और सीओ। ● अमृत विचार

एसडीएम व सीओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम व सीओ ने मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाएं देखीं। मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है, जिसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सचिन राजपूत, सीओ अंकित तिवारी ने स्थानीय एसडीएम इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी सलेमपुर, पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कला पहुंचकर मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं देखीं। जिन मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी ,खिड़की, विंडो ठीक नहीं मिलीं, वहां पर अधीनस्थों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सभी व्यवस्थाएं मतदान केन्द्रों पर दुरुस्त होनी चाहिए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रेलवे क्रॉसिंग पर गड्ढों से हादसों का खतरा अधिक

कांठ, अमृत विचार : सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। नगर के दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर सड़कों में गड्ढे से हादसों का अंदेशा है। गड्ढा के कारण इनमें ई-रिक्शा व अन्य वाहन फंस रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए थे, जिस पर विभाग ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए कार्य प्रारंभ भी कराया था लेकिन, गड्ढे भरने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। नगर में मुरादाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग 432-बी और कांठ अमरोहा मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग 433 :बी पर दोनों और सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। मुरादाबाद हरिद्वार मार्ग पर भी सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जल्द ही गड्ढे भरवाए जाने की मांग की है।

एक नजर

लोडर वाहन की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

कुंवरगांव, अमृत विचार : कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में लोडर वाहन और टेंपो की भिड़ंत हो गई। टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बाबट निवासी अंशु पुत्र उयदवीर टेंपो चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। शुक्रवार शाम लगभग छह बजे वह टेंपो लेकर वापस घर लौट रहे थे। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में गांव सिलहरी के पास बिसौली की ओर से तेज रफ्तार से आए लोडर वाहन ने उनके टेंपो को टक्कर मार दी। अंशु के सिर में चोट आई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मंडी को मुक्त रखने का मुद्दा पहुंचा आयोग

हापुड़, अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गर्ग (हाइड्रो वालों) के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा को मंडी परिसर अधिग्रहण करने के विरोध में ज्ञापन सौपा। यह ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा गया। इसमें जिलाधिकारी, जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिया। एडीएम ने फोन पर वार्ता कर जल्द ही बैठक में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

50 साल चला 1200 रुपये गबन का मामला, आरोपी कोर्ट से बरी

बिसौली के साधन सहकारी समिति का है मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बिसौली की साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर सचिव रहे पोशाकी लाल पर 1200 रुपये के गबन में लगभग 50 साल पहले रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम रिचा शर्मा ने मुकदमा का निस्तारण किया। साक्ष्य व संदेह के आधार पर तत्कालीन सचिव को दोषमुक्त कर दिया गया है। न्याय पाने के लिए सचिव को 50 साल की लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 1974 में बिसौली की साधन सहकारी समिति के एडीओ ने

▸▸ कोर्ट ने सुनाया फैसला सचिव पद पर तैनात रहे पोशाकी लाल को किया बरी

पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। कहा कि उन्होंने 22 जून 1973 को पूर्वी साधन सहकारी समिति लिमिटेड जाकर जांच की थी। उस दौरान कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी पोशाकी लाल समिति के सचिव थे।

समिति के राजस्व अंकन में 1200 रुपये कम मिले थे। जांच के दौरान बताया गया कि 1200 रुपये 22 जून 1973 को सहकारी बैंक की बिसौली शाखा में जमा कराए गए हैं लेकिन समिति के पास बैंक की रसीद या बाउचर नहीं था। बैंक जाकर जांच की तो पता लगा कि रुपये जमा नहीं कराए गए थे। जांच में पाया गया कि समिति के सचिव पोशाकी लाल ने समिति के 1200 रुपये का गबन कर लिया है।

कोतवाली बिसौली पुलिस ने विवेचना करने के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाई। जिसके बाद लगभग 50 साल से मामला कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। कोर्ट ने 14 गवाहों के बयान दर्ज किए। लंबी बहस चली। अभियोजन पक्ष मुकदमा साबित नहीं कर सका। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रचि शर्मा ने पोशाकी लाल को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

मंगलायतन विश्वविद्यालय का जेएमएस से हुआ करार

हापुड़, अमृत विचार : जेएमएस ग्रुप के निदेशक डॉ आयुष सिंघल, सचिव डॉ रोहन सिंघल एवं डायरेक्टर जनरल प्रो. सुभाष गौतम ने मंगलायतन यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के डीन प्रो. केपी सिंह के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने बताया कि जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के महानिदेशक प्रो. सुभाष गौतम एवं फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एन्ड टेक्नोलॉजी मंगलायतन यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के डीन ने संयुक्त रूप से जेएमएस ग्रुप एवं मंगलायतन यूनिवर्सिटी की शैक्षिणिक गतिविधियों सेमिनार, कांफ्रेंस, परीक्षा परिणाम, प्रवेश एवं प्लेसमेंट आदि प्रक्रियाओं का गहनता से विश्लेषण किया। मंगलायतन यूनिवर्सिटी अलीगढ़ व जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन हापुड़ का एमओयू (करार) को अंतिम रूप दिया।

चंदौसी होकर देहरादून के लिए मिलेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बरेली के लोगों को अब वाया चंदौसी होकर देहरादून के लिए जंक्शन से भी ट्रेन मिलेगी। रेल मंत्रालय ने टनकपुर से देहरादून के बीच ट्रेन चलाने को स्वीकृति दे दी है। टनकपुर से चलकर यह ट्रेन बरेली के रास्ते देहरादून को चलाई जाएगी। हालांकि, अभी ट्रेन चलाने की तिथि रेल प्रशासन की तरफ से जारी नहीं की गई है। शुक्रवार को रेलवे बोर्ड निदेशक (कोचिंग) द्वितीय संजय आर नीलम की ओर से जारी पत्र के मुताबिक टनकपुर से देहरादून के बीच चलने वाली नई ट्रेन को टनकपुर वाया बरेली-चंदौसी चलाया जाएगा।

यह ट्रेन टनकपुर से प्रत्येक शनिवार शाम 19:40 बजे रवाना होकर देहरादून अगले दिन सुबह 7:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में देहरादून से प्रत्येक रविवार को शाम 15:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4 बजे बजे टनकपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदौसी, मुरादाबाद, निजामाबाद, लक्सर और हरिद्वार स्टेशन पर रुकेगी। अफसरों के अनुसार ट्रेन का पूरा शेड्यूल और चलने की तिथि बाद में जारी की जाएगी। लालकुआं से अमृतसर के लिए चलेगी ट्रेन लालकुआं से अमृतसर के बीच अभी तक सप्ताह में एक ही ट्रेन का संचालन हो रहा था। अब रेल प्रशासन ने शुक्रवार को लालकुआं अमृतसर के बीच एक और ट्रेन चलाने का एलान कर दिया है। 15015 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस पांच मार्च से प्रत्येक मंगलवार को लालकुआं से 13.40 बजे अमृतसर के लिए रवाना होगी।

बीयर की पेटियों की कराई वीडियोग्राफी

हापुड़, अमृत विचार : डीएम के आदेश पर शुक्रवार को पिलखुआ स्थित बडवाइजर बांड अनुज्ञापन पर विनष्टीकरण के लिए गठित समिति के सदस्य जुटे। उप आबकारी आयुक्त, मेरठ प्रभार, मेरठ, एसडीएम धौलाना व जिला आबकारी अधिकारी हापुड़ की उपस्थिति में कुल 3684 बीयर की पेटियों का वीडियो ग्राफी कराई गई।

कार्यालय नगर पंचायत बबराला (सम्भल)

पत्रांक- 550/ न०पं०ब०/ ई-निविदा/2023-24 दिनांक- 01.03.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदार/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त द्वितीय किस्त (टाईड/अन्टाईन) मद की धनराशि से निम्न कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेन्डर प्रकिया की वेबसाइट- http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य विवरण निम्नवत है-

1	ऑनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि	दिनांक-01/03/2024 समय 11:00 बजे से
2	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय	दिनांक-01/03/2024 समय 11:00 बजे से
3	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	दिनांक-10/03/2024 समय सांय 4:00 बजे तक
4	फर्म/ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार जमा करने की तिथि व स्थान	दिनांक 11/03/2024 समय 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बबराला में
5	विभाग द्वारा निविदा खोलने की तिथि	दिनांक-11.03.2024 समय 2:00 बजे से

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

अध्यक्ष
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0674760 का प्रमाणपत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
कु० नसीम जहाँ D/o हनीफ अहमद ग्रा+पो० मछरिया मुरादाबाद।

खोया-पाया

मेरी पोस्ट बेसिक B S c नर्सिंग की प्रथम वर्ष 2020-21 अनुक्रमांक TNR2002054 अंकपत्र कहीं खो गया है। (तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी) काफी ढूंढ़ने के बाद भी कहीं नहीं मिला है। सौरभ कुमार सिंह पुत्र रामअवतार सिंह निवासी शहजादपुर धामपुर जिला बिजनौर।

खोया-पाया

मेरी स्नातक उपाधि वर्ष 2009 अनुक्रमांक 350262 व नामांकन सं० 0637499 वास्तव में कहीं खो गयी है।
राजेश कुमार S/o करन सिंह निवासी मिलक अमावती भोजपुर मुरादाबाद।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरी पुत्री लवी गलत संगत में पड़ गयी है। वह आये दिन गलत कार्य करती है। मैं अपनी पुत्री के गलत आचरण से तंग आकर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। मेरी पुत्री किसी से लेन देन अथवा गलत आचरण करती है तो वह अपने कुकृत्यों की स्वंय जिम्मेदार होगी। विनोद कुमार पुत्र मानसिंह निवासी- मौ. घोसीपुरा हाल निवासी पट्टीवाला कांठ तह. व थाना-कांठ, जिला मुरादाबाद।

प्रश्न पत्र हो रहे लीक : दिनेश

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार: स्वर्ग आश्रम रोड स्थित आरजी सुमंगलम फार्म हाऊस में शुक्रवार को कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें मेरठ लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी डॉ. संजीव शर्मा मौजूद रहे। मेरठ लोकसभा क्षेत्र प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। सभी कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें और चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने इस बार अपना पूरा मन केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का बना लिया हैं। देश में बढ़ती मंहगाई हो या महिला सुरक्षा का मुद्दा हो। पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में रोज कोई न कोई परीक्षा भर्ती का पेपर लीक हो रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी ने कहा कि अब वक्त आ गया है, हम सब एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की सरकार चुने। बैठक में मास्टर शहरयाब और मुहम्मद अय्यूब अली को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कोर्ट के आदेश के बाद ही मिलेगा कुर्की का सामान

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा कांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा अब्दुल मलिक पुलिस की गिरफ्त में है। मलिक के फरार होने की वजह से पुलिस ने विगत दिनों उसके घर का सामान कुर्क कर दिया था। सामान्य देखरेख पुलिस चौकी बनभूलपुरा में पड़ा हुआ है। मलिक को अगर अब सामान वापस चाहिए तो उसे कोर्ट का दरवाजा खटकाना होगा। बनभूलपुरा कांड के बाद से ही अब्दुल मलिक फरार हो गया था। पुलिस और नगर निगम की टीम ने बीती 16 जनवरी को लाइन नंबर आठ बनभूलपुरा स्थित उसके घर के सामान की कुर्की की थी। कार्रवाई के दौरान घर में अब्दुल मलिक का भांजा नफीस ही मिला। उसके अलावा घर में कोई नहीं था।

बनभूलपुरा हिंसा में शामिल पांच महिलाएं पुलिस की गिरफ्त में

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा में पुलिस ने उपद्रव में शामिल महिलाओं की पहली बार गिरफ्तारी की है। पुलिस ने पांच महिलाओं की गिरफ्तारी का खुलासा किया है। एसएसपी कैंप कार्यालय में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने गिरफ्तारियों का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार बनभूलपुरा हिंसा में शुरू से ही महिलाओं के शामिल होने के भी सबूत मिल रहे थे। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने महिलाओं से भी पूछताछ जारी रखी। इस बीच पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करती रही। शुक्रवार को पुलिस ने हिंसा में शामिल पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। इन महिलाओं को मुकदमा संख्या 23/24 में गिरफ्तार किया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांकः-881/न०पा०मि0/2023-24 दिनांकः- 01 मार्च 2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को 15वां वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि (02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क)/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 06 अदद कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ई-टेण्डर की साईट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

ई-निविदा समय सारणी (https://etender.up.nic.in पर)

1	वेबसाईड पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	दिनांक 02.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से
2	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 02.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से
3	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 22.03.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक
4	कार्यो के निविदा स्केन धरोहर, निविदा शुल्क एवं अन्य प्रपत्र की मूल प्रति कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 22.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक
5	ई-निविदा को खोलने की तिथि/समय	दिनांक 23.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

कार्यालय नगर पंचायत बबराला (सम्भल)

पत्रांक- 551/न0पं0ब0/2023-2024 दिनांक- 01.03.2024

अल्पकालीन निविदा प्रकाशन की सूचना

एतदद्वारा समस्त ठेकेदार/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष-2022-23 की 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत टाईड मद में प्राप्त द्वितीय किश्त की धनराशि से निमार्ण कार्य आदि कराने हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक-01//03/2024 से दिनांक-10/03/2024 को समय सांय 4:00 बजे तक नगर पंचायत बबराला सम्भल में की जायेंगी। सीलबन्द निविदा कार्यालय नगर पंचायत बबराला सम्भल में रखे निविदा बॉक्स में तददिनांक को समय सांयः 05:00 बजे तक डाली जा सकती है। 5 लाख से अधिक लागत की निविदा अपरजिलाधिकारी महोदय (वि०/रा०) सम्भल के समक्ष तथा शेष निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 11/03/2024 को समय 12:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा से सम्बन्धित शर्ते कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

क्र० सं०	प्रस्तावित कार्यों का विवरण	अनुमानित लागत (18 % जीएसटी रहित)	धरोहर राशि 10 प्रतिशत	निविदा मुल्य +जी. एस.टी. 18%	कार्य पूर्ण करने का समय
15वां वित्त आयोग टाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का विवरण :-					
1	एन०एच० 509 पर सेन्ट्रल बैंक के पास मुकेश गिरि की दुकान से जे०के० हॉस्पीटल तक नाला निर्माण कार्य।	588769.00	58876.00	694.00	1-माह
2	नगर पंचायत बबराला के वार्ड नं0-12 लेखपाल कॉलोनी में राजकुमार के मकान से रेलवे लाइन तक नाली निर्माण कार्य।	172430.00	17243.00	203.00	1-माह
3	नगर पंचायत बबराला में एन०एच० 509 पर कृष्णऔतार अग्रवाल लोहे वालों से नवलेश गुप्ता के प्लाट तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। (दीक्षित की पुलिया के पास)	122706.00	12270.00	144.00	1-माह
4	नगर पंचायत बबराला में एन०एच० 509 पर वार्ड संख्या-7 में रामा गौशाला के पास आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य।	309475.00	30947.00	365.00	1-माह
5	नगर पंचायत बबराला में वार्ड 5 में राजघाट रोड पर तेजराम धर्मकांटा से राजकुमार बाल्मीकि के घर तक नाला निर्माण कार्य।	86924.00	8692.00	103.00	1-माह
6	नगर पंचायत बबराला में वार्ड 5 राजघाट रोड पर जफर के मकान से मुंशी जी के मकान तक नाला निर्माण कार्य।	52081.00	5208.00	61.00	1-माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

अध्यक्ष
नगर पंचायत बबराला
जनपद-सम्भल

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी असमोली (सम्भल)

पत्रांक 4563 / आकिक / च०स०वि०/वि०नि०/निविदा/2023-24 दिनांकः- 29-02-2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से क्षेत्र पंचायत असमोली के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य, खण्ण विकास अधिकारी विकास खण्ड असमोली द्वारा अर्ह प्रतिष्ठित विकास खण्ड असमोली मे पंजीकृत ठेकेदारों से प्रकाशित दरों पर आधारित निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा दाता द्वारा एक या समस्त कार्यो हेतु निविदायें डाली जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्रक्कलित धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य अवधि	कार्यालय/ निविदा खोले जाने का पता
1	ग्राम रमपुरा में वीरसिंह के मकान से चामुण्डा तक इन्टलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य।	अनटाईड	966000	19320	800	03 माह	
2	ग्राम रमपुरा में हिमालय के मकान से सुरेन्द्र के मकान तक इन्टलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य।	अनटाईड	856000	17120	800	03 माह	
3	ग्राम रमपुरा में अनिल के मकान से पवन सिंह के मकान तक इन्टलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य।	अनटाईड	810000	16200	800	03 माह	
4	ग्राम रमपुरा में स्वप्रिल के मकान में वीरसिहं के मकान तक इन्टलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य।	अनटाईड	945000	18900	800	03 माह	
5	ग्राम पंचायत दबोई में सहादत के मकान से मुलचन्द के खेत तक खण्डजा निर्माण कार्य।	अनटाईड	921000	18420	800	03 माह	
6	ग्राम पंचायत सैदपुर जसकोली में बलवीर के मकान से सोमपाल के मकान तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त	992000	19840	800	03 माह	
7	ग्राम पंचायत असमोली में प्रा०विद्यालय से पुलिस थाने की ओर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त	975000	19500	800	03 माह	
8	ग्राम पंचायत मुबारकपुरबन्द में भूरा हाजी के मकान से अली हाजी के मकान तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त	943000	18860	800	03 माह	
9	ग्राम पंचायत अखबन्दपुर में राजाराम के मकान से नीलपन्त के मकान तकइन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य ।	राज्य वित्त	987000	19740	800	03 माह	
10	ग्राम पंचायत सैदपुर गंगू में मैंन रोड से प्राथमिक विधालय की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त	990000	19800	800	03 माह	
11	ग्राम पंचायत धन्सूरपुर मे प्रेमपाल के मकान से नहर की ओर आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य।	टाईड	993000	19860	800	03 माह	
12	ग्राम पंचायत सैदपुर गंगू में डा०आशकार के मकान से जितेन्द्र के खेत तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य।	टाईड	995000	19900	800	03 माह	
13	ग्राम पंचायत सैदपुर गंगू में बिटटू के खेत से नहर तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य।	टाईड	987000	19740	800	03 माह	
14	ग्राम पंचायत सतुपुरा में विपिन त्यागी के मकान से जिला पंचायत नाला की तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य।	टाईड	983000	19660	800	03 माह	
15	ग्राम पंचायत शहबाजपुर कलां में अडलेहदीस मस्जिद के पास वाटर कूलर निर्माण कार्य।	टाईड	326000	6520	800	03 माह	
16	ग्राम पंचायत मढन में खलील की दुकान के पास वाटर कूलर निर्माण कार्य ।	टाईड	326000	6520	800	03 माह	
17	ग्राम पचायत गुमसानी में शिव मन्दिर के पास वाटर कूलर निर्माण कार्य ।	टाईड	326000	6520	800	03 माह	

1-निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि 08.03.2024 एवं समय सांय 2:00 बजे तक है। निविदा दिनांक 08.01.2024 को सांय 3:00 बजे खोली जायेगी यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में उपरोक्त निर्धारित समय पर खोली जायेगी।
2- इच्छुक निविदादाता टेंडर खरीदने हेतु कॉलन संख्या 6 में अंकित कार्यालय से दिनांक 06.03.2024 से 07.03.2024 तक प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक कार्य दिदस से प्राप्त कर सकते हैं।
3- निविदा डालने हेतु निविदादाता को विकास खण्ड असमोली में पंजीकरण अनिवार्य है।
4- सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा एंव कोई निविदा सूचना बिना कारण बताए अस्वीकृत की जा सकती है।
5-निविदा जमा करने से पूर्व आपूर्तिकर्ताओं को 02 प्रतिशत धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट/राष्ट्रीय बचत पत्र के रुप में जमा करनी होगी।
6-आयकर, व्यापारकर एवं लेबर सेस नियमानुसार देय होगा। आपूर्तिकर्ता फर्म का आयकर एंव व्यापार कर मे पंजीकरण होना आवश्यक है।
7-कार्यादेश/अनुबन्ध प्रत्र धन की उपलब्धता के अनुसार देय होगा।
8-कार्य की लागत/अनुबन्ध पत्र धन की उपलब्धता के अनुसार देय होगा।
9-उक्त सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
10-कार्य की गुणवत्ता में यदि कोई कमी पायी जाती है, तो उसकी वसूली सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार से की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
असमोली (सम्भल)

पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

इंटर कॉलेज रिजौली अछनेरा फतेहपुर सीकरी की मान्यता निरस्त, मुख्य आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर अभी फरार

संवाददाता,आगरा/लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल

के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए एक पत्र में यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अतर सिंह इंटर कॉलेज रिजौली अछनेरा फतेहपुर सीकरी की मान्यता निरस्त कर दी है। इंटर कॉलेज को दोषी मानते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मान्यता समाप्त करने का निर्णय लिया है।

स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि किसी भी विद्यालय द्वारा प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग किये जाने का प्रयास किया जाएगा तो उस विद्यालय की मान्यता भी तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। बता दें कि बीते 29 फरवरी को यूपी बोर्ड की द्वितीय पाली की परीक्षा में अतर सिंह इण्टर कालेज, आगरा में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी अपराह्न 3 बज कर 11 मिनट पर 'ऑल प्रिन्सीपल्स आगरा' नाम के व्हाट्सएप ग्रुप पर इण्टरमीडिएट जीव विज्ञान एवं गणित का पेपर वायरल किया था।विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिस समय पेपर वायरल किया गया उस समय परीक्षा शुरू हुए 1 घण्टा 11 मिनट का समय व्यतीत हो चुका था।सभी परीक्षार्थी अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा दे रहे थे। इससे परीक्षा की शुचिता किसी स्तर पर प्रभावित नहीं हुई।

प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापक

यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था। ये सब कुछ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सेटिंग से होता है। बोर्ड परीक्षाओं में कालेज संचालक अपने सगे संबंधियों को परीक्षा केंद्र में शामिल कर लेते हैं। डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। जिसमें केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया था।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
>
> **–दिब्यकांत शुक्ला,** सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद

ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

लखनऊ,अमृत विचार : गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया था। पूछताछ को दौरान ईडी के अधिकारियों ने बैंक धोखाधड़ी को लेकर ढेर सारे सवाल किए। जवाब से संतुष्ट न होने पर उन्हें अगले सप्ताह फिर तलब किया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **परीक्षा का हाथ ले लिखा सम्बन्धित प्रश्न-पत्र आदि बरामद**

अमृत विचार: पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नहीं मिला।

काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं। वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। लेकिन मथुरा और काशी में मंदिर बनना बहुत जरूरी है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं, बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया।

लोटस 300 परियोजना में धोखाधड़ी, गबन के आरोपियों के खिलाफ ईडी जांच के आदेश

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- **कोर्ट ने प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा में लोटस 300 परियोजना के फ्लैट खरीदारों को धोखा देने के लिए मैसर्स हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड व मैसर्स थ्री सी यूनिवर्सल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना है। इन पर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रवर्तन निदेशालय को उन सभी निदेशकों/अधिकारियों तथा अन्य संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया है, जिनमें हैसिंडा प्रोजेक्ट्स ने गबन का पैसा लगाया है।

कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे बैंक ने हैसिंडा प्रोजेक्ट्स को 33 करोड़ रुपए का ऋण दे दिया? साथ ही कंपनी के खिलाफ दिवालिया याचिका दाखिल करने से पहले बैंक द्वारा निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी का उपयोग क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को एक विशेष रियायत दी थी। क्योंकि भूमि का आवंटन करते समय कोई अग्रिम राशि नहीं ली गई थी। अग्रिम राशि घर खरीदारों द्वारा जमा की गई बुकिंग राशि से भुगतान की जानी थी। तीनों निदेशकों ने 236 करोड़ रुपए और 636 करोड़ रुपए के कुल कोष में से 190 करोड़ रुपए का गबन करके सभी को धोखा देने की बड़ी साजिश के एक हिस्से के रूप में इस्तीफा दे दिया। देनदारी से बचने के लिए छोटे कर्मचारी को कंपनी का कठपुतली निदेशक बना दिया।

दरअसल, हेसिंडा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने स्टोर कीपर आनंद राम को निदेशक के रूप में नियुक्त कर दिया। यह धोखाधड़ी स्पष्ट रूप से बैंक और जनता के साथ-साथ राज्य के साथ की गई है। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया। क्योंकि चूक का अंदाज़ा होने के बावजूद 2014 से पट्टे को रद्द करने या डिफॉल्ट राशि की वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। नोएडा प्राधिकरण ने प्रमोटरों को कंपनी के सभी फंडों को हड़पने और कंपनी को पूरी तरह से दिवालिया स्थिति में छोड़ने के लिए पर्याप्त समय दिया। अंत में कोर्ट ने प्राधिकरण को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट/पार्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और एक महीने के भीतर फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय समझौते और पंजीकृत डीड को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पारित किया।

कदाचार के आरोपी कांस्टेबल की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांस्टेबल द्वारा सेवा से उसकी बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि कांस्टेबल होने के नाते याची अनुशासित बल का सदस्य है। याची ने पुलिस की वर्दी में हापुड़ बस स्टैंड पर नशे की हालत में खड़े होकर घोर कदाचार का उदाहरण दिया है। उसने अपने दुष्कृत्य से पुलिस विभाग की छवि धूमिल की है। ऐसे अनुशासनहीन व्यवहार पर उसकी सेवा से बर्खास्तगी न्यायोचित है। अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश भी कानून के अनुसार हैं, जिसमें हस्तक्षेप का कोई प्रश्न नहीं उठता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने नूर अहमद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें याची ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आईजी और डीआईजी,मेरठ द्वारा पारित आदेशों को चुनौती दी थी।

तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापे में मिली करोड़ों की कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **दिल्ली स्थित आवास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त**

अमृत विचार : तंबाकू बनाने वाली फर्म वंशीधर श्रीराम के ठिकानों पर शुक्रवार को भी आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर (टैक्स) चोरी पकड़ी साथ ही मौके पर करोड़ों रुपये की कीमत की लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं। जांच टीम यह देख रही है कि ये गाड़ियां किनके नाम हैं और फर्म ने जो रिटर्न भरा था उसमें इनका जिक्र किया गया है या नहीं।

कर चोरी के शक पर ही आयकर विभाग की दो दर्जन से अधिक टीमों ने गुरुवार को फर्म के दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, समेत विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। कानपुर में नयागंज में बने कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही दिल्ली और अहमदाबाद में जांच के लिए छापेमारी की।

कानपुर में छापेमारी तो बंद हो गई है लेकिन दिल्ली व अन्य जगहों पर टीम अभिलेखों की जांच कर रही है। फर्म के मालिक पहले कानपुर के आर्यनगर में रहते थे पांच साल पहले वह दिल्ली चले गए थे। कारोबार को भी अहमदाबाद शिफ्ट कर लिया था। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फर्म का टर्नओवर सौ करोड़ से अधिक का है लेकिन कंपनी आयकर विवरणी में कम टर्न ओवर दिखा रही है। विभाग ने दिल्ली स्थित ठिकाने से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त किया है।

लैपटॉप व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किया है। कंपनी के पास से मैकलेरन, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। कंपनी ने रियल एस्टेट में भी निवेश कर रखा है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियां होने का शक भी आयकर विभाग के अधिकारियों को है।

रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल

संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर इसके वायरल होते ही लोग इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। परिक्रमा कर रहे पक्षी को लोग गरुड़ बता वायरल कर रहे हैं।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद कई ऐसे दृश्य सामने आ रहे हैं, जिसे देख लोग आश्चर्य मानने के साथ ही उसे वायरल भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हनुमान जी के स्वरूप माने जाने वाले बंदर के रामलला के दर्शन का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खुद वायरल किया था। अब इस पक्षी के वीडियो ने तहलका मचा दिया है। वीडियो में परिक्रमा के बाद पक्षी रामलला के मुकुट पर जाकर बैठता भी दिखाई दे रहा है। रामलला के सहायक पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि यह पक्षी स्वतः गर्भगृह में आ गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने इसे बाहर करने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में रात्रि शयन-आरती के बाद पक्षी स्वतः गर्भगृह से निकल गया। उनका कहना है कि यह वीडियो छह से सात दिन पुराना है। तमाम लोगों ने इसके वीडियो बना लिए थे।

वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

ऐसा होता है गरुड़ पक्षी

गरुड़ चील और बाज से बड़ा होता है, लेकिन ये गिद्ध से आकार में थोड़ा छोटा है पर इसकी चोंच चील से बड़ी होती है। यह पक्षी दिखने में बाज या चील की तरह ही दिखता है। बाज को संस्कृत भाषा में श्येन कहते हैं और गरुड़ को महाश्येन।

मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का 'तोहफा' बताया जा रहा है। केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। बसपा ने इंडिया गठबंधन में शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।

मदरसा बोर्ड के मूल्यांकन केन्द्रों पर छिड़ी रार, भ्रष्टाचार की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- **बोर्ड रजिस्ट्रार बोलीं- सब ठीक मुझे है विशेषाधिकार**

अमृत विचार : उप्र मदरसा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र को लेकर रार छिड़ गई है। बोर्ड सदस्यों का आरोप है कि सब कुछ गुपचुप तरीके से हुआ है। मूल्यांकन केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार की आशंका है। उधर, बोर्ड रजिस्ट्रार आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए कहती हैं कि उनके पास विशेषाधिकार है। मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण अब तक गोपनीय तरीके से ही होता आया है।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए एक लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों ने आवेदन किये थे। इसमें एक लाख 15 हजार से अधिक ने मुंशी, मौलवी, आलिम, फाजिल और कामिल की परीक्षाएं दीं। कई अभ्यर्थियों ने एकल परीक्षा भी दी। उत्तर पुस्तिकाओं के समायोजन के बाद बोर्ड ने 30 मूल्यांकन केन्द्रों का चयन किया है। चयन प्रक्रिया पर परीक्षा समिति के सदस्य ने आपत्ति की है। बोर्ड सदस्य कमर अली का कहना है कि परीक्षा समिति में अध्यक्ष के अलावा सदस्य भी हैं। नियम है कि मूल्यांकन केन्द्रों के आवंटन से पहले समिति द्वारा एक बैठक करके प्रस्ताव पारित कराया जाता है। इस बार सबकुछ गुपचुप तरीके से हुआ है, भ्रष्टाचार की आशंका है।

> मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण की प्रक्रिया गोपनीय तरीके से होती है। विभागीय विशेषाधिकार भी हैं। केन्द्रों का निर्धारण पारदर्शिता से किया गया है
>
> **– प्रियंका अवस्थी,** रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

अभी भी जारी है मदरसों की जांच : अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने मदरसों से जुड़े संचालक, शिक्षण सहित अन्य मामलों को लेकर जांच के निर्देश दिये थे। हालांकि, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने इसका विरोध किया था, लेकिन जांच का क्रम जारी रहा।

वर्ग पहेली-359

बाएं से दाएं

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।

5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।

6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।

7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।

8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर,जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

ऊपर से नीचे

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।

2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।

3. धनुष।

4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है

6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



वर्ग पहेली - 358 का हल

1 ध	ग	ड़ी		2 गों
रा			3 ज़ो	द
लुं		4 फ़ॉ	र	मू	ला
ठि			दा	
त		5 अ	र	का	न
		ज़ा		
6 लं	घ	न	ट	

सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1	7					2	
	3	6			5	8		
9			7		2			6
		4						
	5	1				7	9	
			1			2		8
5			3		7			1
		8				6	5	
	6					3	4	

सुडोकू - 75 का हल

2	7	1	8	6	9	4	5	3
4	8	9	2	5	3	7	1	6
5	6	3	4	1	7	9	8	2
9	2	6	5	3	4	1	7	8
7	5	4	1	8	2	6	3	9
1	3	8	9	7	6	2	4	5
6	9	7	3	4	8	5	2	1
3	1	2	7	9	5	8	6	4
8	4	5	6	2	1	3	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

वृष — आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

मिथुन — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

कर्क — आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

सिंह — आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

कन्या — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

तुला — आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

वृश्चिक — आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

धनु — आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

मकर — आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

कुंभ — आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

मीन — आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 09 .26
- अनाड़ी — शाम : 04 .29

SONY MAX
- झुंड — सुबह : 11 .34
- डायल 100 — रात : 07 .55

SONY PIX
- सीजे 7 — सुबह : 10 .33
- इट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- करन अर्जुन — दोपहर : 01 .30
- ए टेबल फार टू — रात : 10 .00

colors CINEPLEX
- जुगजुग जियो — सुबह : 09 .37
- हैलो ब्रदर — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,745 .35	22,338 .75
बढ़त	1,245 .05	355 .95
प्रतिशत में	1.72	1.62

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 2 मार्च 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

5,000 किसान उत्पादक संगठन ओएनडीसी पोर्टल पर हुए शामिल

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि ऑनलाइन उत्पादों की बिक्री के लिए 8,000 पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) में लगभग 5,000 को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पोर्टल पर शामिल किया गया है। वर्ष 2020 में 6,865 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ शुरू की गई एक केंद्रीय योजना के तहत लगभग 8,000 एफपीओ पंजीकृत किए गए हैं।

मारुति की थोक बिक्री में हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15% अधिक है। कंपनी ने कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,72,321 इकाइयों की बिक्री की थी। आलोच्य अवधि में मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री 9% बढ़कर 1,60,271 इकाई हो गई।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा-मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

अडाणी समूह मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

उज्जैन। अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किए जाएंगे।

यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,200
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,300
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,150
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,000।

जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

चीनी मिलों के लिए ऋण पुनर्गठन, एकमुश्त निपटान की पेशकश

नई दिल्ली। चीनी मिलों को राहत देने के लिए, सरकार चीनी विकास निधि (एसडीएफ) के तहत लिए गए ऋणों के लिए संशोधित दिशानिर्देश लेकर आई है। इसके तहत कारखानों को ऋण पुनर्गठन का विकल्प और एकमुश्त निपटान का विकल्प दिया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी तक, चीनी मिलों पर विभिन्न योजनाओं के तहत 3,730.15 करोड़ रुपये का ऋण बकाया है। इसमें दंडात्मक ब्याज लगभग 939.87 करोड़ रुपये है। खाद्य मंत्रालय ने 28 फरवरी को एसडीएफ ऋणों के पुनर्गठन के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं।

परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

मुंबई। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे

बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा-मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रेन बम विस्फोट मामला

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट नहीं मांगें

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है।

निर्वाचन आयोग की हिदायत

रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे

प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में

एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

मैक्सिको ओपन

सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप

अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

काठमांडू, एजेंसी। अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता

टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी। आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।

ग्रेस के अर्धशतक से यूपी ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

गुजरात को 142 रन पर रोका, 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पाया लक्ष्य

बेंगलुरु, एजेंसी

60	रन*	9	चौके
33	गेंद	2	छक्के

सोफी एकलेस्टन (20 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी से यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से मात दी। यूपी ने गुजरात को 5 विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में 4 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया।

यूपी की यह दूसरी जीत और गुजरात की यह तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने 9 चौके और 2 छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (नाबाद 17) के साथ 53 रन की साझेदारी की। उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू (17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 7 चौके की मदद से 33 रन बनाए। गुजरात के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी से गुजरात 140 रन को पार करने में सफल रहा। लिचफील्ड ने 26 गेंद में 4 चौके और 1 छक्का लगाया। गार्डनर ने 17 गेंद में इतने ही चौके और छक्का जड़ा। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन यूपी ने कसी हुई गेंदबाजी कर रन बनाने का मौका नहीं दिया। यूपी के लिए सोफी एकलेस्टन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड को 1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 4 चौके जड़े। पांचवें ओवर में तनुजा ने किरण नवगिरे की 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके से खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलाई। हैरिस ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ दबाव कम किया। उन्होंने मन्नत कश्यप के ओवर में 2 चौके और छक्का जड़ा। तनुजा ने अटापट्टू से 2 चौका खाने के बाद इस बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर छक्का जड़ा। दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाए। हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके जड़ 30 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

गुजरात जायंट्स : 142/5, लॉरा वुलफार्ट 28, बेथ मूनी 16, हरलीन देओल 18, फीबी लिचफील्ड 35, एश्ली गार्डनर 20। **विकेट :** राजेश्वरी गायकवाड़ 1, सोफी एकल्सटन 3।

यूपी वॉरियर्स : 143/4, अलिसा हीली 33, किरण नवगिरे 12, चमारी अटापट्टू 17, ग्रेस हैरिस नाबाद 60, दीप्ति शर्मा नाबाद 17। **विकेट :** मेघना सिंह 1, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 2।

न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

वेलिंगटन,एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला

पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

मुंबई-तमिलनाडु रणजी सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।



पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



मुंबई, एजेंसी। प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्डा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।

पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्डा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

- यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।

14 प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

28 कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति

राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87.12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

एक नजर

सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

मॉस्को। रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।

दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

दुबई। यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

अमेरिका: फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

वाशिंगटन। अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।

ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

श्रीनगर। पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाने की पुलिस ने बुलाया और रैनावाड़ी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा किया गया था।

नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।

इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

पेशावर। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



जामनगर : मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, उनके अलावा, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

- रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव

गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

टोरंटो। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।

मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।

अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

- लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का

उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

विज्ञान एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं

इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।

भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश। क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

- हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम

18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।